वर्ष- 12 अंक - 77
लखनऊ, सोमवार 04 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





यह चुनाव 2027 का सेमीफाइनल, कार्यकर्ता खिलाएंगे जीत का कमल : केशव मौर्य 03

भारत 'विश्व गुरु' बनने की राह पर अग्रसर : सोनोवाल 12


### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चतरा में विजय संकल्प सभा को संबोधित करते कहा

# हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकेगी जनता

▸ रोटी, बेटी व माटी की रक्षा नहीं कर पाएंगे हेमंत सोरेन : शाह

एजेंसी




**चतरा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को झारखंड के चतरा जिले के सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय में विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस झारखंड सरकार को बदल दीजिए। हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ कर फेंक दीजिए।

शाह ने कहा कि हेमंत सोरेन गरीबों की बात करते हैं। मैं पूछने आया हूं कि पांच साल में अपने परिवार के अलावा किसी का भला किया हो तो उसकी सूची लाइए। नरेन्द्र मोदी ने बिजली दी, पानी दी, पांच लाख तक मुफ्त में इलाज कराया। हेमंत बाबू आपने कुछ किया है तो मुझे जरूर बताइए। कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ मिला था। मंत्री आलमगीर के घर से 30 करोड़ मिला। ये पैसा किसका है। ये पैसा आपका है। आप चिंता मत करो। कमल फूल की सरकार बनाओ उनको जेल की सलाओं के पीछे डालने का काम भाजपा करेगी।

शाह ने कहा कि आपने मोदी को तीसरी बार पीएम बनने का मौका दिया। राम मंदिर का राहुल गांधी, लालू यादव, हेमंत सोरेन विरोध करते रह गये। मोदी ने मंदिर बनवा भी दिया और प्राण प्रतिष्ठा भी करवा दिया। इन लोगों ने आजतक कश्मीर के मसलों को उलझाकर रखा। मोदी ने 2019 को धारा 370 को हटाकर कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बना दिया। झारखंड में घुसपैठिए हमारी बेटियों को फंसा रहे हैं। रोटी, बेटी और माटी की रक्षा हेमंत सोरेन नहीं कर पाएंगे। झारखंड को घुसपैठियों से केवल भाजपा बचा सकती है। हम एक-एक घुसपैठियों को चुन चुनकर बाहर निकालेंगे। आप एक बार कमल फूल पर और हेलीकॉप्टर पर वोट देकर देखो। शाह ने कहा कि यहां पर नक्सलवाद का बोलबाला था। पांच साल में हमनें नक्सलवाद को उखाड़कर फेंक दिया। आपलोग बालू माफिया से परेशान है या नहीं है। आप कमल को जिताओ, बालू माफिया जेल की सलाखों के पीछे होंगे। हेमंत सोरेन की सरकार दलित विरोधी है। पिछड़ा विरोधी है। कांग्रेस भी दलित, आदिवासी विरोधी है। झारखंड में भाजपा की सरकार आने पर दलहन में एमएसपी, धान 3100 रुपये के दाम पर भाजपा खरीदेगी। झारखंड की माटी बेटी और रोटी की हर हाल में भाजपा सरकार रक्षा करेगी। उन्होंने चतरा से एनडीए प्रत्याशी जनार्दन पासवान और सिमरिया से भाजपा प्रत्याशी कुमार उज्जवल को जिताने की अपील की। गृह मंत्री ने नक्सलवाद को भी झारखंड की बड़ी समस्या बताया और कहा कि वर्ष 2026 तक नक्सलवाद को झारखंड ही नहीं पूरे देश में जड़ से खत्म कर दिया जाएगा।

#### कौशल विकास के हब के रूप में विकसित होगा झारखंड

भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में घोषणा की है कि वे खाली पड़े सभी 2 लाख 87 हजार खाली पदों को भरेंगे। साथ ही 5 लाख स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।पार्टी का यह भी वादा किया है कि 2 साल तक हर युवाओं को प्रति माह 2-2 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देंगे। भाजपा ने यह भी वादा किया है कि बीएड, नर्सिंग और अन्य पाठ्यक्रमों की सरकारी संस्थानों में मुफ्त शिक्षा मिलेगी। साथ ही साथ निजी संस्थानों में ट्यूसन फी माफ होगी। फूलो झानो पढ़ो बीटिया योजना के तहत गरीब और पिछड़े वर्ग की बेटियों को केजी से पीजी तक की मुफ्त शिक्षा देंगे। झारखंड को कौशल विकास के हब के रूप में विकसित करेंगे। इसके तहत 5 लाख युवाओं को ट्रेनिंग और 1 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।सभी सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण व्यवस्था यथावत रखा जाएगा और ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण बरकरार रहेगा।

### अनियंत्रित स्कॉर्पियो तालाब में पलटी, आठ की मौत

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के बुढा बगीचा मुख्य मार्ग पर राजपुर में शनिवार देर रात एक तेज रफ़्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब (डबरी) में पलट गई, जिससे स्कॉर्पियो में सवार आठ लोगों की मौत हो गई। इनमें से सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि चालक ने रविवार को दमतोड़ दिया। मृतकों में एक ही परिवार के तीन लोग शामिल हैं। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। हादसे की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस के अनुसार स्कार्पियो सवार लोग कुसमी क्षेत्र के लरिमा से सूरजपुर जाने के लिए निकले थे। तभी बीती रात करीब 8.30 बजे बुढा बगीचा मुख्य मार्ग पर राजपुर में स्कार्पियो अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर किनारे स्थित तालाब (डबरी) में पलट गई। बताया गया कि तालाब झाड़ियों से घिरा हुआ था। उसमें लगभग 10 फीट पानी था। हादसे के बाद स्कॉर्पियो के सभी दरवाजे लॉक हो गए, केवल चालक की तरफ का शीशा खुला था।

## श्रीनगर के व्यस्त बाजार में आतंकियों ने ग्रेनेड से किया हमला, 12 घायल

एजेंसी



**श्रीनगर।** श्रीनगर में रविवार को पर्यटन स्वागत केंद्र (टीआरसी) के पास आतंकियों के ग्रेनेड़ हमले में 12 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को एसएमएचएस अस्पताल पहुंचाया गया। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस घटना को परेशान करने वाला बताया। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता।

घटना के संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में साप्ताहिक रविवार बाजार के लिए खरीदारों की भारी भीड़ थी। उसी समय आतंकियों ने टीआरसी के पास एक व्यस्त बाजार में लोगों को निशाना बनाकर एक ग्रेनेड फेंका, जिसमें 12 लोग घायल हुए हैं।उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर सुरक्षाबल भेज दिए गए हैं और इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। इस ग्रेनेड हमले में घायलों की पहचान मिस्बा 17 वर्ष, बेटी मोहम्मद अमीन तांत्री निवासी नौगाम, अज़ान कालू वर्ष पुत्र जावेद अहमद कालू निवासी नूरबागय हबीबुल्लाह, राथर वर्ष पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी बांदीपोरा, अल्ताफ अहमद सीर वर्ष पुत्र अब्दुल रशीद निवासी अमशीपोरा शोपियांय, फैजल अहमद वर्ष पुत्र फैयाज अहमद बेग निवासी खनियारय, उमर फारूक पुत्र फारूक अहमद भट निवासी पट्टन, फैजान मुश्ताक वर्ष पुत्र मुश्ताक अहमद सोफी निवासी पंपोर, जाहिद वर्ष पुत्र गुलज़ार अहमद वानी निवासी चेकपोरा कलां नौगामय, गुलाम मुहम्मद सोफ़ी वर्ष पुत्र गुलाम अहमद निवासी छत्ताबलय और सुमैया जान वर्ष पत्नी जुबैर अहमद लोन निवासी नायदकादल सुंबल के रूप में हुई है। इन सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### संक्षिप्त समाचार

**राहुल व प्रियंका ने मानंतवाड़ी वायनाड में किया जनसंवाद**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज यानी रविवार को केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र में अपनी बहन तथा पार्टी उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार गांधी तीन नवंबर को वायनाड के मानंतवाड़ी के गांधी पार्क में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ पार्टी उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रही। कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, जब वह (राहुल गांधी) कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4,000 किलोमीटर पैदल चलकर अपनी भारत जोड़ो यात्रा पर निकले थे, मुझे याद है कि वह दर्द में थे, उनके घुटने में दर्द हो रहा था, और मुझे याद है कि मैंने उनसे पूछा था कि वह यह कैसे करेंगे। लेकिन उन्होंने यह किया क्योंकि उनके दिल में आपका प्यार और आपकी हिम्मत थी।

**सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को किया गिरफ्तार**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने 2 सक्रिय आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस ने रविवार को जानकारी दी। पुलिस ने एक्स पर कहा, जम्मू कश्मीर पुलिस, 55 आरआर (राष्ट्रीय राइफल्स) और 182 बटालियन (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) ने शनिवार को डेंजरपोरा में हिजबुल मुजाहिदीन के एक सक्रिय सदस्य सज्जाद अहमद डार को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर एक पिस्तौल, 12 राउंड और 2 हथगोले बरामद किए गए। 29 अक्टूबर को दानिश बशीर अहंगर नाम के एक अन्य आतंकवादी को भी गिरफ्तार किया गया था।

## सीएम योगी को जान से मारने की धमकी देने वाली महिला को मुंबई पुलिस ने किया गिरफ्तार

एजेंसी



**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने वाली महिला को एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की टीम ने ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में से हिरासत में लिया है। एटीएस की टीम और मुंबई पुलिस महिला से गहन छानबीन कर रही है।

पुलिस के अनुसार योगी आदित्यनाथ को धमकी देने वाली महिला फातिमा खान (24) के पास सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री है, लेकिन वह मानसिक रूप से अस्थिर है। फिर भी महिला से पूछताछ की जा रही है और धमकी देने के कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है। दरअसल, मुंबई पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल रुम को शनिवार शाम को एक धमकी भरा संदेश मिला, जिसमें कहा गया था कि अगर योगी आदित्यनाथ 10 दिनों के भीतर इस्तीफा नहीं देते हैं, तो उन्हें महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की तरह उन्हें भी मार दिया जाएगा। इसके बाद मुंबई पुलिस ने आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) को सतर्क कर दिया। साथ ही इस धमकी की जानकारी उत्तर प्रदेश पुलिस को दी गई। इसके बाद एटीएस ने धमकी देने वाली महिला का पता लगाया और उसे उल्हासनगर से हिरासत में ले लिया। इसके बाद महिला को मुंबई लाकर उससे पूछताछ की जा रही है। एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने पुष्टि की कि उसे अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। वह पुलिस के सवालों का जिस तरह से जवाब दे रही है, उससे लगता है उसकी मानसिक स्थिति सही नहीं है। इसलिए महिला की मनोवैज्ञानिक स्थिति का आकलन करने के लिए उसके मानसिक स्वास्थ्य की जांच करने की योजना बनाई है।


### राष्ट्र रत्न सम्मान से सम्मानित हुए क्रिकेटर कुलदीप यादव

**कानपुर।** क्रिकेट की दुनिया में कानपुर के खिलाड़ी कुलदीप यादव ने नाम रोशन किया है। हाल ही में उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के लिए सवा 13 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। रविवार को कानपुर आने पर कुलदीप को राष्ट्र रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कानपुर के सुपर स्टार हीरो व चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को अगले साल आईपीएल-2025 में दिल्ली कैपिटल्स ने 13.25 करोड़ रुपये में अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स के साथ जोड़े रखा है। कुलदीप की इस उपलब्धि पर शहर भर में खुशी की लहर है। इस बाबत कुलदीप यादव के कोच कपिल पांडे ने कहा कि कुलदीप यादव ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

## राजधानी में अब रोबोट करेगा बिना धूल उड़ाए सफाई

**नगर निगम में 10 रोबोट आ जाने पर सभी आठों जोनों में होगा आवंटित**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** जी हां अब सड़क की सफाई के दौरान धूल बिल्कुल नहीं उड़ेगी। नगर निगम अपनी सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए इसी महीने अपने बेड़े में 10 रोबोट को शामिल करने जा रहा है। इस मशीन रूपी छोटे वाहन के जरिए कहीं से भी आसानी से बिना धूल उड़े कचरा उठाया जा सकेगा। आवश्यकता पड़ने पर नालों की सफाई में इसका प्रयोग किया जा सकेगा।

नगर निगम में 10 रोबोट आ जाने पर सभी आठों जोनों को एक-एक आवंटित कर दिया जाएगा। दो को रिजर्व में रखा जाएगा। रोबोट के आने से तंग रास्ते वाले खाली प्लाटों में, सड़क किनारे और गलियों में पड़े कूड़ों को उठाने में आसानी होगी। छोटे आकार के कारण रोबोट ऐसी जगहों पर आसानी से आ-जा सकेगा। इनके जरिए कूड़ा उठाने के दौरान धूल भी नहीं के बराबर उड़ती है, जिससे आसपास के लोगों को परेशानी नहीं होगी। अब तक तंग रास्ते वाले प्लाटों से कूड़े को उठाने के लिए बड़े वाहनों का प्रयोग किया जाता था। ऐसे वाहनों को ले जाना और लाना आसान नहीं होता था, जिसके कारण कूड़ा कई-कई दिन पड़ा रहने से आसपास के लोगों को परेशानी होती थी।

**नालों की सफाई में भी हो सकता है रोबोट का प्रयोग**

रोबोट का प्रयोग नालों की सफाई में भी किया जा सकता है। छोटे से भी रास्ते से यह प्रवेश कर आसानी से नालों का कचड़ा उठा कर ला सकता है। सड़कों की सफाई में यह काम आ सकता है। नगर निगम कार्यकारिणी की 22 अक्तूबर को हुई बैठक में हालांकि 20 रोबोट खरीदने पर सहमित बनी थी, लेकिन कुछ कारणों से इसकी संख्या अब 10 कर दी गई है। निगम आवश्यकता पड़ने पर और रोबोट खरीदे जा सकते हैं। नगर निगम में सफाई के लिए जिन रोबोटों को मंगाया जा रहा है, वह दिखने में एक छोटी जेसीबी मशीन जैसी होगी। कचरा उठाने के लिए इसमें आगे पैनल लगा होगा, जो कि आसानी से जमीन पर पड़े कचरे के ढेर को उठा सकेगा। छोटे टायरों और छोटे आकार का होने के कारण यह कहीं भी आसानी से आ-जा सकेगा। जहां तंग रास्ते हैं, वहां इनका प्रयोग काफी कारगर होगा।

> नगर निगम में अभी 10 रोबोट लिए जा रहे हैं। इनके आने से सफाई व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। ऐसे में खाली प्लाट, सड़कों और गलियों में पड़े कूड़े को उठाने में आसानी होगी।
> पंकज श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त

## समाज के लिए घातक है 'बंटेगे तो कटेंगे का नारा'

▸ शिवपाल यादव ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

समृद्धि न्यूज



**कानपुर।** सपा का गढ़ कही जाने वाली सीसामऊ विधानसभा सीट को उपचुनाव में फिर जीत के लिए समाजवादी पार्टी ने पूरी ताकत लगा दी है। संगठन में मजबूत पकड़ रखने वाले पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव रविवार को कानपुर पहुंचे और कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

उन्होंने कहा कि सीसामऊ में फिर समाजवादियों की ही जीत होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे बंटेंगे तो कटेंगे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह नारा समाज के लिए घातक है और सपा इसका विरोध करती है। सपा महासचिव शिवपाल यादव ने पार्टी उम्मीदवार नसीम सोलंकी के सीसामऊ क्षेत्र स्थित पीपीएन मार्केट में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके बाद लोगों को संबोधित भी किया। श

उन्होंने कहा कि हम देख रहे हैं कि कुछ अधिकारी जानबूझकर सपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को परेशान कर रहे हैं, ताकि पार्टी चुनाव में कमजोर पड़ जाये। यह वही अधिकारी है जिनको सपा सरकार में नौकरी मिली और पारदर्शिता के साथ काम करने की शपथ ली थी, लेकिन इस सरकार में अपनी शपथ को भूल गये हैं।

कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि ऐसे अधिकारियों का नाम नोट करके हमारे पास भेजें, ताकि सपा सरकार आने पर उनसे जवाब लिया जा सके। गुटबाजी की आशंका पर उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि उनकी टीम की निगाह हर एक पदाधिकारी और कार्यकर्ता पर रहेगी। सभी को एकजुट होकर फिर से समाजवादी पार्टी को सीसामऊ में जीतना है। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं-पदाधिकारियों को हाथ उठाकर एक साथ रहने का संकल्प भी दिलवाया। सपा और कांग्रेस के गठबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता पदाधिकारी समर्थक सभी एक जुट होकर चुनाव में काम कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी आज गढ़वा से करेंगे विस चुनाव प्रचार की शुरुआत

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को गढ़वा से झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत करेंगे। मोदी की पहली चुनावी सभा गढ़वा में और दूसरी चाईबासा के टाटा कालेज मैदान में होगी। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि गढ़वा जिले की धरती पर पहली बार कोई प्रधानमंत्री आ रहा है। मोदी दिन को 11 बजे पहुंचेंगे। सभा स्थल पर मंच व लोगों के बैठने के लिए विशाल पंडाल बनाया जा रहा है। करीब डेढ़ लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था को लेकर पंडाल बन रहा है।मंच पर पलामू प्रमंडल की सभी नौ सीटों से चुनाव लड़ रहे भाजपा के प्रत्याशी मंच पर मौजूद रहेंगे। मोदी की सभा को लेकर जिले में उत्साह है।

## जयघोष के साथ श्री केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए हुए बंद

समृद्धि न्यूज




**देहरादून।** विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट रविवार को भैया दूज के पावन पर्व पर प्रातः 08.30 बजे शीतकाल के लिए बंद हो गए। ऊं नम् शिवाय, जय बाबा केदार के जय घोष तथा भारतीय सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच वैदिक विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के साथ कपाट बंद किए गए।

श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय समेत 15 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। मंदिर को दीपावली के दिन से ही भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था । श्री अजय की उपस्थिति में रविवार प्रातः पांच बजे कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। बीकेटीसी के आचार्य, वेदपाठियों, पुजारीगणों ने भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग की समाधि पूजा की। स्वयंभू शिवलिंग को भस्म, स्थानीय पुष्पों बेल पत्र आदि से समाधि रूप दिया गया। प्रातः 08.30 बजे बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली को मंदिर से बाहर लाया गया इसके बाद श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए।

# चौकी में घुसकर फौजी व दरोगा के बीच हुई मारपीट का वीडियो हो रहा वायरल

▸ बाबा फौजियों पर तो रहम करिए : अखिलेश

समृद्धि न्यूज



**रायबरेली।** रायबरेली पुलिस में पूर्व फौजी के बीच मारपीट के विवाद में एक नया मोड़ सामने आया है। पुलिस चौकी में घुसकर पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट करने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो दीपावली के दिन का बताया जा रहा। जिसमें घुरवारा पुलिस चौकी परिसर में जमकर हंगामा हुआ है।

गुरुद्वारा चौकी के अंदर घटित घटना बने का नाम नहीं ले रही है राजनीतिक पार्टियां भी इस पूरी घटना को लेकर सियासत करने में जुट गई है सबसे बड़ा सवाल जब कानून बना है तो कोई भी कार्य कानून के दायरे में होना चाहिए। हमारा संविधान कहता है कि किसी को भी सजा देने का अधिकार नहीं है और ना ही किसी को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार है मगर इस पूरे वाक्य में सरकार और सामाजिक संगठन एक दूसरे की आमने-सामने खड़े हो गए हैं।

**फौजी के हाथ पहुंचे पुलिस के गिरेबान तक**

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में रिटायर्ड फौजी इंदर सिंह द्वारा दरोगा हिमांशु मलिक की वर्दी फड़ी जा रही है। साथ ही उनका कॉलर भी फौजी द्वारा पकड़ा गया है। वीडियो में दर्जनों युवक थाने में हंगामा करते नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि दरोगा हिमांशु मलिक की तहरीर पर रिटायर्ड फौजी इंदर सिंह समेत 9 अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। जिसमें पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। इससे पहले मंगलवार को रिटायर्ड फौजी इंदर सिंह के समर्थन में कई संगठन और परिवार के लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने एकजुट हुए थे। और पुलिस कर्मियों पर पुलिस चौकी में पूर्व फौजी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया था।

#### अखिलेश यादव के ट्विटर से गरमाई राजनीति




डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के घुरवारा पुलिस चौकी में हुए इस मामले में राजनीति भी शुरू हो गई थी। समाजवादी पार्टी के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ट्वीट के माध्यम से उत्तर प्रदेश की पुलिस योगी आदित्यनाथ को घेरा था। अखिलेश यादव ने ट्वीट करके लिखा था कि सेना में मेडल पाए एक फौजी के साथ उत्तर प्रदेश में जैसा हिंसक व्यवहार किया गया है वह घोर आपत्तिजनक है। मुख्यमंत्री जी कम से कम फौजियों के सम्मान में तो न्याय करें । देखना है पूरा थाना सस्पेंड होता है या फिर उस पर बुलडोजर चलाया जाता है।

**स्वर्ण आर्मी और करणी सेना की दो टूक- अन्याय बर्दाश्त नहीं**

रायबरेली में लगातार सवर्णों पर हो रहे अन्य को लेकर सामाजिक संगठन में उबाल देखने को मिल रहा है स्वर्ण आर्मी और करणी ने भी हुंकार भर दी है जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि पुलिस का रवैया बहुत ही निंदनीय है। एक फौजी जो अपने जीवन के स्वर्णिम काल देश की रक्षा में गुजार देता है उनके साथ अगर पुलिस ऐसा व्यवहार करेगी तो यह किसी भी सूरत पर बर्दाश्त नहीं है पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह से हम लोगों का निवेदन है कि ऐसे कुंठित मानसिकता के पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई करें जो कुंठित मानसिकता के साथ काम कर रहे हैं और सरकार की छवि को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

#### भाजपा की छवि को धूमिल कर रहे लोग : रमेश बहादुर सिंह



पूर्व फौजी इंदल सिंह की बेरहमी से चौकी प्रभारी व अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा बंद कमरे में की गई पिटाई व थर्ड डिग्री दिए जाने के साथ बिना किसी वारंट घर में घुसकर महिलाओं के साथ बदसलूकी और लूटपाट को लेकर भाजपा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह ने पुलिस को चेतावनी दी है कि रविवार तक चौकी प्रभारी घोरवारा व मारपीट में शामिल अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सस्पेंड नहीं किया गया तो वह सोमवार को पुलिस अधीक्षक दफ्तर पर अपनी पूरी ताकत के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठेंगे उन्होंने कहा है कि चाहे जितनी पुलिस फोर्स लगा दी जाए चाहे उन्हें जेल भी जाना पड़े लेकिन वह फौजी को न्याय दिलवा कर मानेंगे। भाजपा किसान नेता ने दावा किया है कि जिले में कुछ पुलिस के संगठित लोग गिरोह बनाकर भाजपा की छवि को बदनाम कर रहे हैं।



> इंडियन विट्रियोल आर्गेनाइजेशन के पदाधिकारी रविवार को लखनऊ से हमारे पास आए हुए हैं और फौजी के साथ जो भी घटना घटित हुई है उसी संदर्भ में मेरी इनसे बात हुई है। उनकी कुछ मांगे हैं जिन्हें मेरे द्वारा स्वीकार कर लिया गया है व संबंधित चौकी के इंचार्ज का ट्रांसफर कर दिया गया है जांच क्षेत्राधिकारी सदर के पास है। जांच के बाद जो भी तथ्य निकाल कर आएंगे उस आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई होगी।
> डॉक्टर यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक

#### सरकार की किरकिरी कराने वाले बर्दाश्त नहीं : राघवेंद्र



फौजी के साथ पुलिस कर्मियों के द्वारा की गई बदसलूकी की इंतहा लगातार देखने को मिल रही है सामाजिक संगठनों के साथ-साथ अब इस पूरे मुद्दे पर जहां विपक्ष भी हावी नजर आ रहा है वही बीजेपी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी खुलकर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र सिंह का कहना है कि छोटी सी घटना को ना संभाल पाने वाले ऐसे पुलिसकर्मियों के ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि ऐसे पुलिसकर्मी हमारे महाराज का नाम खराब करने का काम कर रहे हैं जबकि सरकार और हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री प्रदेश में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त और विकास के लिए कटिबंध है मगर ऐसी घटनाएं कहीं ना कहीं विपक्ष और सामाजिक संगठनों को मौका मिल जाता है सरकार को घेरने का एक फौजी के साथ हुई बर्बरता और उसके पूरे परिवार के ऊपर 307 का मुकदमा दर्ज करना कहीं ना कहीं सरकार को बदनाम करने और विपक्ष को मजबूत करने का काम कुंठित मानसिकता के सरकारी मुलाजिम कर रहे है साथ की उनके द्वारा किए जा रहे ऐसे कृत्य से सरकार बदनाम हो रही है।

# धूमधाम से मनाया गया भाई दूज का त्योहार

**सुनाई गई पौराणिक कथा, भाई दूज पर भाइयों ने बहनों की रक्षा का लिया संकल्प**

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्योहार भैया दूइज रविवार को निघासन इलाके में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। एक दिन पूर्व गोवर्धन पूजा के अवसर पर लोगो ने पूजा अर्चना कर चली आ रही परम्पराओं को निभाया उसके बाद रविवार को भाईयों की लंबी उम्र के लिये बहनों ने व्रत रखते हुए तिलक करने के लिये दूर दराज से भाइयों के घर पहुंच कर बहनो ने भाइयों को तिलक लगाकर उन्हे मिठाई चूड़ा खिलाया। निघासन क्षेत्र में रविवार को भाई दुइज़ के त्यौहार पर रकेहटी, सिंगाही, बेलराया, तिकुनियां समेत बम्हनपुर, झंडी की बाजारों में चूरा व चीनी के बने खिलौनों की बिक्री जोरशोर से हुई। रविवार को भाई दुइज़ के त्योहार पर पूरे क्षेत्र के अलग अलग गांवों व कस्बों में चहल पहल बनी रही। दिन भर बहनें अपने भाइयों को चंदन टीका लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना भी की वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उनके सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

**भाई दुइज पूजा के दौरान सुनाई जाती है, पौराणिक कथा:** गांवों में भाई दूज की पूजा बहनों द्वारा एक निश्चित जगह पर एकत्रित होकर करने का प्रावधान है,उसके बाद ही भइयों को टीका लगाने का कार्य होता है। इससे पहले कुछ गांवों में इस त्योहार को मनाने के लिए पौराणिक कथा भी सुनाई जाती है। जो कुछ इस प्रकार है? पौराणिक कथा के अनुसार, सूर्य भगवान की पत्नी का नाम छाया था। यमराज तथा यमुना आपस में भाई बहन थे, यमुना और यमराज से बड़ा ही स्नेह करती थी। वह यमराज से हमेशा निवेदन करती कि इष्ट मित्रों सहित उसके घर आकर भोजन करें। पर अपने कार्य में व्यस्त यमराज बात को टालते रहे,फिर कार्तिक शुक्ल का दिन आया,यमुना ने उस दिन फिर यमराज को भोजन के लिए निमंत्रण देकर अपने घर आने के लिए वचनबद्ध कर लिया। यमराज ने सोचा %%मैं तो प्राणों को हरने वाला हूं,मुझे कोई भी अपने घर नहीं बुलाना चाहता, बहन जिस सद्भावना से मुझे बुला रही है, उसका पालन करना मेरा धर्म है। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर भोजन कराया। यमुना के सत्कार से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन से वर मांगने के लिए कहा। बहन यमुना ने कहा कि इसी तरह प्रतिवर्ष मेरे घर आया करो,यमराज ने उन्हें आशीर्वाद दिया कि जो आज के दिन बहन भाई का सत्कार करते हैं,उसे यम का भय नहीं रहता है और उसी दिन से भैया दूज पर्व का शुभारंभ हो गया।

## पलिया नगर में हर्षोल्लास के साथ मना भाई दूज का पर्व



**पलिया कलां खीरी।** भाई बहन के अटूट प्रेम स्नेह श्रद्धा और विश्वास का पर्व भैया दूज रविवार को पलिया नगर सहित समूचे क्षेत्र में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, सबसे अधिक उत्साह छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों में देखने को मिला, बहनों ने अपने-अपने भाइयों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आपको बताते चले कि भैया दूज का पावन पर्व पूरे भारतवर्ष में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है इसी क्रम में रविवार को जनपद लखीमपुर खीरी के पलिया नगर में भी भाई दूज का पावन पर्व पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, पलिया नगर के मोहल्ला पठान प्रथम निवासी नितेश गुप्ता की पुत्री राजनंदनी (आभा) व भतीजी वैष्णवी और राधिका ने अपने प्यारे भाइयों राजवीर, अर्जुन, वैदिक और युवराज को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की भाइयों ने भी अपनी बहनों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा जीवन पर्यंत सुख दुख में साथ निभाने का वचन दिया। नन्हे मुन्ने बच्चों में भाई दूज के पावन पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

## भाई दूज का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाज से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और भाइयों ने बहनों की सुरक्षा का वचन दिया**

**बिजुआ खीरी।** क्षेत्र में रविवार को बहन भाई के अटूट प्रेम का प्रतीक भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर जहां उनकी लम्बी आयु की कामना की वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति प्रेम को दर्शाया। पंचपर्व में शामिल भैया दूज का पर्व रविवार को ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र में धूम धाम से मनाया गया सुबह से ही घरों में इस पर्व की धूम शुरू हो गई।बहने मोहल्ले में एकत्र होकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर भाई के जीवन की मंगल कामना की। भाई दूज के पर्व का हिंदू धर्म में खास महत्व है। इसे भाई टीका, या भ्रातृ द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। हर साल यह त्योहार दिवाली के बाद आता है, जिसका इंतजार सभी बहनों को पूरे साल होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र, खुशी और कल्याण के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं और उनका तिलक करती हैं। भाई दूज भी रक्षाबंधन की तर्ज पर मनाया जाता है दोनों पर्वों में ही बहनें भाई की लंबी उम्र की कामना भगवान से करती हैं। दोनों पर्व बहन और भाई के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। भाई दूज का पर्व भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए मनाया जाता है और इस दिन बहनें अपने भाइयों की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना से पूजा करती हैं। भाई दूज को यम द्वितीया भी कहा जाता है। इस पर्व पर शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति रहा जिसके माथे पर लाल रंग का तिलक न लगा हो अन्यथा सबके माथे पर लगे टीके भैया दूज पर्व की महत्ता का अहसास करा रहे थे।परिवार के जहां बड़े सदस्यों ने इस पर्व की परंपरा को निभाया वही छोटे-छोटे बच्चों पर भी इस पर्व का रंग खूब देखा गया।

**हर तरफ रही चहल पहल:** बाजारों में कभी भीड़ भाड़ दिखाई दी विवाहित बहनों की ओर से भैया दूज का पर मनाने के लिए भाइयों के घर जाने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया। सड़कों पर खासी भीड़ देखी गई विशेषकर मिठाइयों और उपहारों की दुकानों पर लोगों की अधिक भीड़ थी।मिठाइयों की जमकर खरीददारी हुई।दीपावली के बाद एक बार फिर से दुकानों के बाहर तरह तरह की मिठाइयां सजी दिखाई दी और उनके खरीददारों का तांता लगा रहा।भैया दूज को लेकर बसों में भी कभी भीड़ रही। भाई दूज को पुराणों के अनुसार बताया जाता है, यमुना जी ने अपने भाई यमराज को अमृत का पान कराकर उनके जीवन को अमर बना दिया था। तभी से भैया दूज का त्योहार मनाया जाता है।

# अस्थाई गौशाला में की गई अन्नकूट पूजा, श्रीकृष्ण के गूंजे जयकारे

**गौभक्तों ने पूजन कर दिया गौशाला में दान**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के अस्थाई गौशाला पडरिया तिलकापुर में शनिवार को गौशाला में गोवर्धन की पूजा अर्चना बड़े ही धूमधाम से की गई है। भक्ति भाव के साथ अन्नकूट का भोग लगाया गया। शनिवार को गौशाला में गोवर्धन की पूजा अर्चना गौशाला में की गई। जिसमें सर्वप्रथम सभी गौमाताओं को ग्राम प्रधान पति व ग्राम विकास अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा स्नान करवाया गया, भक्ति भाव से गौ माता की पूजा अर्चना की गई। गोबर से गोवर्धन पर्वत बना कर विद्वान पंडित आचार्य वीरेंद्र मिश्रा द्वारा विधि विधान पूर्वक हवन पूजन किया गया।

विद्वान पंडित आचार्य वीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की तिथि में गोवर्धन की पूजा करने से आर्थिक समस्याएं दूर होती है। इसके अलावा धन-धान्य, संतान व सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन जो भी भक्त भगवान गोवर्धन की पूजा करता है उसके घर में सुख समृद्धि बनी रहती है। भगवान कृष्ण का आशीर्वाद पूरे परिवार पर बना रहता है। गौशाला में गाय की पूजान के बाद अन्नकूट का भोग लगाया गया। गौभक्तों ने गौशाला पहुंचकर गाय के गोबर से बने गोवर्धन की आकृति को रोली चावल,खीर, बताशे, जल, दूध , केसर फूल ओर दीप जलाकर गोवर्धन भगवान की पूजा की। सभी को प्रसाद वितरण किया गया,इसमौके पर पहुंचे सभी गौ भक्तों ने गौमाता को हरा चारा और मिठाई खिलाई। इस मौके पर ग्राम प्रधान सुधा वर्मा प्रधान पति राम अनुज वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी सुरेश कुमार,मोती लाल अग्रवाल भीरा सहित गांव व क्षेत्र के तमाम गौभक्त मौजूद रहे।

> भीरा नगर से अग्रवाल रईस मिल मालिक मोतीलाल अग्रवाल सपरिवार अस्थाई गौशाला पडरिया तिलकापुर पहुंचे और विधि विधान से गौपूजन कर गौमाता के नाम से वस्त्र व 5100 रुपए दान किए।

## यम द्वितीया पूजन व कलम दवात की विधिविधान से हुई पूजा



**लखीमपुर खीरी।** श्री दुर्गे चित्रगुप्त मंदिर व कलम दवात चौराहा शाहपुरा कोठी में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पावन पूजन पर यम द्वितीया पूजन व कलम दवात की विधि विधान से एवम् भव्यता के साथ आरती पूजन श्री चित्रगुप्त भक्तों द्वारा किया गया। मंदिर के ही पुजारी पंडित शिवम जी ने विधिवत पूजा सम्पन्न कराई। चित्रगुप्त भक्त व उनके वंशज दिवाली वाले दिन अपनी कलम के कार्य बंद कर कलम को मंदिर में रख देते हैं और दो दिन बाद कलम की पूजा करने के बाद ही प्रयोग में लाते हैं। सादे कागज पर अपनी कलम से समस्त पूजनीय भगवानों का नाम लिखकर ही यह पूजा पूर्ण होती है। इस अवसर पर श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा के अध्यक्ष डा. ओ.पी. श्रीवास्तव, संरक्षक शशिकांत श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, मुकेश सक्सेना,लोकेंद्र श्रीवास्तव, प्रशांत लाला, नीरज श्रीवास्तव, विक्की सक्सेना, विशाल, अर्चना श्रीवास्तव, अनीता निगम, नितिन, मितुल रामकुमार, अजय, सुधाकर, अक्षय सहित समाज के सैकड़ों भक्तो ने उपस्थित रहकर प्रसाद ग्रहण किया।

# खमरिया क्षेत्र के कई गांवों में हुई मारपीट, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की कार्रवाई

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई देख अराजकतत्वों में मची अफरा-तफरी**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी के खमरिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार को ऊंचगांव, मड़वा, खमरिया व अल्लीपुर गांव में जमकर मारपीट हुई जिसमें कई लोग घायल हो गये। जानकारी मिलते ही एक्शन में आई पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाकर त्वरित मुकदमा लिख करीब आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी जिसको देख क्षेत्र में अराजकतत्वों में अफ़रातफ़री का माहौल बना हुआ है।

खमरिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर ऊंचगांव के खेतो में लकड़ी बीनने गए तस्लीम से गांव के ही आशुतोष, आकाश,अनूप व लल्लू ने गाली गलौज के बाद उससे मारपीट कर घायल कर जबरन सुलह करवाने के लिए पड़ोस के एक कालेज में उठा ले गए जहां 112 पुलिस के पहुचने पर परिजन तस्लीम को छुड़ाकर थाने ले गये जिसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सभी आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर अनूप वर्मा व आशुतोष वर्मा को गिरफ़्तार कर मामले में कार्यवाही शुरू कर दी।

**उधारी मांगने पर हुई मारपीट तीन घायल:** दूसरी घटना मड़वा गांव में हुई जहां शुक्रवार की रात में एक दुकान पर सामान खरीददारी के समय उधारी मांगने पर युवक व महिला से मारपीट हो गई जिसमें राधा देवी पत्नी श्रवण लाल,रोशनी पुत्री श्रवण समेत राहुल पुत्र पप्पू निवासी मड़वा घायल हो गये जिनकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने घायल राधा,रोशनी व पप्पू को सीएचसी में ले जाकर भर्ती करवाया जहां से राधा देवी व राहुल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही मामले को गभीरता से लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है।

**मेहमानी आये युवक ने शराब के नशे में की मारपीट एक का फूटा सर:** तीसरी घटना कस्बा खमरिया के कॉलेज पुरवा में घटित हुई जहां मेहमानी आये युवक शिवा जो दीपू पुत्र पुत्तू के यहाँ आया हुआ था उसने रात को शराब के नशे में पड़ोस के ही राजेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश के साथ मारपीट के दौरान घायल कर दिया। जिसकी जानकारी मिलते ही उपनिरीक्षक अरुण कुमार कुशवाहा ने घायल राजेंद्र को सीएचसी में भर्ती करवाकर इलाज शुरू करवाने के बाद आरोपी के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज करवाकर तलाश शुरू कर दी है।

**अल्लीपुर में नर्तकियों के नाच में हुई मारपीट, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की कार्यवाही:** चौथी घटना कस्बा खमरिया के पड़ोसी गांव अल्लीपुर में घटित हुई जहां आरिफ़ व मजीद के यहाँ पुत्र होने की खुशी में बगैर परमीशन लिए ही नर्तकियों का नाच शुरू करवा दिया गया। इसी बीच देर रात मनमाने गाने चलवाकर डांस करवाने को लेकर कुछ लोगो मे मारपीट हो गई जिसमें कई लोग घायल हो गए। मामले की जैसे ही भनक पुलिस को हुई तो बगैर परमीशन लिए नर्तकियों का नाच करवाने वाले आरिफ़ व मजीद समेत चार लोगों पर कार्यवाही शुरू कर दी गई,जिसको देख नर्तकियां भाग खड़े हुईं। वही पुलिस द्वारा की जा रही लगातार त्वरित कार्यवाही को देख क्षेत्र के अराजकतत्वों में पुलिस की दहशत बनी हुई है। वही इस बाबत थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय ने बताया कि कानून तोड़ने वाले पर पांच मिनट के अंदर मुक़दमा लिखकर कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में अगर किसी ने भी अराजकता फैलाने की कोशिश की तो उसे किसी भी स्थिति में बख्शा नही जाएगा।

## लाखों की चोरी का अभी तक नहीं हुआ खुलासा

**मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी कोतवाली अन्तर्गत 20 दिन पूर्व एक ही गांव में पाँच घरो में अलग अलग जगहों पर हुई चोरी में लाखों का जेवर एवं नगदी जाने के बाद भी पुलिस न तो चोर पकड़ पाई और न ही किसी की रिपोर्ट अंकित की है। पीड़ितों ने तहरीर में बताया था कि चौकी अमीरनगर के गॉव देविहाना में 13 अक्टूबर की रात्रि में विपिन पाल पुत्र लालबहादुर के यहाँ से चार लाख रुपये का जेवर व 80,000 रामसागर पुत्र लालबहादुर डेढ़ लाख रुपये का जेवर व 3000 रुपये नकद हरप्रीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह के यहाँ से तीन लाख रुपये का जेवर ओमप्रकाश पुत्र डाल चन्द्र के यहाँ से पैन कार्ड कपड़ा व साईकिल वीरपाल मौर्या पुत्र नत्थूलाल के यहां से एक लाख रुपये का जेवर व 8000 रुपये नगद चोरी हुए तथा कुछ व्यक्ति पकड़ाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। किन्तु चौकी प्रभारी सतीस चन्द्र द्विवेदी ने उन्हें छोड़ दिया और अभी तक न तो चोर पकड़े और न ही किसी की रिपोर्ट अंकित कराई।

# मंत्रोच्चारण के साथ 105वां ऐतिहासिक रामलीला मेले का शुभारंभ

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे में होने वाले 105वां ऐतिहासिक रामलीला मेले का शुभारंभ रविवार को भूमि पूजन के साथ हुआ। इस दौरान पं प्रशांत पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही ने भूमि पूजन कर मेले का शुभारंभ किया। भूमि पूजन दौरान नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही श्री राम सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज को नई दिशा और बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा मिलती है। भगवान श्रीकृष्ण एवं श्रीराम की लीलाओं को देखकर सीख मिलती कि जब-जब बुराई करने वाले लोग तैयार होते है उनका अंत कहीं न कहीं होता ही है। मेला महामंत्री प्रवीण शाह व कोषाध्यक्ष अनुराग शुक्ला ने बताया 03 नवम्बर से शुरू होने वाला मेला 25 नवम्बर तक चलेगा मेले में रावण वध 20 नवम्बर को किया जाएगा। भूमि पूजन होने के साथ ही तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। स्टालों की बुकिंग हो चुकी है और सांस्कृतिक कलाकार की टीम भी तैयार हो चुकी हैं। इस दौरान पूर्व नगर चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्रा, डॉ एमआर सेठी, डा एन यू खान,श्रीराम सिंह, रामप्रकाश सोनी, सभासद राहूल गुप्ता, अतुल भंडारी,नृपराज शाह, सचिंद्र शाह, तुषार पांडे सभासद प्रतिनिधि आफाक हुसैन, नरेंद्र गुप्ता, रवी गुप्ता, बालकुमार वर्मा,थानाध्यक्ष अजीत कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## दिवाली पर सफाई कर्मियों को किया गया सम्मानित

**लखीमपुर खीरी।** शहर के मोहल्ला बरखेरवा वार्डवासियों ने दीपावली पर मोहल्ले की साफ सफाई करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। उद्योग व्यापार संगठन के संरक्षक सुरेंद्र तोलानी ने बताया कि पूरे साल सफाई कर्मी वार्ड की गलियों में झाड़ू लगाने के साथ नालियों की साफ सफाई करते हैं। वार्ड में सम्मान समारोह आयोजित कर वार्ड के समस्त सफाई कर्मियों को फूल माला पहनाकर स्वागत कर उपहार में मिष्ठान दिया गया। इस दौरान कमल मिश्रा, सभासद पारस मौर्य सहित अनिल मौर्य, अनिल मिश्रा, नवनीत पांडे, अमित सिंह, शरद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## हास्य कलाकार राजपाल यादव द्वारा पत्रकार का मोबाइल छीनने के मामले ने पकड़ा तूल

- सोशल मीडिया पर हो रहे ट्रोल
- पलिया पहुंचे राजपाल यादव से मीडिया कर्मी ने उनके द्वारा बोले गए दीपावली पर पटाखे न फोड़ने को लेकर किया गया था सवाल
- मांफी न मांगने पर मुकदमा दर्ज कराने की चेतावनी

**पलियाकलां-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मुंबई से पलिया पहुंचे बॉलीवुड के हास्य कलाकार राजपाल यादव से एक मीडिया कर्मी ने जब उनके द्वारा बोले गए दीपावली पर पटाखे न फोड़ने का सवाल किया तो वह आगबबूला हो गए और पत्रकार का मोबाइल छीन कर फेंक दिया। कुछ समय के लिए मौके पर मौजूद लोग दंग रह गए। राजपाल यादव के द्वारा किए गए इस कृत्य को देश की मीडिया ने हाथों हाथ लिया साथ ही एक बार फिर वह सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहे हैं। जिले के मीडिया कर्मियों ने मांफी न मांगने पर मुकदमा दर्ज कराने की चेतावनी दी है।

बता दें कि शनिवार को बॉलीवुड के हास्य कलाकार राजपाल यादव पलिया में पहुंचे हुए थे। उनके आने की खबर कार्यक्रम के आयोजक के द्वारा कुछ शहरवासियों के साथ सोशल वर्कर और मीडिया कर्मियों को देकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बुलाया गया था। करीब सात बजे राजपाल यादव आयोजन कार्यक्रम में पहुंचे जहां उनका लोगों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के बाद बॉलीवुड के हास्य कलाकार राजपाल यादव के साथ फोटो का दौर शुरू हुआ। कार्यक्रम के अंत में वह मीडिया से रूबरू हुए तो इस दौरान मीडिया कर्मी ने उनसे आने वाली उनकी फिल्म के बारे में जानकारी ली तो उन्होंने हर ढेड़ माह बाद एक फिल्म आने की बात कही। इसके बाद जब मीडिया कर्मी ने उनसे उनके द्वारा दीपावली से पहले बोले गए दीपावली पर पटाखे न फोड़ने के सवाल के बावत जानकारी लेनी चाही तभी उन्होंने मीडिया कर्मी के साथ बदसलूकी करते हुए उनका मोबाइल छीन लिया और फेंक दिया जिसका वीडियो कैमरे में कैद हो गया। कुछ ही देर में पत्रकार के साथ हुई बदसलूकी का समाचार वीडियो साक्ष्य के साथ सोशल मीडिया पर आ पहुंचा जिसे देख जिले से लेकर प्रदेश और देश के पत्रकारों व मीडिया संगठनों में राजपाल यादव के प्रति आक्रोश देखा गया। देखते ही देखते प्रिंट इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथ सोशल मीडिया पर हास्य कलाकार राजपाल यादव के द्वारा किए गए कृत्य का वीडियो सुर्खियां बन गया। मीडिया कर्मियों ने उनके इस कृत्य की निंदा करते हुए पीड़ित पत्रकार से मांफी मांगे जाने की मांग पर अड़ गए। मीडिया कर्मियों ने चेतावनी दी है कि अगर राजपाल यादव के द्वारा पीड़ित पत्रकार से मांफी नहीं मांगी गई तो वह उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने पर विवश होंगे। रविवार को भी राजपाल यादव के द्वारा किए गए कृत्य को लेकर सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किए जाने का सिलसिला जारी रहा। वहीं जिला, प्रदेश और देश की मीडिया भी इस मामले को जमकर उठा रही है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में राजपाल यादव की ओर से कोई भी बयान सामने नहीं आ सका है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज में एक्सरे टेक्नीशियन की कमी, मरीज परेशान



**उतरौला (बलरामपुर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज में वर्षों से एक्सरे मशीन निष्क्रिय पड़ी है, क्योंकि मशीन को संचालित करने के लिए एक्सरे टेक्नीशियन की नियुक्ति नहीं की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मशीन तो उपलब्ध कराई गई, लेकिन टेक्नीशियन की अनुपस्थिति के कारण मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे स्थानीय मरीजों को एक्सरे जैसी आवश्यक जांच के लिए जिला मुख्यालय बलरामपुर या तहसील मुख्यालय उतरौला का रुख करना पड़ता है, जिससे उन्हें समय और आर्थिक दोनों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।श्रीदत्तगंज स्वास्थ्य केंद्र पर प्रतिदिन सैकड़ों मरीज उपचार के लिए आते हैं, जिनमें से कई को एक्सरे जैसी महत्वपूर्ण जांच की आवश्यकता होती है। हालांकि, टेक्नीशियन के अभाव में मरीजों को निजी चिकित्सालयों या आसपास के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर अपनी जांच करवानी पड़ती है। इससे न केवल मरीजों पर अतिरिक्त खर्च का बोझ बढ़ता है, बल्कि कई बार जांच में भी देरी हो जाती है, जो मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति को गंभीर बना सकती है।

# नहीं लगा अरोग्य मेला, पीएचसी पर लटका रहा ताला

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी के फरधान क्षेत्र में देवकली में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित किया जाना था, लेकिन सुबह साढ़े 1 बजे तक केंद्र पर ताले पड़े रहे। कई मरीज आए लेकिन ताला बंद देख वापस चले गए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान क्षेत्र की कालाआम, लगुचा, सेमरई, खीरी टाउन एवं देवकली समेत सभी पांचो पीएचसी पर नियमानुसार आरोग्य मेले का आयोजन किया जाना था। लेकिन डॉक्टरों की मनमानी के चलते देवकली में मेला लगना तो दूर पीएचसी का ताला तक नहीं खुला। कालाआम एवं सेमरई में मेला लगा और मरीजों ने इलाज कराया। देवकली में इलाज के लिए आए नितिन, विकास, जावेद, कल्लू आदि काफी देर इंतजार करने के बाद स्वास्थ्य केंद्र का ताला नहीं खुला तो इलाज के लिए पहुंचे लोग मायूस होकर वापस लौटने गए। पीएचसी पर आए मरीजों ने बताया 12 बजे तक इंतजार किया लेकिन इसके डेढ़ बजे बाद भी केंद्र पर न तो कोई डाक्टर पहुंचा और न ही कोई अन्य स्वास्थ्य कर्मी। जिसका नतीजा यह रहा कि यहां पहुंचे मरीजों को बिना इलाज के ही वापस लौटना पड़ा। वहीं इस सबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने बताया पहले से मेला लगाने की कोई सूचना नहीं थी। सभी को लगा भाई दूज का अवकाश होगा। कालाआम में 24 मरीजों का इलाज किया गया। सेमरई में मरीजों का इलाज हुआ है। देवकली के डॉक्टर नीमेश शुक्ल बरेली निकल गए थे। उसके बाद रविवार की सुबह मेला लगाने की सूचना मिली थी।देवकली में स्टाफ नर्स और आशा ने एक दो घंटे खोलने के बाद बंद कर देने की सूचना मिली है। पीएचसी बंद होने की वजह की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जीवीके कंपनी में धांधली व भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी पर नोटिस जारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** आशियाना इलाके में जीवीके ईएमआर ग्रीन हेल्थ सर्विसेस (108/102 एम्बुलेंस सेवा) में हो रही धांधली और भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी को लेकर पुलिस ने कंपनी को नोटिस जारी किया था।

पुलिस ने कंपनी से भर्ती और निष्कासन संबंधी सभी नियमावली प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, लेकिन कंपनी ने इस नोटिस को अनदेखा कर दिया और भर्ती प्रक्रिया जारी रखते हुए पुलिस के आदेशों का मजाक उड़ाया। प्रशासन की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि टर्मिनेट कर्मचारी हनुमान पांडे, जो कि 108/102 एम्बुलेंस सेवा के पूर्व कर्मचारी हैं और उत्तर प्रदेश एम्बुलेंस कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हैं, अपनी मांगों को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस संबंध में समाधान के लिए अब तक कंपनी की ओर से कोई उत्तर नहीं दिया गया है, जिसके कारण आए दिन कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो रही है। पुलिस ने कंपनी से पूर्व कर्मचारियों के भर्ती और निष्कासन के नियमों के साथ-साथ उनके टर्मिनेशन और डी.डी. के संबंध में स्पष्ट जानकारी देने का निर्देश दिया है, ताकि उच्च अधिकारियों को वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जा सके।

# पांच से शुरू हो रहे छठ पूजा महापर्व पर श्रद्धालुओं को नहीं होगी कोई परेशानी

## नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा व महापौर ने पूजा घाटों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को घाटों की चाक-चौबंद व्यवस्था करने के लिए निर्देश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा और लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल रविवार को शाम 5:30 बजे लक्ष्मण मेला मैदान, झूलेलाल घाट, हनुमान सेतु पुराना मंदिर पहुंचकर दीपोत्सव के बाद आने वाली छठ पूजा को लेकर छठ घाटों व मार्गों में की जा रही व्यवस्थाओं, सुंदरीकरण, घाटों की मरम्मत, साफ-सफाई, स्वच्छता व प्रकाश व्यवस्था आदि कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को छठ घाटों की चाक चौबंद व्यवस्था करने के जरूरी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि 05 नवंबर से शुरू हो रहे और 08 नवंबर तक चलने वाले छठ पूजा महापर्व पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं होगी। छठ पूजा आस्था का महापर्व है, लाखों श्रद्धालु अपनी मुरादें पूरी करने के लिए सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ मानते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में सनातन संस्कृति मजबूत हो रही। लोग अब पूर्ण श्रद्धा, आस्था व विश्वास के साथ सनातन पर्वों व त्योहारों को मना रहे हैं। इस वर्ष लखनऊ नगर निगम अपनी सीमा क्षेत्र में 88 स्थानों पर छठ पूजा स्थलों में सभी व्यवस्था कर रहा है। मंत्री श्री शर्मा और महापौर ने छठ पूजा के लिए घाटों में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी है और सभी श्रद्धालुओं से स्वच्छ, सुरक्षित, जीरो वेस्ट, प्लास्टिक मुक्त छठ पर्व मनाने के साथ गोमती नदी की स्वच्छता बनी रहे इसकी अपील की है। नगर विकास मंत्री ने छठ घाटों व मार्गों में श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था मिले, उन्हें कोई परेशानी न हो, इसके लिए जरूरी निर्देश दिए।

### मच्छरों, डेंगू से बचाव के लिए फॉगिंग कराएं

उन्होंने कहा कि सभी पूजा घाटों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था हो। सिंगल प्लास्टिक का प्रयोग न हो, घाटों में इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाए। कूड़ा कचरा इधर-उधर न फैले घाटों में डस्टबिन रखवाए जाय। पूजा सामग्री जल में प्रवाहित न हो, इसके लिए घाटों में अर्पण कलश बनाए जाएं। लोग छठ पर्व को दिव्य और भव्य रूप से मनाए, इसके लिए घाटों का सुंदरीकरण कराए, जिससे श्रद्धालुओं को पूर्ण शांति व खुशी का एहसास हो। छठ पूजा स्थलों व मार्गों पर मच्छरों, डेंगू से बचाव के लिए साफ-सफाई के साथ फॉगिंग कराए, चूने का छिड़काव करें। पूजा सामग्री और कूड़े के निपटान के लिए उचित प्रबंध भी किया जाए। ए.के. शर्मा ने निर्देशित किया कि छठ घाटों में नदी में जलकुंभी न दिखे। गहरे पानी में जाने से बचने के लिए नदी में बैरिकेटिंग की जाए। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए जल पुलिस और गोताखोर भी तैनात किए जाएं। सभी घाटों में जीरो वेस्ट पर्व मनाने के लिए उचित व्यवस्था की जाए।

## खबरें एक नजर में

### युवक को सौतेला भाई ने मारी गोली, आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बाजारखाला इलाके में युवक ने सौतेले भाई ने गोली मारी। पिता के साथ मारपीट करने पर बीचबचाव करने पहुंचा था। तभी गुस्से में पिता की रिवाल्वर से फायर कर दिया। गोली युवक के पैर में लगी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर बाजारखाला संतोष कुमार आर्या ने बताया टिकैतराय तालाब के रहने वाले अरुण कुमार सिंह नगर पालिका से रिटायर्ड इंजीनियर हैं। अरुण ने दो शादी की हैं। पहली पत्नी से एक बेटा अभय प्रताप सिंह और दूसरी पत्नी से अनंत सिंह व हिमांशु सिंह हैं।अनंत नशे का आदी है, पिता के पैसे से गुजारा चलता है। जबकि अभय घर से अलग बिल्डिंग मटेरियल का काम करता है। अनंत शराब के नशे में पिता से अक्सर मारपीट करता है। शनिवार रात करीब 2 बजे नशे की हालत में पिता से मारपीट कर रहा था। तभी उसके छोटा भाई हिमांशु ने अभय को कॉल करके घटना की जानकारी दी और बोला पिता को अपने साथ ले जाओ। अभय पिता को अनंत से बचाने के पहुंचा। तभी अनंत से उससे बहसबाजी शुरू कर दी। इस दौरान अनंत पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर लेकर आया और अभय पर फायर झोंक दिया।

### चलती कार में लगी भीषण आग, कार सवार ने कूदकर बचाई जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में चलती कार में आग लग गई। रिंग रोड पर चलती कार में पहले धुआं निकलना शुरू हुआ। ड्राइवर ने गाड़ी रोकी और तुरंत बाहर निकला। कुछ ही सेकेंड में कार में भीषण आग लग गई। आस पास की गाड़ियां रुक गई। घटना रविवार दोपहर 11:15 बजे की विकास नगर इलाके में हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल की दो टीमें आग पर काबू पा लिया है। कार सवार मुंशी पुलिया से टेढ़ी पुलिया की तरफजा रहा था। विकास नगर में रिंग रोड पर पहुंचा ही था कि विन पैलेस के सामने अचानक कार से धुआं निकलने लगा। धुआं देखकर कार सवार उतरकर भागा। देखते ही देखते ही कार आग का गोला बन गई। हादसे में ड्राइवर की जान बच गई है। अक्सर अनीश फारुकी पुत्र जियाउल फारूकी अपने परिवार के साथ रीनॉल्ट क्विड यूपी 32 केबी 4225 से टेढ़ीपुलिया की तरफजा रहे थे। विन पैलेस के पास पहुंचे थे तभी उन्होंने अचानक से ब्रेक मार दिया।

### बंद कॉम्प्लेक्स के पास कचरे के ढेर में मिली महिला की लाश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मानकनगर थाना अंतर्गत कानपुर रोड पर सुबह एक बंद कॉम्प्लेक्स के पास कचरे के ढेर में एक महिला (50) की लाश मिली। दुर्गंध उमड़ने पर स्थानीय लोगों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रुम पर सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज महिला की शिनाख्त शुरु कर दी है। प्रथम दृष्टया में शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि, रविवार सुबह पुलिस कंट्रोल रुम पर एक महिला का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला भिक्षुक थी, वह आस पड़ोस में भीख मांगकर कॉम्प्लेक्स में ही सोती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि कॉम्प्लेक्स कई महीनों से बंद था। कॉम्प्लेक्स की सीढ़ियों के नीचे पसरे कचरे के ढेर में महिला मृत अवस्था में मिली। फिलहाल, महिला के परिजनों के बारे में पुलिस को जानकारी नहीं मिल सकी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### सुभासपा में युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष बने करुणेश तिवारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने कर्मचारी नेता करुणेश तिवारी विकास को युवा मंच का प्रदेश अध्यक्ष मध्यांचल बनाया है। इस अवसर पर करुणेश तिवारी विकास ने कहा की पार्टी की नीतियों को लेकर लोगों के बीच जायेंगे, जिससे पार्टी का विस्तार हो सके। इसके अलावा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे, साथ ही कल्याणकारी योजनाओं गांव-गांव में लागू कराने का जिम्मा उठाने की बात कही है। विकास ने कहा कि राजनीति में युवाओं की भागीदारी जरूरी है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि ओम प्रकाश राजभर समाज के सभी वर्ग के लोगो, किसानों नौजवानों की लड़ाई लड़ रहे है। जिसमें हमें पूरा सहयोग करना है। करुणेश तिवारी विकास को मनोनयन पत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर (कैबिनेट मंत्री, यूपी सरकार) की तरफ से दिया गया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अमरमणि कश्यप, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर, प्रदेश प्रवक्ता मनीष मिश्रा सहित तमाम पार्टी के प्रमुख नेता प्रदेश कार्यालय में मौजूद रहे।

### इंदिरा नहर में उतराता मिला लापता युवक शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कांशीराम आवासीय कॉलोनी का रहने वाला गोलू रावत (30) मजदूरी करता था। गोलू लंबे समय से मिर्गी की बीमारी से परेशान था। जिसका इलाज चल रहा था। परिजनों ने बताया कि रोजाना काम पर जाता था और रात 8 बजे तक वापस आ जाता था। गोलू शुक्रवार को घर से काम पर जाने की बात कहकर निकला। लेकिन वापस नहीं लौटा। इस पर परिजनों ने खोजना शुरू किया। अपने सभी परिचितों ने फोन करके पूछा। काफी खोजने के बाद जब गोलू नहीं मिला तो शनिवार को चिनहट थाने में जाकर गुमशुदगी दर्ज कराई। रविवार को इंदिरा नहर गोलू का शव उतराता मिला। परिजनों ने कपड़े से उसकी पहचान की। चिनहट इंस्पेक्टर भरत सिंह ने बताया कि परिवारवालों ने किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है। अगर परिवार किसी पर आरोप लगाकर शिकायत करेंगे तो कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बलरामपुर अस्पताल में युवक ने लगाई फांसी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल में एक युवक ने फांसी लगा ली। मृतक की पहचान अखंड (30) के रूप में हुई है। अखंड बलरामपुर अस्पताल में कर्मचारी गजेंद्र सिंह का बेटा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया, रविवार (3 नवंबर) शाम करीब 6.45 बजे बलरामपुर अस्पताल से सूचना मिली कि एक युवक ने खुद को गार्ड रूम के अंदर बंद कर लिया है। इसपर तुरंत पुलिस टीम मौके पर पहुंची। गार्ड रूम अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर पुलिस अंदर गई तो युवक कपड़े के फंदे से पंखे से लटका हुआ था। अस्पताल कर्मचारियों की सहायता से पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और बलरामपुर अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता गजेंद्र सिंह बलरामपुर अस्पताल में ही कर्मचारी हैं। घटना से शोक में हैं। पुलिस ने बताया, शव को मोर्चरी में रखा गया है। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार्यकारी अध्यक्ष पद पर सूर्यकुमार को नियुक्त करने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी (रजि0) लखनऊ की बैठक एम0 अली मदहोश की अध्यक्षता में संस्था के कार्यालय मोहिनीपुरवा हुसैनाबाद लखनऊ में दीपावली व भाई दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से मांग की गई की प्रदेश में हिन्दी भाषा के विकास के लिए हिन्दी संस्थान उत्तर प्रदेश लखनऊ के कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर वरिष्ठ साहित्यकार सूर्यकुमार पाण्डेय को नियुक्त किया जाये। सुर्यकुमार पाण्डेय, उत्तर प्रदेश के बलिया जिले लखौलिया गांव में 10 अक्टूबर 1954 को जन्में है। विगत छः दशकों से अनवरत हिन्दी साहित्य सृजन कर उत्तर प्रदेश का मान सम्मान बढा रहे है। ऐसे अनुभवी व विलक्षण प्रतिभा के धनी वरिष्ठ साहित्यकार को हिन्दी के विकास के लिए कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री व राष्टपति को भी ज्ञापन भेजने का निर्णय किया गया। अध्यक्ष व वरिष्ठ साहित्यकार एम0 अली मदहोश ने कहा कि सूर्यकुमार पाण्डेय जी जैसे साहित्यकारों को सम्मान और पद देकर ही हिन्दी का भारत के सभी राज्यों में प्रचार-प्रसार किया जा सकता है। इस बैठक में राजेश कुमार सक्सेना, विकास वर्मा, सरोज कुमारी, निदा फात्मा, प्रशांत मौर्या, निर्मला वर्मा, रमेशचन्द्र, शिवानी, राजेश कनौजिया, मोहम्मद कमर खान, गंगाप्रसाद, मंजू श्री आदि ने भाग लिया।

# पहले किया विकास व अब संवाद से उप चुनाव की जमीन को सीचेंगे सीएम योगी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** अभी हाल में संपन्न हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी ने अनवरत तीसरी बार फतह हासिल की। चुनाव प्रचार में उत्तर प्रदेश क मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनता से संवाद काफी कारगर साबित हुआ।

हरियाणा के बाद अब अपने उत्तर प्रदेश में भी योगी आदित्यनाथ मतदाताओं से संवाद स्थापित करने उतरेंगे उत्तर प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव है। योगी आदित्यनाथ हर सीट पर भाजपा व सहयोगी दल प्रत्याशी के लिए संवाद करने पहुंचेंगे। योगी आदित्यनाथ संवाद के जरिए एनडीए को जिताने की अपील तो करेंगे लेकिन चुनाव के पहले ही यहां विकास और सुशासन के बलबूते उन्होंने आमजन के दिल में जगह बना ली है। अगस्त से सितंबर तक मुख्यमंत्री योगी ने इन जिलों में नई परियोजनाओं की गंगा बहाकर विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। विकास, सुशासन और संवाद के जरिए योगी आदित्यनाथ ने उपचुनावों में जीत की नींव तैयार करने की पूरी कोशिश की है प्रत्याशी मैदान में, सरकार-संगठन घर-घर तक भाजपा व सहयोगी दल के प्रत्याशी चुनाव मैदान में प्रचार में जुटे हैं तो वहीं योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सरकार के मंत्री व भाजपा के पदाधिकारी भी क्षेत्रों में प्रचार में जुटे हैं। सभी 9 सीटों पर योगी सरकार के कद्दावर मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी चुनाव प्रचार में लगे हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में जब-जब उपचुनाव हुआ, योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकर्ता के रूप में प्रचार की कमान संभाली। इसका परिणाम हुआ कि भाजपा व सहयोगी दलों ने काफी कमाल किया। गोला गोकर्णनाथ में तत्कालीन विधायक अरविंद गिरि के निधन से सीट रिक्त हुईतो 2022 में योगी के प्रचार की बदौलत अमन गिरि यहां से कमल खिलाने में सफल हुए। मई 2023 में छानबे सीट पर उपचुनाव में अपना दल (सोनेलाल) की रिंकी कोल व स्वार टांडा में अपना दल (एस) के शफीक अंसारी चुनाव जीते। इन दोनों के लिए भी योगी ने पसीना बहाया ।

**▸ हरियाणा में चला योगी के संवाद का जादू, अब अपने यूपी की सीटों पर संवाद के जरिए कमल खिलाने की करेंगे अपील**

### योगी ने उपचुनाव के पहले ही विकास की बयार बहाई

मिशन-9 पर योगी की विकास यात्रा योगी आदित्यनाथ ने यूपी की 9 सीटों पर होने वाले उपचुनाव के पहले ही बतौर मुखिया यहां विकास की बयार बहाई। 17 अगस्त को अंबेडकरनगर में युवाओं को नियुक्ति पत्र, ऋण वितरण व स्मार्टफोन-टैबलेट वितरण किया। 22 अगस्त को मुजफ्फरनगर जनपद में योगी आदित्यनाथ ने लगभग 5000 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया, लगभग 50 करोड़ का ऋण वितरण किया, 2500 से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन-टैबलेट दिया। 27 अगस्त को मैनपुरी में विकास का कारवां जारी रहा। यहां भी 3700 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, ऋण वितरण, 2500 से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण किया गया। 28 अगस्त को अलीगढ़ में 4000 युवाओं को नियुक्ति पत्र, 35 करोड़ का ऋण वितरण, 1500 से अधिक विद्यार्थियों को स्मार्टफोन-टैबलेट बांटा। 705 करोड़ की 305 परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। 29 अगस्त को कानपुर नगर में नियुक्ति पत्र वितरण, 191 करोड़ का ऋण वितरण, 8000 से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन-टैबलेट वितरित किया। पहली सितंबर को योगी ने मीरजापुर में नियुक्ति पत्र वितरित किया। एक हजार लाभार्थियों को ऋण बांटे। 1300 युवाओं को स्मार्टफोन-टैबलेट दिया। 2 सितंबर को मुरादाबाद, 3 सितंबर को मैनपुरी, 4 सितंबर को फूलपुर, 8 सितंबर को अंबेडकरनगर, 18 सितंबर को गाजियाबाद, 23 सितंबर को मीरजापुर को योगी आदित्यनाथ ने विकास की नई परियोजनाओं से जोड़ा।



**लखनऊ/गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।** श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर चौक के महंत विशाल गौड़ ने रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गोरखपुर में शिष्टाचार भेंट कर महापर्व दीपावली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं प्रदान की व महाराज को उनका बना एक छायाचित्र प्रदान किया।

# क्वीन मेरी हॉस्पिटल में लगी आग दमकल ने 15 मिनट में पाया काबू

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में चौक के प्रसिद्ध क्वीन मेरी अस्पताल, केजीएमयू के बेसमेंट में रविवार सुबह लगभग 4.47 बजे आग लग गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कई लोग अस्पताल के बेसमेंट में फंस गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने 15 मिटन में आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूचना पर चौक फायर स्टेशन और मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ ने दमकल की गाड़ियों को मौके पर रवाना किया।

घटनास्थल पर पहुंचने के बाद अधिकारियों ने देखा कि आग बेसमेंट में रखे मेडिकल सामान में लगी थी। तुरंत कार्रवाई करते हुए अस्पताल के हाइड्रेंट सिस्टम का उपयोग कर आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। क्वीन मैरी हॉस्पिटल में सेंट्रलाइज ऐसी न होने की वजह से धुआं, अन्य कमरों में नहीं पहुंच पाया। बेसमेंट में रखी दवाइयां को ही नुकसान पहुंचा। फायर कर्मियों ने तत्काल खिड़कियां खोली। अस्पताल के स्टाफ ने पहले से ही बेसमेंट की खिड़कियों को खोल रखा था, जिससे धुआं हॉस्पिटल के दूसरे फ्लोर पर नहीं पहुंच पाया। केजीएमयू से मिली जानकारी के अनुसार जिस बेसमेंट में आग लगी थी। वहां पर केवल मेडिकल किट और दवाइयां रखी जाती हैं।

शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। अचानक लगी आग से धुआं उठा गार्ड ने तत्काल फायर कर्मियों को सूचना दी। पहले से प्रशिक्षित केजीएमयू स्टाफ द्वारा भी आग न बढ़ाने देने को लेकर पूरा प्रयास किया गया। अग्निशमन विभाग और केजीएमयू में मॉक ड्रिल का प्रभाव इस घटना में साफ देखा गया।

अस्पताल कर्मियों ने दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही एक्सटिंग्विशर और अन्य उपकरणों की सहायता से आग बढ़ने से रोका। समय रहते दमकल विभाग के सहयोग से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती जांच में आग का कारण इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बेसमेंट में रखे कुछ मेडिकल सामान को नुकसान पहुंचा है।

# बहनों ने मंत्री नन्दी को तिलक लगाकर मनाया भाई दूज पर्व

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बहादुरगंज स्थित अपने आवास पर सैकड़ों बहनों, भाजपा की महिला पदाधिकारियों, महिला मोर्चा, जिला, मंडल, सेक्टर की पदाधिकारी बहनों के साथ भैया दूज का पर्व मनाया।

सभी बहनों ने भाई-बहन के परस्पर प्रेम, अटूट विश्वास, समर्पण एवं पवित्र रिश्ते के प्रतीक पर्व 'भाई दूज' के पावन अवसर पर तिलक लगाकर मंत्री नन्दी को अपना आशीर्वाद दिया। मंत्री नंदी ने कहा कि भाई-बहन का यह अटूट बंधन हमेशा प्रेम, स्नेह और खुशियों से भरा रहे, ईश्वर से यही प्रार्थना है। भाई दूज का यह पर्व हमारे रिश्तों को और भी मजबूत बनाता है । सभी बहनों ने मंत्री नन्दी को तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर लम्बी उम्र की कामना की। मंत्री नन्दी ने बहनों को आशीर्वाद और उपहार दिया।

## निजी नलकूप कनेक्शन की मांग बढ़ी

**लखनऊ ।** प्रदेश में डार्क जोन में नये निजी नलकूप कनेक्शन देने पर प्रतिबंध हटने और किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली योजना आने के बाद निजी नलकूप कनेक्शन की मांग बढ़ गई है। इन दोनों व्यवस्थाओं के बाद दो साल के अंदर किसानों ने करीब 1.52 लाख निजी नलकूप के कनेक्शन लिए हैं। अब भी बड़ी संख्या में निजी नलकूप कनेक्शन के आवेदन बिजली कंपनियों में पड़े हैं। बिजली महकमे के उच्चाधिकारियों के मुताबिक डार्क जोन में नए कनेक्शन देने पर लगा प्रतिबंध हटाए जाने से करीब एक लाख किसानों को सीधा फायदा हुआ। इन किसानों को निजी नलकूप के कनेक्शन मिल गए।कनेक्शन की मांग बढ़ने के साथ ही लगातार नए कृषि पोषकों (फीडर) का निर्माण किया जा रहा है। एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 के बीच 321 नए कृषि पोषक का निर्माण कराया जा चुका है। पिछले पांच महीने में आठ नये कृषि पोषकों का निर्माण हुआ है। सूत्रों के अनुसारी प्रदेश में एक अप्रैल 2022 से 31 अगस्त 2024 तक एक लाख 51 हजार 800 निजी नलकूप के कनेक्शन दिए गए हैं। इसमें भी दिनांक एक अप्रैल 2023 से दिनांक 31 मार्च 2024 के बीच 63 हजार 489 कनेक्शन दिए गए।

# वोट की राजनीति करती हैं बसपा सुप्रीमो : राय

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में अब कुछ ही दिन रह गए है। इसके लिए 13 नवंबर को मतदान होगा। सभी राजनीतिक दल चुनाव को जीतने के लिए जोरों शोरों से तैयारियां कर रहे है और विपक्षी पार्टियों को हराने के लिए पूरा जोर लगा रहे है। इसी बीच कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती पर जमकर निशाना साधा है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि मायावती सिर्फवोट लेने के लिए राजनीति करती हैं, उनको जनता की समस्या या उनके दुख, तकलीफसे कोई मतलब नहीं है।

मायावती पर तंज कसते हुए अजय राय ने कहा, मायावती जी को निश्चित तौर से मुख्यमंत्री बनाया गया था, लेकिन उनका जो सीएम के तौर पर दायित्व था या उसके बाद पूर्व सीएम के तौर पर या नेता के तौर पर जो दायित्व होना चाहिए था, वह उन्होंने कभी भी पूरा नहीं किया। अनुसूचित जाति के साथ जितने रेप और अत्याचार हुए हैं और लखीमपुर खीरी में एक पासी समाज के बच्चे को हिरासत में ही मार दिया गया। लेकिन मायावती जी कभी कुछ नहीं बोलीं...वह केवल वोट लेने के लिए राजनीति करती हैं उनको जनता के दुख तकलीफ से मतलब नहीं हैं। वहीं, उपचुनाव से पहले मायावती ने एक नया नारा दे दिया। उन्होंने कहा कि बसपा के उपचुनाव के दंगल में उतरने से दोनों ही पार्टियां इतनी परेशान हो गयीं हैं कि भाजपा बटेंगे तो कटेंगे और सपा एंड कंपनी जुडेंगे तो जीतेंगे जैसे अनर्गल नारे और पोस्टरबाजी में जुट गयी है जबकि नारा यह होना चाहिए कि बसपा से जुडेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे नारों की आड़ में दोनों ही पार्टियां मतदाताओं को गुमराह करने का काम कर रहीं हैं, जिससे लोगों को सावधान रहना चाहिए। अब समय आ गया है कि इन दोनों की पार्टियों के राजनीतिक छलावों से बचते हुए जनता इसी चुनाव में इन्हें जवाब दे।

## मीडिया के मनोबल का एनकाउंटर का हर हथकंडा अपना रही भाजपा : अखिलेश यादव



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के शासन में पत्रकारों पर अत्याचार का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि भाजपा राज में मीडिया के मनोबल के एनकाउंटर का हर हथकंडा अपनाया जा रहा है।

अखिलेश यादव ने सात सेकंड का एक वीडियो भी पोस्ट किया जिसमें कुछ लोग एक व्यक्ति को निर्वस्त्र करके उसकी पिटाई करते नजर आ रहे हैं। यह घटना हमीरपुर की है। सपा अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, एक पत्रकार की हत्या, पत्रकारों पर दबाव बनाना, पत्रकारों का महीना बांधना, पत्रकारों पर प्राथमिकी कराना, पत्रकारों को निर्वस्त्र करके मारना, पत्रकारों को अवांछित पेयपान कराना। भाजपा राज में मीडिया के 'मनोबल के एनकाउंटर' का हर हथकंडा अपनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मीडिया कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा! इस बीच, हमीरपुर पुलिस ने अखिलेश यादव की इस पोस्ट का जवाब देते हुए एक्स पर कहा कि एक नवंबर को वीडियो सामने आया है। इस मामले में पिछली 28 अक्टूबर को जरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। नामजद आरोपियों में से एक आर.के. सोनी को गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

**सम्मेलन** — डिप्टी सीएम ने फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा

# यह चुनाव 2027 का सेमीफाइनल, कार्यकर्ता खिलाएंगे जीत का कमल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार के फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने आगे कहा कि आज प्रदेश की जनता नहीं चाहती कि फिर से सपा के गुंडाराज का शासन हो। क्योंकि सपा के शासन में गुण्डा, माफिया, दंगाइयों का ही बोलबाला था, जिससे लोग परेशान थे। आज सभी दंगाई, माफिया, गुण्डा या तो सुधर गये या जेल में हैं। इन गुण्डों के आका जेल में या परमात्मा के पास चलें गये।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। यह चुनाव 2027 का सेमीफाइनल चुनाव है। लोकसभा चुनाव में दुष्प्रचार से लोगों को अपने माया जाल झूठ के पुलिंदे से तैयार स्लोगन संविधान खतरे में है, हर महिलाओं को महीने में एक हजार खटाखट फटाफट खाते में भेजने के आश्वासन से कुछ सीटें मिलीं तो गुब्बारे की तरह फूल गये।

अब गुब्बारे को फूटने की आवश्यकता है। यह काम भाजपा के कार्यकर्ता फिर करने जा रहे हैं। उपस्थित कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 से 2024 तक भारतीय जनता पार्टी का एक नारा सदैव लगाया जाता रहा है, बूथ जीता तो चुनाव जीता।

छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसो में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बूथ विजय का संकल्प लेकर चुनाव तक कड़ी मेहनत और परिश्रम की पराकाष्ठा की निरन्तर परीक्षा बूथ अध्यक्ष सहित भाजपा की नीति रीति से प्रभावित कार्यकर्ताओं ने 2014 में 2024 तक के चुनाव में विजयश्री दिलाकर केन्द्र में मोदी प्रदेश में योगी सरकार बनाने का काम किया है। हमें विश्वास है कि फूलपुर विधानसभा के उपचुनाव में कार्यकर्ता अपने बल पर जीत का कमल खिलाएंगे। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि गंगापार जिलाध्यक्ष कविता पटेल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जिले के जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों के साथ संघठनात्मक बैठक की।

### तीन करोड़ लोगों को अब तक मिल चुका है पीएम आवास

उन्होंने आगे कहा कि 2014 व 2017 के पूर्व वाली सरकार से वर्तमान सरकार की तुलना में अधिक विकास दिख रहा है। 3 करोड़ लोगों को पीएम आवास अब तक मिल चुका है और प्रधानमंत्री मोदी का फैसला है कि अब कोई भी व्यक्ति बिना घर के नहीं रहेगा। घर ही नहीं घर के साथ शौचालय भी मिलेगा। घर के साथ आयुष्मान भारत कार्ड से पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की भी सुविधा के साथ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत मुफ्त राशन भी उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार से हर घर हर परिवार को सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ मिल रहा है। अब डबल इंजन की सरकार की हर घर नल से जल पहुंचाने का तेजी से काम हो रहा है। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि कार्यकर्ता की मेहनत और लगन निष्ठा के बल पर हर बूथ पर अधिक से अधिक कमल खिलेगा, यह कार्यकर्ताओं के उत्साह से प्रतीत होता है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता के बल पर ही सभी चुनाव जीतते हैं और कार्यकर्ताओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं, संगठन का कार्यकर्ता सर्वोपरि है।

## अभियान का महापौर ने किया शुभारंभ

**लखनऊ ।** दीपावली पर्व के पश्चात लखनऊ नगर निगम द्वारा गणेश और लक्ष्मी सहित देवी-देवताओं की मूर्तियों और पूजन सामग्री के सम्मानजनक विसर्जन हेतु विशेष अभियान की शुरुआत की गई। महापौर सुषमा खर्कवाल ने महापौर कैंप कार्यालय से इस अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 15 दिनों तक लगातार पूरे लखनऊ शहर में चलाया जाएगा। इस अभियान का संयोजन पार्षद एवं कार्यकारिणी सदस्य रणजीत सिंह द्वारा किया गया है। रणजीत सिंह ने बताया कि अभियान के तहत पूरे लखनऊ शहर में स्थान-स्थान पर डाली गई मूर्तियों को गोमती नदी के विभिन्न घाटों जैसे झूलेलाल पार्क, कुड़िया घाट, खाटू श्याम घाट आदि पर विसर्जित किया जाएगा। नगर निगम द्वारा बनाए गए विशेष गड्ढों में विधि-पूर्वक इन मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा।

# कनेक्शन के बावजूद बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

▸ मेहनौन विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारियों का खेल उजागर, पीड़ित ने लगाए गंभीर आरोप




**विद्युत चोरी के केस में यह है प्रावधान**

विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मुताबिक जिस व्यक्ति पर बिजली चोरी का केस दर्ज होता है। उस पर राजस्व निर्धारण कर पहले सेक्शन थ्री की नोटिस दी जाती है। वह भी रजिस्टर्ड डाक से उस व्यक्ति के पते पर भेजा जाता है। संदीप कुमार के मामले में न तो उन्हें जानकारी दी और ना ही नोटिस भेजा गया।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार**

विभाग के एसडीओ पीयुष सिंह ने बताया कि प्रकरण उनके संज्ञान में नहीं है,जानकारी करके उचित कार्रवाई की जायेगी।

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिले में मेहनौन विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारियों का खेल उजागर हुआ है। विद्युत विभाग के जिम्मेदारों की कारस्तानी की सजा इटियाथोक थाना क्षेत्र के परास खाल गांव के रहने वाले संदीप कुमार पुत्र बैजनाथ को भुगतनी पड़ रही है।

पीड़ित का आरोप है कि बिजली कनेक्शन होने के बाद भी विभाग की टीम ने उनके विरुद्ध बिजली चोरी करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करा दिया। इतना ही नहीं विभाग ने उन्हें जानकारी भी नहीं दी। उन्हें मामले की जानकारी तब हुई,जब थाने से मुकदमा दर्ज किए जाने की फोन पर सूचना मिली।

मुकदमे की जानकारी होने पर पूरे परिवार के होश उड़ गए। अब पीड़ित की बात सुनने को विद्युत विभाग के अफसर तैयार नहीं है। हैरान-परेशान परिवार न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रहा है।

इटियाथोक थाना क्षेत्र के परास खाल गांव निवासी संदीप कुमार के मुताबिक 21 मार्च 2018 को मेहनौन विद्युत उपकेंद्र से बिजली कनेक्शन लिया था। आरोप है कि दीपावली से पहले विभाग के जेई टीम के साथ जांच करने संदीप के गांव पहुंचे। उस समय वह घर पर मौजूद नहीं थे। पीड़ित ने बताया कि विद्युत विभाग की टीम ने बिजली चोरी करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करा दिया। जबकि वास्तविकता यह है कि मार्च 2018 में ही विद्युत विभाग ने कनेक्शन दिया था,जिसकी रसीद मौजूद है। वहीं विभाग ने मुकदमा दर्ज कराने की जानकारी भी नहीं दी।

# दो गुमशुदा नाबालिगों को सामाजिक कार्यकर्ता के सहयोग से पुलिस ने किया बरामद

▸ स्वजनों ने पुलिस व सामाजिक कार्यकर्ता का जताया आभार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



जिले के उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में घर के सामने खेलते हुए अचानक गुमशुदा हुई दो नाबालिग लड़कियों को एक सामाजिक कार्यकर्ता के सहयोग से पुलिस ने बरामद कर लिया।

मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे थाना क्षेत्र के उमरी बेगमगंज बाजार निवासी शिवम पाठक ने पुलिस को मौखिक सूचना दी कि मेरी भतीजी पूर्वी पाठक व थाना परसपुर के दुरौनी निवासी मेरी रिश्तेदार सोनम दीपावली के अगले दिन सुबह घर के सामने खेलते हुए कहीं गायब हो गई है। थानाध्यक्ष नरेंद्र प्रताप राय ने तत्काल इस सूचना को हल्का सिपाही अजय कुमार व विभिन्न इंटरनेट मीडिया समूह में भेजी।थाना क्षेत्र के पकवान गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता बृजेश कुमार मिश्रा को दोनों नाबालिग लड़कियां उमरी से अठ्ठैसा जाने वाले रास्ते पर मिलीं। बृजेश मिश्रा के पूछने पर लड़कियां जवाब नहीं दे सकी।उसके बाद उन्होंने स्थानीय थाने में लाकर पुलिस के सुपुर्द किया। उसके बाद थानाध्यक्ष ने स्वजनों को बुलाकर लड़कियों को उन्हें सौंप दिया। स्वजन शिवम पाठक व उनके परिवार के लोगों ने पुलिस व सामाजिक कार्यकर्ता का आभार जताया है।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख मसूद खां का भतीजा झील में गिरा, तीसरे दिन भी नहीं लगा सुराग



**सर्च आपरेशन जारी, पूरे परिवार में मचा कोहराम**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिले के कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत हलधरमऊ ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख मसूद आलम खां के भतीजे काब खां के नेपाल स्थित झील में बह जाने की खबर से हड़कंप मच गया। सूचना पर मसूद आलम खां भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान नेपाल के पूर्व सांसद/मेयर भैंरावा इस्तियाक अहमद, निखिल पाण्डे मेयर बुटवल, वसीउद्दीन खां विधायक लुंबनी, इरफान खान सलाहकार गृहमंत्री लुंबनी, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक पाल्पा तथा आर्मी अधिकारियों की मौजूदगी में सर्च ऑपरेशन जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक पूर्व ब्लाक प्रमुख मसूद आलम खां के छोटे भाई मुबस्सिर खां का परिवार शुक्रवार को नेपाल घूमने गया था,इसी दौरान झील के किनारे टहलते वक्त उनके बेटे काब खां (13 वर्ष) का पैर फिसल जाने से वह झील में गिर गया और पानी के बहाव में लापता हो गया। घटना की जानकारी से पूरे परिवार में हड़कंप मचा हुआ है। रविवार को तीसरे दिन काब खां की तलाश जारी है। बताया जाता है कि काब खां अपने मां- बाप का इकलौता बेटा था।

# कलम दवात की पूजा कर मनाया भैया दूज





**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

कलम दवात की पूजा कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन मनाई जाती है। इस दिन कलम और दवात की पूजा की जाती है।सनातन धर्म के अनुसार, भगवान चित्रगुप्त मनुष्यों के सभी अच्छे और बुरे कर्मों का लेखा रखते हैं। उनकी पूजा करने से जीवन में सरलता, उन्नति, मधुर वाणी, और बुद्धि का विकास होता है। माना जाता है कि चित्रगुप्त पूजा का महत्व कायस्थ समुदाय में विशेष रूप से है, क्योंकि उन्हें भगवान चित्रगुप्त के वंशज यानी चित्रांश माना जाता है। इसी के अंतर्गत आज मंदिर श्रृंगार कुंज ठाकुरद्वारा श्री चित्रगुप्त मंदिर राजा मोहल्ला में भगवान श्री चित्रगुप्त का पूजन किया गया यहां पर बच्चों को बुलाकर उनके आराध्य देव के बारे में बताई गई एवं कलम दवात की पूजा क्यों की जाती है बच्चों को बताया गया इस कार्यक्रम में मुख्य जजमान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ पीयूष रंजन ने किया इस कार्यक्रम में नवीन चन्द्र किशोर अरविंद श्रीवास्तव गप्पू भैया अश्विनी श्रीवास्तव पंकज सिन्हा डॉ अभय श्रीवास्तव आलोक सिन्हा अनिल श्रीवास्तव दिलीप श्रीवास्तव अवधेश श्रीवास्तव अजय शंकर बंटी प्रमोद नंदन का सहयोग रहा इसके साथ गुरु नानक चौराहे पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस भंडारे को सफल बनाने में हर्षवर्धन नेहरू विवेक श्रीवास्तव गगन श्रीवास्तव कमल श्रीवास्तव रमेश श्रीवास्तव, तरुन श्रीवास्तव हर्षित दीप प्रियांश का अहम योगदान रहा।

# शिक्षक के विरुद्ध यौन शोषण सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

▸ पीड़ित शिक्षिका ने शिक्षक पर लगाया गंभीर आरोप

▸ स्कूल जाकर शिक्षण कार्य करने में जताया भय

तहसील व शिक्षा क्षेत्र कर्नलगंज के अन्तर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के एक सरकारी स्कूल में कार्यरत बाराबंकी निवासिनी एक महिला सहायक अध्यापिका ने कोतवाली नगर बाराबंकी में तहरीर देकर कर्नलगंज के ही एक कंपोजिट विद्यालय के आरोपी अध्यापक विनीत वर्मा के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है।

पीड़ित महिला ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कर्नलगंज विकास खंड के अन्तर्गत एक सरकारी कंपोजिट विद्यालय में पढ़ाने वाले सहायक अध्यापक पर मारने पीटने,जबरन शोषण, सामाजिक रूप से अपमानित करने एवं जान से मार डालने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। बाराबंकी शहर के एक मोहल्ला निवासिनी महिला ने बताया कि वह गोंडा में कर्नलगंज ब्लॉक के बेसिक शिक्षा विभाग के एक विद्यालय में सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत है। महिला के मुताबिक मोहल्ला रामनगर बाग बेगमगंज निवासी विनीत वर्मा भी वहीं कर्नलगंज के कंपोजिट विद्यालय लालेमऊ में कार्यरत है। सहायक अध्यापिका ने कोतवाली नगर में विनीत वर्मा के खिलाफ तहरीर दी है। जिसमें पीड़िता ने बताया कि आरोपित आए दिन अपने धन बल के आधार पर उसके साथ आए दिन गलत मानसिकता के साथ शारीरिक रूप से जबरन शोषण करने का प्रयास करता है। इसकी पीड़िता ने पूर्व में शिकायत भी कोतवाली नगर में की थी,और आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। पीड़िता के मुताबिक 28 अक्टूबर को शाम को जब वह अपने किराये के घर में अकेली थी तो आरोपित विनीत वर्मा पुनः शराब के नशे में धुत होकर घर में घुस आए और उसके साथ जबरन शारीरिक शोषण करने का प्रयास किया।

महिला का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपित ने उसे मारा पीटा और गालियां देते हुए उसे व उसके पति व पूरे परिवार को जान से मार डालने की धमकी दी। उसके शोर मचाने पर आरोपी उसका फोन लेकर भी घर से भाग गया। जिस पर महिला द्वारा दूसरे के फोन से अपने परिजनों को जानकारी दी गई और परिजनों के साथ कोतवाली बाराबंकी में इस संबंध में दिनांक 20.10.2024 को आरोपी के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर सूचना दी। महिला ने बताया कि

दिनांक 29.10.2024 को आरोपी ने पुनः धमकी दी कि मुझे कर्नलगंज में नौकरी नहीं करने देगा। बताया कि जिस विद्यालय में वह कार्यरत है वह रोड से दूर है। जिससे उसे प्राइवेट गाड़ी से जाना पड़ता है,आरोपी ने उसे भी बंद करा दिया। ऐसी स्थिति में स्कूल जाकर शिक्षण कार्य करने में डर लग रहा है।

पीड़ित सहायक अध्यापिका की तहरीर पर कोतवाली नगर में आरोपित विनीत वर्मा के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। इस संबंध में कोतवाली नगर बाराबंकी के प्रभारी निरीक्षक आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जिले के विभिन्न स्थानों पर प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन





**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिलें में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, भक्ति गीतों पर झूमते दिखे श्रद्धालु झूमते हुए दिखाई दिए, धनतेरस और दीपावली के उत्सव के बाद रविवार को जिलें में मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विधिपूर्वक पूजन किया गया। इसके बाद जिले के विभिन्न स्थानों पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं।लोगों ने डीजे के धुनों पर थिरकते हुए, श्रद्धा और उल्लास के साथ प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए पंडालों से गाड़ियों में लादकर निकले।शहर में बीस से अधिक मां लक्ष्मी और गणेश की प्रतिमाएं खैरा भवानी मंदिर तथा अयोध्या की सरयू नदी की ओर रवाना की गईं, जहां आज देर शाम को विसर्जन किया जाएगा। इसी प्रकार बहराइच रोड के ग्राम पड़री शंकर की मां लक्ष्मी प्रतिमा सरोवर में विसर्जित की गई पड़री शंकर गांव के रुद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मां लक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया जिसमें सभी ग्राम वासियों का सहयोग मिला सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द थी इसलिए किसी भी प्रकार का विघ्न उत्पन्न नहीं हुआ।

## कोर्ट के बाहर से विधायक की बाइक चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** अपना दल (एस) के विधायक के नाम दर्ज बाइक दीवानी न्यायालय के बाहर से चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नगर के नई बस्ती नाजिरपुरा निवासी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने तहरीर दी है। संतोष का कहना है कि एक नवंबर को दीवानी न्यायालय के सामने बाइक संख्या यूपी 40 जेड 6377 खड़ी थी। बाइक अज्ञात लोगों ने चोरी कर ली। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि बाइक अपना दल एस के विधायक राम निवास वर्मा के नाम से दर्ज है। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध बाइक चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच उप निरीक्षक अजेश कुमार को सौंपी गई है।

# पांच हजार रुपये निकलवाने पहुंची महिला, 72 हजार लेकर चंपत

▸ जनसेवा केंद्र से पैसा निकलवाने गई थी महिला, सीसीटीवी में वारदात कैद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के राजी चौराहा स्थित जनसेवा केंद्र से दिवाली के दिन पांच हजार रूपये निकालने के लिए महिला गई। नकदी निकालने के बाद महिला को पांच हजार मिला। संचालक वहां से हटा तो महिला ने कॉपी के बीच रखे 72 हजार रूपये लेकर चंपत हो गई। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। जनसेवा केंद्र संचालक ने महिला की तलाश शुरू रूपये वापस ले लिया।हरदी थाना क्षेत्र के राजी चौराहा में राहुल कुमार मौर्या जनसेवा केंद्र का संचालन करते हैं। 31 अक्टूबर को दिवाली को लेकर एक महिला अपने बेटे के साथ पांच हजार रूपये निकलवाने के लिए पहुंची। उसने पांच हजार रूपये जनसेवा केंद्र संचालक से ली। जनसेवा केंद्र संचालक ने पांच हजार रूपये दिया। इसके बाद वह केंद्र के अंदर कमरे में चला गया। इसी दौरान महिला ने कॉपी में रखा 72 हजार रुपये भी हाथ में लिया। रूपये को चुराकर महिला तुरंत केंद्र से चली गई। कुछ देर बाद संचालक ने रूपये गायब देखा तो सीसीटीवी में जांच की।केंद्र संचालक राहुल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से महिला के थाना क्षेत्र के गरेठी गुरुदत्त सिंह गांव निवासी के रूप में हुई। जिस पर संचालक रविवार को महिला के गांव पहुंचा। उसने महिला को सीसीटीवी फुटेज दिखाते हुए रुपये की मांग की। महिला ने काफी प्रयास के बाद 70 हजार रुपये वापस दे दिया। केंद्र संचालक राहुल ने बताया कि पैसा वापस मिल गया। जिसके चलते उन्होंने पुलिस से शिकायत नहीं की है। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि शिकायती पत्र मिलने पर जांच की जाएगी।

# दीवाली की रात व्यक्ति ने की लाइसेंसी रिवॉल्वर से फायरिंग, केस दर्ज

▸ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद उप निरीक्षक ने दर्ज कराया केस



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के विशेश्वरगंज बाजार में दीवाली की रात एक व्यक्ति ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से फायरिंग की। इसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए उप निरीक्षक ने केस दर्ज कराया है।विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा में 31 अक्टूबर की रात को बाजार निवासी उदय प्रताप गिरी पुत्र कृष्ण कुमार गिरी ने फायरिंग की। लाइसेंसी रिवॉल्वर से फायरिंग कर उदय प्रताप ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसकी जानकारी प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह को हुई। जिस पर उन्होंने थाने के उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव को जांच कर केस दर्ज करवाने के निर्देश दिए।

उप निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने उदय प्रताप गिरी के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच उप निरीक्षक राधेश्याम को सौंपी गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# अभ्यारण्य में पर्यटन सत्र शुभारंभ में लगेगा चारचांद




▸ कतर्नियाघाट में वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना करेंगे उद्घाटन

▸ छह नवंबर को अभ्यारण्य में पर्यटन सत्र का होगा शुभारंभ

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

6 नवंबर को अभ्यारण्य में पर्यटन सत्र का उदघाटन हो जाएगा। कतर्नियाघाट में वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना उद्घाटन करेंगे आपको बताते चलें कि कतर्नियाघाट में इस बार यूपी के कई पर्यटन स्थलों के साथ ही छह नवम्बर से पर्यटन सत्र की शुरुआत कर दी जाएगी। कतर्नियाघाट इस बार पर्यटकों के लिए खास तौर पर तैयार किया गया है। बतादें कि कतर्नियाघाट में पर्यटन सत्र का शुभारंभ इस बार अरुण कुमार सक्सेना राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा डीएफओ बी. शिव शंकर व फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा की मौजूदगी में किया जाएगा।कतर्नियाघाट घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए जंगल सफारी और बोटिंग व उनके घूमने के लिए घड़ियाल सेंटर को सजा दिया गया है। इसी के साथ ही पर्यटक इस साल पहली बार निशानगाड़ा के साल (साखू) के घने जंगल में भी जंगल सफारी कर सकेंगे।

# साप्ताहिक बाजार में युवक पर हमला कर नकदी छीनी, पुलिस हिरासत में आरोपी

▸ बकाया पैसा मांगने पर दबंग ने वारदात को दिया अंजाम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जंगल से सटे बड़खड़िया गांव निवासी एक युवक ने शनिवार को साप्ताहिक बाजार में अपना बकाया रुपये मांगा। इससे नाराज दबंग ने सरेआम गला दबाकर नकदी छीन ली। आसपास के लोगों ने बीच बराव कराया।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम बड़खड़िया निवासी प्रेम प्रकाश मौर्य पुत्र राम जनक सिंह ने क्षेत्र के सिराज अहमद उर्फ राजू पुत्र खलील को वर्षों पूर्व 26500 रूपये उधार दिया था। लेकिन बार बार मांगने के बाद भी प्रेम प्रकाश को रूपये नहीं मिला। शनिवार को साप्ताहिक बाजार में सिराज अहमद की मुलाकात प्रेम प्रकाश से हो गई। जिस पर प्रेम प्रकाश ने बकाया रूपये मांगा। बकाया देने से इंकार करने पर प्रेम प्रकाश ने पुलिस से शिकायत करने की बात कही। इस पर सिराज अहमद नाराज हो गया। उसने प्रेम प्रकाश का गला दबाते हुए जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद पिटाई कर 8500 रूपये नकदी निकाल ली। बाजार में मारपीट को लेकर भगदड़ मच गई। आसपास के लोग एकत्रित हो गए। बाजार के लोगों ने मामला शांत कराया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर केस दर्ज किए जाने की मांग की है। इस मामले में थानाध्यक्ष हरीश सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि लेनदेन का मामला है। आरोपी को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है। इसके बाद केस दर्ज किया जायेगा।

# 9.5 कुण्टल प्रतिबंधित थाई मांगुर फिश पकड़ी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले में प्रतिबंधित थाई मंगूर मछली के अवैध व्यापार की शिकायतें मिलने का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ा संज्ञान लेते हुए थाई मांगुर मछली के व्यापार को रोकने के लिए मत्स्य व पुलिस विभाग की संयुक्त गठित की गईं हैं। उल्लेखनीय है कि ग्रीन ट्रिब्यूनल और भारत सरकार ने वर्ष 2000 में विदेशी थाई मांगुर मछली को प्रतिबंधित कर दिया था।


इस मछली के खाने से कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग जैसी बीमारियां जनित होती हैं।सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार ने बताया कि 02 नवम्बर की अपरान्ह में मुखबिर से सूचना मिली कि प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली पिकअप वाहन से लहरपुर सीतापुर के मार्ग से सिसैया खीरी के रास्ते जनपद बहराइच को लाई जा रही है। मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर सहायक निदेशक मत्स्य के नेतृत्व में ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक बाबूराम, पुलिस उ.नि. दिनेश बहादुर सिंह व आशुतोष सिंह, आरक्षी गौरव कुमार, अमित कुमार व जितेन्द्र यादव की टीम ने पिकअप वाहन को रोककर चेक किया गया।

जांच की कार्यवाही में वाहन पर लगभग साढ़े नौ कुण्टल प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली लोड पायी गई। इस दौरान पूछताछ करने पर वाहन चालक ने आशीष कुमार पुत्र सुग्रीव प्रसाद ने बताया कि वह ग्राम हिलालपुर, थाना लहरपुर जनपद सीतापुर का रहने वाला है। वाहन चालक ने बताया कि यह माल उसने लहरपुर सीतापुर से नानपारा के लिए लोड किया था। ए.डी. मत्स्य डॉ. कुमार ने बताया कि इसी दौरान मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी मोतीपुर संजय कुमार व तहसीलदार अम्बिका चौधरी की मौजूदगी में पकड़ी गई सम्पूर्ण प्रतिबंधित थाई मंगूर फिश जिसकी अनुमानित कीमत लगभग रू 01 लाख है, को गड्ढा खोदवाकर विनष्टीकरण करवा दिया गया। इस कार्यवाही की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी भी कराई गई है।

ए.डी. मत्स्य डॉ. कुमार ने आमजन से अपेक्षा की है कि यदि उनके संज्ञान में प्रबिंधित थाई मंगूर फिश बिक्री की सूचना मिलती है तो उनको सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा।

## पूर्व सांसद की धर्मपत्नी एवं वर्तमान सांसद की माताजी का निधन

**अयोध्या धाम में होगा अंतिम संस्कार**




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के पूर्व सांसद अक्षयबर लाल गोंड की धर्मपत्नी एवं वर्तमान सांसद आनंद कुमार गोंड की माताजी का आज, 3 नवंबर 2024 को सुबह 3:30 बजे एम्स दिल्ली में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार थीं। उनका अंतिम संस्कार अयोध्या धाम (फैजाबाद) में सरयू नदी के तट पर संपन्न किया जाएगा। पूर्व सांसद अक्षयबर लाल गोंड की धर्मपत्नी के निधन की खबर के बाद जिले में शोक की लहर है, शोक संवेदनाओं का ताता लगा हुआ है, लोग ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को इस अपार दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना कर रहे हैं।

# गोआश्रय स्थलों पर समारोहपूर्वक गोवर्धन पूजा आयोजित

▸ गोवंशों को गुड़ और केला खिला कर की गोसेवा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के मार्गदर्शन में शनिवार को जनपद के गौ आश्रय स्थलों में समारोहपूर्वक गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। गोवर्धन पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय गणमान्य व संभ्रान्तजन, ग्राम प्रधान, सम्बन्धित ब्लाकों के खण्ड विकास अधिकारी, पशुपालन विभाग की ओर से मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी, ग्राम सचिव सहित बड़ी संख्या स्थानीय नागारिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उल्लेखनीय है कि गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में गौ आश्रय स्थलों में विशेष रूप से साफ-सफाई की गई तथा भवनों को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया। शाम होते ही माटी के दीप प्रज्ज्वलित कर विधि विधान के साथ पूजापाठ कर संरक्षित गोवंशों की पूजा एवं सेवा कर उन्हें हरे चारे के साथ-साथ गुड़, चना व फल का सेवन कराया गया। गोवर्धन पूजा के अवसर पर आयोजित समारोह के दौरान केसरटेकर्स तथा गो सेवकों को अंगवस्त्र व मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया गया। गौ आश्रय स्थल कटरा बहादुरगंज में सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि क्षेत्र पंचायत प्रमुख शिवम जायसवाल ने विधिविधान के साथ गो पूजा कर संरक्षित गोवंशों को गुड़ और केला खिला कर गौसेवा की।

# सात लाख की स्मैक बरामद, दो गिफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के दरगाह थाना पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अनारकली रेलवे क्रॉसिंग के पास छापेमारी कर दो शातिर मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लाखों रुपए कीमत की स्मैक बरामद हुई है पुलिस ने तस्करों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। दरगाह थाना प्रभारी हरेंद्र मिश्रा को सूचना मिली की अनारकली रेलवे क्रॉसिंग के पास दो युवक मादक पदार्थ के साथ खड़े हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने उपनिरीक्षक शिवम कनौजिया और सिपाही इंद्रासन व सत्येंद्र यादव को मौके पर भेजा। टीम ने क्रॉसिंग के पास पहुंचकर दोनों युवकों को घेर लिया और हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 7 लाख रुपए की कीमत की स्मैक बरामद हुई। थाना प्रभारी हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान जुनैद और गुलाम गाजी के रूप में हुई है। इनके पास से 7 लाख रुपए की कीमत की स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# बॉयलर में रिसाव, एनटीपीसी की पांचवीं यूनिट बंद

- घटा 210 मेगावाट विद्युत उत्पादन
- यूपी-दिल्ली समेत आठ राज्यों में बिजली आपूर्ति प्रभावित



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

एनटीपीसी परियोजना ऊंचाहार में वार्षिक अनुरक्षण के बाद 10 दिन पहले चालू की गई यूनिट नंबर पांच के बॉयलर में बृहस्पतिवार सुबह रिसाव हो गया। इससे यूनिट बंद हो गई। शनिवार को भी यूनिट से बिजली उत्पादन शुरू नहीं हो पाया है।परियोजना प्रबंधन मरम्मत कर यूनिट चालू करने की बात कह रहा है। एनटीपीसी परियोजना में 210-210 मेगावाट क्षमता की पांच व छठवीं यूनिट 500 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता की स्थापित है। सितंबर माह में पांचवीं यूनिट को वार्षिक अनुरक्षण के लिए 35 दिनों तक बंद रखा गया था। इसके बाद उसे चालू करने की कोशिश की गई, लेकिन टरबाइन में खराबी के चलते यूनिट नहीं चालू हुई। लगभग 40 दिन बाद 22 अक्टूबर को यूनिट चालू की गई थी। यूनिट एक हफ्ते चलने के बाद बृहस्पतिवार को फिर खराब हो गई और 210 मेगावाट बिजली उत्पादन कम हो गया। इस समय पांच यूनिटों से 1340 मेगावाट बिजली उत्पादन किया जा रहा है। परियोजना की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बताया कि यूनिट तकनीकी खराबी के चलते बंद हुई है। मरम्मत के बाद जल्द ही चालू की जाएगी।

## छत से गिरकर अधेड़ महिला हुई घायल, रेफर

**बछरावा रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाबू गंज मजरे अटरा हरदोई निवासी छत पर कपड़े सुखाने गई एक अधेड़ महिला नीचे गिरकर घायल हो गई, इलाज के लिए पारिवारिक जनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की घायल महिला रामावती पत्नी मोहनलाल उम्र 56 वर्ष उस समय दुर्घटना का शिकार हो गई जब वह कपड़े धोने के बाद कपड़े सुखाने के लिए छत पर गई थी अचानक तभी उसका पैर फिसल गया और वह छत से नीचे गिर पड़ी, पारिवारिक जनों के द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# सांसद किशोरीलाल शर्मा ने सुरेश नारायण सिंह 'बच्चा बाबू' को दी श्रद्धांजलि

**लालगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



अमेठी सांसद और गांधी परिवार के प्रतिनिधि किशोरीलाल शर्मा ने लालगंज निवासी वरिष्ठ समाजसेवी सुनील कुमार सिंह बक्शी के आवास पर जाकर उनके दिवंगत पिता पूर्व चेयरमैन लालगंज सुरेश नारायण सिंह बच्चा बाबू को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान किशोरीलाल शर्मा ने शोकाकुल परिजनों से बातकर उन्हें ढांढस भी बंधाया। किशोरीलाल शर्मा का लालगंज पहुंचने पर लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपेन्द्र गुप्ता ने नगर पंचायत तिराहे पर स्वागत किया और उनको रिसीव करके सुनील सिंह बक्शी के आवास पहुंचे। बच्चा बाबू का बीते दिनों निधन हो गया था। रायबरेली दौरे पर आए किशोरीलाल शर्मा सुबह सुनील सिंह के मेन रोड स्थित आवास पर पहुंचे और स्मृतिशेष बच्चा बाबू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्री शर्मा ने बच्चा बाबू के पुत्र सुनील और बबलू तथा अन्य परिजनों से बात की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान कांग्रेस के अमेठी जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपेन्द्र गुप्ता, रोहित सिंह, टी के शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# सर्पदंश से किशोरी की हालत बिगड़ी

- इलाज के लिए पहुंची अस्पताल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमावा गांव में सर्पदंश से एक किशोरी की हालत बिगड़ी, पारिवारिक जनो द्वारा किशोरी की हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की पूजा पुत्री रमेश कुमार उम्र 17 वर्ष निवासी अमावा थाना बछरावां को उस समय सर्प ने डस लिया जब वह खेतों में धान की कटाई कर रहे अपने माता-पिता को पानी देने जा रही थी, किशोरी की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग उसके पास इकट्ठा हो गए और किशोरी के बताएं अनुसार वह उसे तत्काल इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लेकर पहुंचे जहां मौजूद चिकित्सक डॉक्टर प्रियेश कांत ने किशोरी का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वही किशोरी की माता की मानी जाए तो उनका कहना है कि किशोरी ने बताया कि सर्प के जोड़े ने उसे दौड़कर काटा है।

# मोदी के स्मार्ट गांव बदहाल, सड़क निर्माण की आस अब राहुल से

- बदहाल लखनऊ रेलवे क्रासिंग-तौधकपुर मार्ग निर्माण को लेकर युवा विकास समिति ने तेज किया अभियान
- 5 नवंबर को प्रस्तावित दिशा की बैठक में सांसद राहुल गांधी व सरेनी विधायक देवेन्द्र प्रताप सिंह से सड़क निर्माण का प्रस्ताव रखने की मांग की

**लालगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मेरी बदहालियां मुझको हमेशा दर्श देती हैं, बस तू सब्र करता जा कि वक्त तेरा भी आयेगा

जिस स्मार्ट गांव तौधकपुर को लेकर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गर्वोक्ति की थी, अपने मन की बात कार्यक्रम में गांव की तारीफों के कसीदे पढ़े थे, उस स्मार्ट गांव तौधकपुर के बदहाल लखनऊ रेलवे क्रासिंग - तौधकपुर मुख्य मार्ग के निर्माण का सपना अंधेरी गुमनाम राहों में दम तोड़ता हुआ दिखाई पड़ रहा है।

जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों की उपेक्षा व लापरवाही इस मार्ग के राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। ग्रामीणों व कई सामाजिक संगठनों ने इस बदहाल मार्ग के निर्माण की मांग बीते कई वर्षों में हर स्तर पर उठाई, पत्राचार किया पर हर बार निराशा ही हाथ लगी है। इस मामले को युवा विकास समिति संस्था ने अभियान की तरह लेकर प्रयास किया है। आने वाले 5 नवम्बर को रायबरेली



में प्रस्तावित दिशा/जिला अनुश्रवण समिति की बैठक रायबरेली सांसद व लोकसभा के नेता विपक्ष राहुल गांधी की अध्यक्षता में होनी सुनिश्चित हुई है। बैठक में उपाध्यक्ष अमेठी सांसद किशोरीलाल शर्मा के साथ साथ अन्य सदस्य एवं प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल होंगे जिसमें जिले की समस्याओं व विकास कार्यों पर चर्चा और प्रस्ताव होने हैं। इस बैठक को लेकर युवा विकास समिति ने एक बार फिर बदहाल लखनऊ रेलवे क्रासिंग तौधकपुर मार्ग निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है। संस्था अध्यक्ष सिद्धार्थ त्रिवेदी ने सरेनी विधायक देवेन्द्र प्रताप सिंह और उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने सांसद राहुल गांधी को संबोधित एक पत्र अमेठी सांसद और रायबरेली, अमेठी के प्रभारी किशोरीलाल शर्मा को मार्ग की बदली से अवगत करते हुए इसके निर्माण की मांग को लेकर पत्र दिया है। पत्र में माँग की गई है कि यह सड़क जिला पंचायत के स्वामित्व में है पर न तो वह मार्ग निर्माण कर रही है और न ही किसी दूसरे विभाग को एन ओ सी जारी कर रही है। इसी मार्ग में आरा मशीन के पास स्थित नाला भी क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण सड़क पर कीचड़ व गंदे पानी की भरमार रहती है और सड़क भी जल्दी खराब हो जाती है। राहगीरों और ग्रामीणों के लिए यह सड़क काल बन चुकी है। लोग आए दिन इस सड़क पर गिरकर चोटिल होते रहते हैं।बच्चों के स्कूली वाहनों ने इस रोड पर आने से मना कर दिया है जिससे उनको स्कूल जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्गों और महिलाओं के लिए इस बदहाल मार्ग के गड्ढे जानलेवा साबित हो रही हैं। मोटरसाइकिल पर सवार महिलाओं के हाथ से छोटे बच्चों के गिरने की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें बच्चे गंभीर रूप घायल हो चुके हैं। अब इस बदहाल सड़क के निर्माण की उम्मीदें दिशा/जिला अनुश्रवण समिति की होने वाली बैठक से जुड़ी हैं, इस बार बदहाल लखनऊ रेलवे क्रासिंग - तौधकपुर मार्ग की उम्मीदों का सूरज निकलेगा या हमेशा की तरह इसके हिस्से में निराशा की काली अंधियारी रात आएगी, यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा।

## अपनी पूर्ण भव्यता एवं दिव्यता के साथ संपन्न हुआ खालेगांव महोत्सव

**बछरावां रायबरेली।** श्री रामलीला समिति खालेगांव के तत्वाधान में वर्ष 1951 से अनवरत क्षेत्र में सांस्कृतिक एवं सामाजिक धरोहर को खालेगांव महोत्सव के रूप में संजोकर रखे हुए श्री रामलीला का दो दिवसीय मंचन अपनी पूर्ण भव्यता एवं दिव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिवगढ़ के ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमंत प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक रामलाल अकेला एवं नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने शिरकत की। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में श्री रामलीला समिति खालेगांव के कलाकारों के द्वारा मारीच सभा, ताड़का वध, श्री राम द्वारा अहिंल्या का उद्धार, महाराज जनक का निमंत्रण पत्र विश्वामित्र के पास पहुंचना, मां गंगा की पावन कथा, सीता जी द्वारा गौरी पूजन करना, जनकपुर की बाजार एवं वाटिका का दृश्य, सहित जनक सभा एवं धनुष भंग की झांकियों का सुंदर मंचन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से तमाम अतिथि गणों एवं क्षेत्रीय गणमान्य जनों ने शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगाए, कार्यक्रम में व्यास के तौर पर जनपद के प्रसिद्ध राम कथा वक्ता कविता कांत बाजपेई ने शिरकत की, इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी क्षेत्रवासियों, ग्रामवासियों एवं जनपद के कोने-कोने से आए राम कथा प्रेमियों का श्री रामलीला समिति खालेगांव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। साथ ही साथ इस मौके पर रामलीला समिति के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### हर्षोल्लासपूर्वक मना भाई दूज का त्योहार

**महराजगंज रायबरेली।** दीप पर्व के बाद सनातन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है भाई दूज पौराणिक कथा के अनुसार यमुना की आव भगत और सेवा से प्रसन्न होकर यम ने अपनी बहन से कुछ भी मांगने को कहा तो माँ यमुना ने यम से यह कहा कि कार्तिक अमावस्या के बाद पड़ने वाली द्वितीया को आप हमारे यहाँ आकर भोजन आदि कर हमें कृतार्थ करते रहोगे इस पर यम ने स्वीकृति दे दी तब हर वर्ष यम, यमुना जी के यहाँ इस तिथि को आते हैं इस संबंध में एक और कथा है कि इसी भगवान कृष्ण नरकासुर का बध करके वापस लौटे थे तब बहन सुभद्रा ने उनकी पूजा अर्चना कर खूब आव भगत की जिससे प्रसन्न होकर भगवान कृष्ण ने बहन को आजीवन सुरक्षा और सहयोग का वचन दिया इसलिए यह तिथि भाई दूज के नाम से प्रसिद्ध हुई आज बहनें भाई के मंगल की कामना करती हैं तो भाई भी तरह तरह के उपहारों के साथ बहन की सुरक्षा एवं संरक्षा का वचन देते हैं भारतीय संस्कृति में वैसे तो हर तिथि को त्योहार मनाया जाता है किन्तु रक्षाबंधन के बाद भाई-दूज भाई और बहन के स्नेह और प्रेम का अनूठा त्योहार है। इस त्योहार की खुशी बड़ों के साथ-साथ बच्चों में भी देखी गई,अपने भाई अथर्व की पूजा अर्चना करती बहन अरुणिमा।

### चित्रगुप्त भगवान की विधिवत आराधना के साथ कायस्थ समाज ने की कलम-दवात पूजा

**उतरौला (बलरामपुर)।** रविवार को कायस्थ समाज के लोगों ने उतरौला बाजार में स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ कलम-दवात की पूजा की। कायस्थ समाज के इस वार्षिक धार्मिक अनुष्ठान में समाज के कई गणमान्य सदस्य शामिल हुए, जिनमें उतरौला अध्यक्ष संतोष कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री रूपक श्रीवास्तव, संरक्षक राकेश कुमार श्रीवास्तव, सुशील कुमार श्रीवास्तव, एडवोकेट ओम प्रकाश श्रीवास्तव, एडवोकेट प्रकाश श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव और दिलीप श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।चित्रगुप्त भगवान को कायस्थ समाज का कुल देवता माना जाता है, और वे कर्मों के लेखा-जोखा रखने वाले देवता माने जाते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना के दौरान सभी जीवों के कर्मों को संजोकर रखने के लिए चित्रगुप्त को जन्म दिया था। ऐसा कहा जाता है कि चित्रगुप्त जी ने अपनी कलम से संसार के हर व्यक्ति के कर्मों का लेखा-जोखा रखने का कार्य संभाला। कायस्थ समाज में चित्रगुप्त भगवान का विशेष महत्व है, और इसी उपलक्ष्य में हर वर्ष दीपावली के बाद कायस्थ समाज के लोग विशेष रूप से कलम-दवात की पूजा करते हैं। यह पूजा कर्म, सत्य और न्याय का प्रतीक मानी जाती है। पूजा के दौरान कायस्थ समाज के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति के समक्ष कलम और दवात की विशेष पूजा की। इस पूजा का मुख्य उद्देश्य लेखनी का सम्मान करना और ज्ञान तथा सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना है। समाज के सभी सदस्यों ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की और चित्रगुप्त भगवान से ज्ञान, बुद्धि, और सत्य की राह पर चलने की प्रार्थना की। पूजा के बाद समाज के लोगों ने प्रसाद वितरण किया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कायस्थ समाज के अध्यक्ष संतोष कुमार श्रीवास्तव ने समाज के सभी सदस्यों को संगठित रहने और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने का संदेश दिया। महामंत्री रूपक श्रीवास्तव ने इस पर्व को ज्ञान और कर्म के प्रति हमारी आस्था का प्रतीक बताते हुए कहा कि समाज के युवा इस परंपरा को बनाए रखें और अपने पूर्वजों के आदर्शों को आगे बढ़ाएं। संरक्षक राकेश कुमार श्रीवास्तव और अन्य सदस्यों ने भी समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। चित्रगुप्त पूजा के इस आयोजन ने कायस्थ समाज के भीतर पारंपरिक मूल्यों और संस्कृति को जीवित रखने का संदेश दिया।

# मजदूर के बेटे ने मां-बाप के सपने को किया सरकार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली में मजदूर के बेटे ने अपने जिले का नाम रोशन किया है। आशु मौर्य का भारतीय नौसेना में चयन होने पर परिजनों व ग्रामीणों ने माला पहनाकर वा मिठाई खिलाकर बधाई दी है और साथ ही नाम आंखों विदाई की गई। आपको बता दे कि आज दिनांक 3 नवंबर 2024 दिन रविवार को रायबरेली जनपद के मिल एरिया थाना क्षेत्र के रूप मऊ गांव के रहने वाले मजदूर अशोक कुमार मौर्य के बेटे आशु मौर्य का भारतीय नौसेना में चयन हुआ है हाल ही में केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही अग्नि वीर भर्ती प्रक्रिया के तहत भारतीय नौसेना में चयन की प्रक्रिया



कराई गई है। आशु मौर्य ने बताया कि उड़ीसा राज्य में चयन हुआ यहां ट्रेनिंग के बाद आगे की प्रक्रिया कराई जाएगी, आज ही रायबरेली से उड़ीसा के लिए रवाना होंगे इसको लेकर परिजन ऑन ने विदाई समारोह का आयोजन कर माला पहनकर वह मिठाई खिलाकर नमक आंखों से बेटे को विदाई दी है। इस दौरान परिजनों के साथ-साथ ग्राम सभा के सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही सभी ने नई पारी की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

# गाजे-बाजे के साथ निकाला गणेश-लक्ष्मी की शोभा यात्रा

**सादुल्लानगर (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

गाजे बाजे के साथ रविवार को शोभा यात्रा निकालकर गणेश लक्ष्मी प्रतिमा का गुलरिहवा घाट के कुआनो नदी में विसर्जित किया गया। डीजे की धुन पर थिरकते युवा भक्ति रस में सरोवोर माँ लक्ष्मी प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ पांच दिवसीय माँ लक्ष्मी महोत्सव का समापन हो गया। अबीर गुलाल से सरोबोर महिलाओं की आंखें झलक पड़ी ।जय घोष के साथ जय लक्ष्मी माता के उद्घोष गुजते रहे। गोले पटाखें के बीच में लक्ष्मी मैया अगले बरस तू जल्दी आ जा के उद्घोष गुजते रहे। लक्ष्मी मैया मेरे बना दो बिगड़े काज जैसे गीतों से वातावरण भक्ति मय रहा। डीजे की धुन पर खूब अबीर गुलाल उड़ते हुए जमकर युवा थिरके। जुलूस में पुरुषों के साथ अधिकांश महिलाएं व युक्तियां भी शामिल रही। विधि विधान पूजन का पुरोहित पंडित विनोद कृष्ण शास्त्री व पंडित दिलीप ओझा ने प्रतिमाएं विसर्जित कराये। मां लक्ष्मी पूजन के पश्चात रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई।बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। सादुल्लानगर क्षेत्र के विसम्भरपुर, बौरेपुर, जमुनेपुर गुमाफातिमाजोत, कुर्मिनडीह, भेलयामदनपुर, परसिया, हसऊपुर, विशंभरपुर, अहिरौला, पतकरपुर, रहमत पुर,



रामपुरअरना, अचलपुर व मनुवागढ़ मे आयोजित पूजा पंडालो में शनिवार को पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।इस अवसर पर गणेश दत्त मिश्र, जय प्रकाश मिश्र, राजेश वर्मा, राजेश मिश्र, अरविंद मिश्र, ग्राम संजय प्रधान, धर्मेश मिश्र, राहुल यादव, पारस वर्मा, रोहित, अमित कुमार, राम प्रकाश, विनोद कुमार, राजू यादव , पंकज श्रीवास्तव, राम बहादुर यादव, रजनीश व मुकेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह मय फोर्स सुरक्षा के लिए तैनात रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मां लक्ष्मी व भगवान गणेश की प्रतिमाओं का किया विसर्जन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

उतरौला नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मां लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नगर की विभिन्न पूजा समितियों द्वारा स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन भक्तिमय माहौल में गाजे-बाजे और डीजे की भक्तिपूर्ण धुनों पर नृत्य करते हुए किया गया। श्रद्धालु इस अवसर पर अबीर-गुलाल उड़ाते हुए देवी-देवताओं की विदाई में शामिल हुए।

मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा की अगुवाई उतरौला के भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता ने की। शोभायात्रा की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे से हुई,



जो निर्धारित मार्ग से होते हुए नगर के डाकखाना, बस स्टॉप, बड़ी मस्जिद, मां ज्वाला महारानी मंदिर और गोंडा मोड़ से होते हुए बरदही बाजार से राप्ती नदी के घाट पर पहुंची। शोभायात्रा के मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर जलपान की व्यवस्था की गई थी, जहां श्रद्धालुओं को पानी की बोतलें, हलवा, छोला-चना, और पूड़ी का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने इस सेवा भाव के साथ शोभायात्रा में भाग लिया और माँ लक्ष्मी व भगवान गणेश जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। राप्ती नदी के घाट पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने मां लक्ष्मी और भगवान गणेश जी की आरती-पूजन अर्चन किया। भक्तों ने भावपूर्ण तरीके से देवी-देवताओं को विदाई दी और विसर्जन संपन्न किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ने माँ लक्ष्मी और भगवान गणेश जी के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की और भक्ति-भाव से भरे वातावरण में विसर्जन किया। इस भव्य आयोजन में पुरुष, महिला सहित हजारों श्रद्धालु शामिल रहे। भव्य शोभायात्रा में सुरक्षा के मद्देनजर उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक राघवेन्द्र सिंह, कोतवाल संजय दुबे और उपनिरीक्षक स्वतंत्र गुप्ता सहित पुलिस बल मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से सुरक्षा प्रबंध कड़े रखे गए जिससे शोभायात्रा में सुगमता और शांति बनी रही। नगरवासियों ने इस भव्य आयोजन में अपनी सहभागिता और भक्ति का परिचय दिया, जिससे पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहा।

# लक्ष्मी पूजन कर हर्षोल्लास के साथ किया गया विसर्जन

**महुआ बाजार (बलरामपुर)।** लक्ष्मी पूजन महोत्सव और दिवाली महोत्सव पूरे क्षेत्र में बड़े धूम धाम से मनाया गया और आज पांच दिन पूजन अर्चन वंदन करने के बाद पूर्णाहुति के बाद पूरे जोश के साथ डीजे के धुनों पर श्रद्धालु नाचते गाते राप्ती नदी पर पहुंचे। जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा जल पान की व्यवस्था की गई थी। मंसूर जोत, नगरिया, हसिनपारा, पुरैना बुलंद, बांक भवानी, रसूला बाद, महुआ धनी, मटियारिया, सुरहिया देवर, चाई डीह, समेत दर्जनों गांवों के श्रद्धालु माता लक्ष्मी के यात्रा में शामिल होकर विसर्जन के लिए निकल पड़े। महिलाएं, वृद्ध बच्चे सब माता रानी के विसर्जन में सम्मिलित होने को आतुर



दिखे। विनोद कुमार, देवी प्रसाद उपाध्याय, बंसी धर निषाद, भोला निषाद सहित सभी श्रद्धालु नाचते गाते राप्ती नदी पर माता रानी को विसर्जित किए। सुरक्षा के दृष्टि से गैंडास बुर्जुग, और उतरौला पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। यात्रा के साथ कांस्टेबल तेरस यादव, कांस्टेबल आनंद कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

# बहनों ने व्रत रखकर की भाई के लंबी उम्र की कामना

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

पंचदिवसीय दीपावली पर्व के समापन के रूप में मनाया जाने वाला भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक भैया दूज का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। उतरौला और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करते हुए व्रत रखा और विशेष पूजा-अर्चना की। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर उन्हें नारियल और मिठाई भेंट की, वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर इस परंपरा को निभाया।



पौराणिक ग्रंथों में भैया दूज का उल्लेख यम द्वितीया के रूप में भी मिलता है, जिसमें यमराज और उनकी बहन यमुना की कथा जुड़ी हुई है। कथा के अनुसार, यमराज अपनी बहन यमुना से बहुत स्नेह करते थे, किंतु व्यस्तता के कारण वे उनसे मिल नहीं पाते थे। एक दिन यमराज ने अपनी बहन की नाराजगी को दूर करने के लिए उनसे मिलने का निर्णय लिया। यमुना ने अपने भाई का स्वागत बड़े आदर-सत्कार के साथ किया और उन्हें स्वादिष्ट भोजन कराया। यमराज अपनी बहन के प्रेम से अत्यंत प्रसन्न हुए और उनसे वरदान मांगने के लिए कहा। इस पर यमुना ने उनसे अनुरोध किया कि वे हर वर्ष इसी दिन उनसे मिलने आएं और जो भाई इस दिन अपनी बहन का आशीर्वाद प्राप्त करें, उनकी उम्र लंबी हो।यमराज ने यह वरदान स्वीकार किया, जिसके बाद से भाई दूज का यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और भाई की लंबी उम्र की कामना के रूप में मनाया जाने लगा। इस दिन बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनका उज्जवल भविष्य और स्वास्थ्य की कामना करती हैं। पंचदिवसीय त्योहारों का यह अंतिम दिन उतरौला और आस-पास के क्षेत्रों में परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व की रौनक देखने को मिली। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर रोली और अक्षत से तिलक किया और उन्हें नारियल, मिठाई और मिष्ठान्न का भोग लगाया। भाइयों ने अपनी बहनों को आशीर्वाद दिया और उपहार देकर अपने प्रेम का प्रदर्शन किया। घरों में त्योहारी माहौल, मिठाइयों की खुशबू और भाइयों के माथे पर सजते तिलक से इस पावन पर्व का विशेष महत्व अनुभव किया गया। भैया दूज का यह पर्व पंचदिवसीय दीपावली त्योहारों का समापन माना जाता है और इसे भाई-बहन के रिश्ते की मजबूत डोर के रूप में देखा जाता है।

# दीपावली: लक्ष्मी पूजन महोत्सव के तहत बढ़या भैसाही में राम लीला का आयोजन

**महुआ बाजार (बलरामपुर)**

दीपावली पर्व और लक्ष्मी पूजन महोत्सव के संयुक्त पावन अवसर पर ग्राम पंचायत बढ़या भैंसाही में राकेश प्रधान राम लीला समिति हसिनपारा के तत्वाधान मे मंगलवार से आयोजित लीला मंचन प्रारंभ हुआ। भव्य, दिव्य लीला मंचन होने से पूरे क्षेत्र में आस्था का सैलाब आ गया है। हर गांव से महिलाएं, वृद्ध, बच्चे उपस्थित होकर लीला का दर्शन करने पहुंच रहे हैं। दूसरे दिन अर्थात बुधवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, भ्राता, लक्ष्मण, अपने गुरु विश्वामित्र जी के पावन सानिध्य में यज्ञ रक्षार्थ के लिए चल पड़े। गुरु विश्वामित्र के आदेश का पालन करते हुए दोनों भाई पुष्प चुनने हेतू पंचवटी में पहुंचते है जहां जगत जननी पावन पुनीता माता सीता अपने सखियों सहित उपस्थित होती हैं, एक दूसरे को देखने पर मन ही मन में पसंद करते हैं। इसी बीच मनमोहक गीतों से समा बांधते हुए गोलू द्वारा प्रस्तुत भजन-

राम को देख कर के जनक नंदनी।
दोनों अंखियां लड़ी की लड़ी रह गई।।
सुन कर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए।

राजा जनक ने संकल्प लिया कि जो इस धनुष को तोड़ेगा उसी के साथ सीता स्वयंवर होगा। दूर दूर से तमाम राजा, महाराजा रंगभूमि पर उपस्थित हुए किंतु किसी से हिला तक नहीं। काफी समय व्यतीत होने पर राजा जनक आश्चर्य चकित हो गए और सभा में आए सभी राजाओं से भय और क्रोध के मिश्रित शब्द बाण चलाना प्रारम्भ किया।

हे दूर दूर के राजा गण, हम किसे कहे बलिशाली है। हमें प्रतीत यह होता है पृथ्वी वीरों से खाली है।।

जनक वचन सुनी सब नर नारी।
देखि जानकीहि भए दुखारी।।

इतना सुनते ही शेषावतार लखन लाल क्रोध से तमतमा उठे, खड़े होकर राजा जनक से कहा।

माखे लखनु कुटिल भई भौंहे।।

लखन लाल क्रोध से लाल हो गए और बड़े भाई राम से बोले ,

लखन संकोप वचन जे बोले।
डगमगानी महि दिग्गज डोले।।
सकल लोग सब भूप डेराने।
सीए हिए हरसु जनक सकुचाने।।

विश्वामित्र उचित शुभ समय जानकार कर अत्यंत प्रेम भरी वाणी बोले, हे राम उठो शिव जी का धनुष तोड़ो और जनक का संताप हरो। चारों दिशाओं, पृथ्वी, पूर्वजों और गुरु को प्रणाम करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम राम धनुष के तरफ़ धीरे धीरे बढ़ते हैं उपस्थित सभी नर नारी के मन में भय सता रहा है कि सुकोमल बालक कैसे राजा जनक का संताप हरेंगे?

बांदी पितर सुर सुकृति संभारे।
जो कछु पुन्य प्रभाव हमारे।।
तो शिव धनु मृणाल की नाई
तोड़हू राम गणेश गुसाई।।

सबको प्रणाम करने के बाद धनुष को पलक झपकते ही तोड़ दिया। उपस्थित जन सैलाब फूलों की वर्षा करने लगी, इसके बाद परशुराम जी और लक्ष्मण जी के बीच संवाद को दिखाया गया, आज हनुमान जी द्वारा लंका दहन किया गया लंका दहन देखते हुए दर्शक ऐसे मंचन को निहार रहे थे मानो आज बढ़या अयोध्या धाम बन गया हो, गोला, पटाखे फूट रहे थेपूरे क्षेत्र वासियों में हर्षोल्लास व्याप्त है।

## पिछड़े पाक में जहर फैलाता भगोड़ा

विश्व के देश आपसी सहयोग से आर्थिक तरक्की कर रहे हैं, वहीं पड़ोसी देश पाकिस्तान कट्टरपन और दकियानूसी सोच के चलते रसातल में जा रहा है। पाकिस्तान को जरूरत है विश्वस्तरीय ऐसे विशेषज्ञों की जोकि विकास के सभी क्षेत्रों में दिशा दे सकें। इसके विपरीत पहले से ही बदहाली के कुएं में गिरे पाकिस्तान को गहरे अंधकूप में धकेलने का काम कर रहा है कथित धर्म प्रचारक जाकिर नाइक। भारत में मोस्ट वांटेड अपराधी जाकिर नाइक लोगों को धर्म के नाम पर बेतुकी और बेबुनियाद जानकारी देकर ज्यादा जाहिल बनाने का प्रयास कर रहा है। पाकिस्तान पहले ही बर्बादी के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में जाकिर नाइक जैसा अपराधी उसे और धक्का लगा रहा है। विश्व बैंक के मुताबिक पाकिस्तान में 40 प्रतिशत से ज्यादा आबादी गरीबी रेखा से नीचे रहती है। साल 2023 में पाकिस्तान में गरीबी दर 39 प्रतिशत हो गई थी। अर्थात एक साल के अंदर ही गरीबी दर 34.2 प्रतिशत से बढ़कर 39.4 प्रतिशत हो गई। इस वजह से 1.25 करोड़ और लोगों को गरीबी रेखा से नीचे आना पड़ा था। इस तरह अब पाकिस्तान में 9.5 करोड़ लोग गरीबी में जी रहे हैं। पाकिस्तान आईएमएफ का चौथा सबसे बड़ा कर्जदार है। पहले पाकिस्तान पांचवें नंबर पर था। पाकिस्तान जब से आजाद हुआ है, तब से आईएमएफ से मिलने वाला कर्ज यह 23 बार ले चुका है। 31 मार्च 2023 तक पाकिस्तान पर आईएमएफ का 7.4 अरब डॉलर का कर्जा था और पाकिस्तान आईएमएफ का पांचवां सबसे बड़ा कर्जदार था। नए तीन अरब डॉलर के कर्ज के साथ पाकिस्तान के ऊपर कुल 10.4 अरब डॉलर का कर्जा हो जाएगा। भारतीय करंसी में यह रकम 852.39 लाख करोड़ रुपए होती है। इस हिसाब से पाकिस्तान आईएमएफ का चौथा सबसे बड़ा कर्जदार बन जाएगा। मुल्ले–मौलवियों के इस देश में 5 से 16 साल की उम्र के करीब 2.53 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। इनमें से 1.88 करोड़ बच्चे ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। इन बच्चों में 53 प्रतिशत लड़कियां हैं। देश की इस बदहाली को दूर करने के लिए विश्व से विशेषज्ञों को आमंत्रित करने के बजाय पाकिस्तान की सरकार ने भारत के भगोड़े जाकिर नाइक को उपदेश देने के लिए देश का मेहमान बना कर बुलाया। कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में वांछित विवादास्पद इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक इस्लामाबाद, कराची और लाहौर में अपनी व्याख्यान श्रृंखला के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच पाकिस्तान में मौजूद है। पाकिस्तान में सरकार के शीर्ष नेताओं ने उसकी अगवानी की, जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के युवा कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मशहूद और धार्मिक मामलों के मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सैयद अता–उर–रहमान शामिल थे। जाकिर नाइक अपने भडकाऊ भाषणों के लिए जाना जाता है और वर्तमान में भारत सरकार की राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा 2016 के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वांछित है। उस पर अपने नफरत भरे भाषण से लोगों को भडकाने का भी आरोप है। नाइक पीसटीवी नाम से एक चैनल चलाता है, जिसे उसके विवादास्पद स्वभाव के कारण भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका में प्रतिबंधित कर दिया गया है और इसके कारण उसे कनाडा और यूनाइटेड किंगडम में प्रवेश से भी वंचित कर दिया गया है। पाकिस्तान पहुंचे विवादास्पद इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक ने पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस पर अतिरिक्त सामान के लिए शुल्क माफ न करने को लेकर तीखा हमला किया। वह मलेशिया से पाकिस्तान यात्रा कर रहा था और एयरलाइन ने नाइक को केवल 50 प्रतिशत की छूट की पेशकश की। नाइक ने कहा कि उसके अपने देश में ऐसा कभी नहीं होता।

# भारत-कनाडा विवाद में तीसरी भूमिका

**प्रेम शर्मा**

खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड को लेकर भारत और कनाडा के बीच जारी कूटनीतिक विवाद और गहराता जा रहा है। पिछले दिनों कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मारीसन की तरफ से इस मामले में संसदीय समिति की एक सुनवाई के दौरान भारत के गृह मंत्री अमित शाह का नाम लिए जाने को भारत ने बेहद गंभीरता से लिया है। इस मामले में एक दिन पहले कनाडा के भारतीय उच्चायोग के प्रतिनिधि को विदेश मंत्रालय में समन कर भारत ने कड़ा रोष जताया।

विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में एक राजनयिक नोट भी सौंपा है। भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि मौजूदा ट्रूडो सरकार राजनीतिक एजेंडे के तहत काम कर रही है और वह जो कदम उठा रही है उससे दोनों देशों के रिश्तों पर गहरा नकारात्मक असर होगा। कनाडा बेवजह भारत की छवि धूमिल करने में जुटा है।पिछले साल कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि निज्जर की हत्या में भारत के एजेंट शामिल थे। इस विवाद की वजह से दोनों देश एक दूसरे के कुछ राजनयिकों को निकाल चुके हैं। कनाड़ा और भारत विवाद में तीसरी भूमिका इसलिए दिखाई पड़ती है क्योकि अभी इस विवाद के कारण माहौल गर्माया ही था कि इस बीच अमेरिका के न्याय विभाग ने एक हत्या की साजिश रचने के मामले में कथित भारतीय सरकारी कर्मचारी विकास यादव पर आरोप तय कर दिए हैं। न्याय विभाग ने बताया कि विकास यादव के साथ कथित तौर पर हत्या की साजिश में शामिल एक और व्यक्ति 53 वर्षीय निखिल गुप्ता को पहले ही अमेरिका को प्रत्यर्पित किया जा चुका है. अमेरिका का कहना है कि विकास यादव फरार हैं। यही नही इस मामले में चीन के सरकारी अखबार ने जिस तरह के बयान जारी किए है उससे भी यह आभास होता है कि चीन का रवैया इस मामले में सुस्पष्ट नही है। इसलिए कनाड़ा भारत के बीच इस विवाद से इन दोनों देशों को क्या फायदा होगा यह भी विचारणीय है।



**अगर आपको कुछ दिन पहले की बात याद हो, तो अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट के प्रवक्ता ने भी कहा था कि भारत को कनाडा के साथ सहयोग करना चाहिए। यही बात यूके के फॉरेन मिनिस्ट्री ने भी दोहराई। फाइव आइज के सदस्य अमेरिका और यूके भारत को कह रहे हैं कि आप सहयोग करें। इसका मतलब ये है कि ये मामला सिर्फकनाडा की घरेलू राजनीति का नहीं है, बल्कि इंटरनेशनल लेवल पर भी गंभीरता से लिया जा रहा है। सिख अलगाववाद का मुद्दा केवल कनाडा तक सीमित नहीं है। याद करे कि 1985 में एयर इंडिया बम धमाके के बाद भी भारत और कनाडा के रिश्तों में खटास आई थी। कना डा ने कई बार ऐसे मामलों में दोषियों को भारत को सौंपने से इंकार किया है। ऐसा ही मामला यूके में भी है, जहां भारत ने एक लिस्ट दी थी, जिसमें कई वांटेड लोग थे, लेकिन यूके ने भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया।**

अगर आपको कुछ दिन पहले की बात याद हो, तो अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट के प्रवक्ता ने भी कहा था कि भारत को कनाडा के साथ सहयोग करना चाहिए। यही बात यूके के फॉरेन मिनिस्ट्री ने भी दोहराई। फाइव आइज के सदस्य अमेरिका और यूके भारत को कह रहे हैं कि आप सहयोग करें। इसका मतलब ये है कि ये मामला सिर्फ कनाडा की घरेलू राजनीति का नहीं है, बल्कि इंटरनेशनल लेवल पर भी गंभीरता से लिया जा रहा है। सिख अलगाववाद का मुद्दा केवल कनाडा तक सीमित नहीं है। याद करे कि 1985 में एयर इंडिया बम धमाके के बाद भी भारत और कनाडा के रिश्तों में खटास आई थी। कना डा ने कई बार ऐसे मामलों में दोषियों को भारत को सौंपने से इंकार किया है। ऐसा ही मामला यूके में भी है, जहां भारत ने एक लिस्ट दी थी, जिसमें कई वांटेड लोग थे, लेकिन यूके ने भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया। तो ये मुद्दा केवल कनाडा तक सीमित नहीं है। बल्कि यूके, पाकिस्तान, और कई अन्य जगहों पर भी फैला हुआ है।

कनाडा से जुड़े मामले को फाइव आइज देश अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, और न्यूजीलैंड ने चिंताजनक स्थिति बताया है। हालांकि कई देश बिना भारत का नाम लिए कनाड़ा के पक्ष में है जो भारत के लिए चिन्ताजनक है। ऐसे में भारत के सामने कनाड़ा में रहने वाले भारतीय एवं व्यापार को देखते हुए बड़े ही सर्तक तरीके से इसका हल निकालना होगा। कनाडा में भारतीयों की संख्या करीब 18 लाख है और कनाडा की आबादी में भारतीयों की हिस्सेदारी 5 फीसदी के करीब है। साल 2011 में कनाडा में भारतीय मूल के लोगों की संख्या 18 लाख थी। साल 2013 से 2023 के बीच कनाडा में प्रवास करने वाले भारतीयों की संख्या 32,828 से बढ़कर 139,715 हो गई है. यानी, इस अवधि में भारतीयों की संख्या में 326 फीसदी की बढ़ोतरी हुई हैं। इसी तरह भारत और कनाडा के बीच व्यापार और निवेश के संबंध, दोनों देशों के बीच के बहुआयामी संबंधों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। 2022 में, वस्तुओं के दो-तरफा व्यापार का मूल्य 871.5 अरब रुपये था। जिसमें भारत के निर्यात का हिस्सा 531.2 अरब रुपये और आयात का हिस्सा 340.3 अरब रुपये था। मतलब यह कि इस विवाद से केवल कनाड़ा को ही नही भारत को भी इसका खमियाजा भुगतना पड़ेगा। ताजा घटना क्रम में कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया सलाहकार नथाली ड्रोइन, उप-विदेश मंत्री डेविड मॉरीसन व कनाडा के संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के सदस्यों ने वाशिंगटन पोस्ट की लीक रिपोर्ट की पुष्टि की, जिसमें आरोप लगाया गया कि कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादियों को निशाना बनाने के अभियान के पीछे भारत के गृह मंत्री शाह का हाथ था। डेविड मॉरीसन ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि उन्होंने वाशिंगटन पोस्ट को शाह के नाम की ''पुष्टि'' की है। उन्होंने कहा, ''पत्रकार ने मुझे फोन करके पूछा कि क्या यह वही व्यक्ति है. मैंने पुष्टि की कि यह वही व्यक्ति है। कनाड़ा यही नहीं रूका बल्कि ''कनाडा ने पहली बार भारत का नाम साइबर खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची में शामिल किया है। इसके जरिये उसने यह संकेत देने की कोशिश की है कि भारत सरकार द्वारा प्रायोजित तत्वों के माध्यम से ओटावा के खिलाफ जासूसी किए जाने की संभावना है। दोनों देशों के मध्य जारी कूटनीतिक विवाद के बीच, कनाडा की एनसीटीए 2025-2026 रिपोर्ट में चीन, रूस, ईरान और उ. कोरिया के बाद भारत को 5वें स्थान पर है। इस पर भारत को एक बार फिर कनाडा के उप उच्चायुक्त को तलब कर फटकार लगाते हुए यह कहना पड़ा कि यदि उसका गैर जिम्मेदाराना रवैया कायम रहा तो दोनों देशों के संबंध और बिगड़ेंगे। इससे यही पता चला कि कनाडा सरकार भारत को बदनाम करने के अभियान में लिप्त है और सनसनी फैलाने के लिए शातिर तरीके से मीडिया का सहारा ले रही है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडा के उप विदेश मंत्री की इसी हरकत पर नाराजगी जताई।

## विचार

# पर्यावरण तथा वायु प्रदूषण से होता बुरा हाल

दीपावली के बाद बड़े मेट्रोपॉलिटन शहरों जैसे दिल्ली,मुंबई,कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, अहमदाबाद, हैदराबाद जैसे शहरों में पर्यावरण तथा वायु प्रदूषण का स्तर काफी ऊंचा हो गया है। मेरा कतई यह आशय नहीं है कि हमें दीपावली नहीं माननी चाहिए जरूर माननी चाहिए, जोर जोर से मनानी चाहिए एवं संपूर्ण धार्मिकता तथा आस्था के साथ बनाना चाहिए।

दीपावली मुख्यतः दीपों और रोशनी का का पवित्र त्यौहार है पर उसके दूसरे पहलू में अंधाधुंध पटाखे और बम फोड़ने से होते प्रदूषण पर भी हमें ध्यान रखना होगा एवं इसके उपचार के लिए सदैव प्रयासरत भी होना होगा। दिल्ली वैसे भी देश और दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर माना जाता है इसके बाद कोलकाता तथा मुंबई का नंबर भी आता है पटना शहर की जनसंख्या एवं घरों की बसाहट अधिक होने से वाहन प्रदूषण की स्थिति अत्यंत कमजोर है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा की भारत जैसे विकासशील देश को नितांत आवश्यकता है। जहां देश के वार्षिक



बजट का बड़ा हिस्सा पर्यावरण प्रदूषण को दूर करने एवं पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने हेतु खर्च किया जाता है। अपने देश में दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित शहर हैस इसके बाद अनेक राज्यों की राजधानियां भी प्रदूषण में एक दूसरे को टक्कर दे रही हैं, दिल्ली मे तो प्रदूषण बेचारा केंद्र और राज्य की राजनीति का शिकार हो गया है, दिल्ली प्रशासन और केंद्र शासन एक दूसरे पर पर्यावरण तथा यमुना नदी के प्रदूषण पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं पर प्रदूषण कम करने के उपाय ऊपर हाथ में हाथ धरे बैठे हैं। अमूमन यही स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी है।

वर्तमान में वृहद चिंतन की आवश्यकता है कि पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा है कैसे जन्म लेंगी? उसमें गहन चिंतन विभिन्न मानव प्रजातियों के आर्थिक तथा पर्यावरण संतुलन को लेकर भी हैस इस विषय पर एक खुली बहस की आवश्यकता हैस खुली बहस इसलिए भी कि मनुष्य के जीवन के लिए जितना आवश्यक पर्यावरण संतुलन है उतना ही आवश्यक उसका आर्थिक विकास भी हैस अब ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को देखकर पर्यावरण संतुलन को आर्थिक विकास के साथ जोड़ा जाना अत्यंत महत्वपूर्ण एवं मानवीय जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक हैस बढ़ते असमान आर्थिक विकास तथा उपभोक्तावादी प्रकृति ने जहां सामाजिक विभेद की दरार को चौड़ा कर दिया है वही विश्व स्तर पर विस्तारवाद तथा उपनिवेशवाद को बढ़ावा भी मिला है। राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भेदभाव के इस बड़े स्तर को आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संतुलन को प्राथमिकता देना नदी के दो अलग किनारों को जोड़ने जैसा ही है विकास की दौड़ में जहां मनुष्य जीवन के इस व्यस्तता में थककर वापस प्रकृति की ओर उन्मुख होना चाहता हैस शहरी मनुष्य प्रकृति की शीतलता, हरियाली और खुली स्वच्छंद हवा में सांस लेने के लिए उत्सुक है और कल्पना करता है कि गांव में जीवन कितना सुमधुर और स्वच्छंद आनंदमई है, इसकी दूसरी तरफ ग्रामीण जंगली इलाकों के रहने वाले लोग कल्पना करते हैं कि शहर में कितनी सुविधाएं हैं जो जीवन जीने को एकदम सरल एवं आसान

**राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भेदभाव के इस बड़े स्तर को आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संतुलन को प्राथमिकता देना नदी के दो अलग किनारों को जोड़ने जैसा ही है विकास की दौड़ में जहां मनुष्य जीवन के इस व्यस्तता में थककर वापस प्रकृति की ओर उन्मुख होना चाहता हैस शहरी मनुष्य प्रकृति की शीतलता, हरियाली और खुली स्वच्छंद हवा में सांस लेने के लिए उत्सुक है और कल्पना करता है कि गांव में जीवन कितना सुमधुर और स्वच्छंद आनंदमई है, इसकी दूसरी तरफग्रामीण जंगली इलाकों के रहने वाले लोग कल्पना करते हैं कि शहर में कितनी सुविधाएं हैं जो जीवन जीने को एकदम सरल एवं आसान बनाती है।**

बनाती है। यह द्विपक्षीय लालसा शहर में रहने वाले और ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के बीच बराबर की है, हमें इनके आपसी संतुलन को बनाए रखना और आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संतुलन को भी बढ़ते सोपान के साथ बढ़ावा देना हैस यूरोपीय देशों में कई देशों ने इसके उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जहां आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है इसके लिए हमें उपभोक्तावादी संस्कृति को नियंत्रित कर नागरिकों को पर्यावरण के संतुलन के प्रति जागरूक करना होगा। टेक्नोलॉजी के स्तर पर पर्यावरण अनुकूल साधनों का ऊर्जा स्रोत ग्रीन तकनीक, हरित भवन, कार्बन न्यूट्रल वाहनों की तरफ उनके नियंत्रण पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता होगी। वहीं दूसरी तरफ आदिवासियों पर ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक विज्ञान से देसी ज्ञान के साथ शिक्षित भी करने की आवश्यकता होगीस पर्यावरण किसी भी परियोजना को स्थापित करने के पूर्व पर्यावरण आकलन करने की आवश्यकता है ही इसके साथ ही समाज में पड़ने वाले प्रभाव को देखने के लिए सामाजिक प्रभाव आकलन को भी मूर्त रूप देना होगास इस संतुलन को बनाने हेतु भविष्य की नीति बनाने की आवश्यकता होगी साथ ही हमको यह भी समझना होगा कि पर्वतों को मिटाने से नदियों को बांधने व जंगलों को काटने से विकास संभव नहीं है पर्यावरण संतुलन और विकास को केवल आर्थिक विकास की श्रेणी में न रखकर समग्र रूप से सामाजिक, पर्यावरणीय संस्कृति के नैतिक रूप से समझने की आवश्यकता होगी इस पर्यावरण तथा आर्थिक संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें सर्वहारा वर्ग के हर व्यक्ति के लिए जीत सुनिश्चित करनी होगी जिसमें किसी को नुकसान ना हो एवं आम व्यक्ति पीछे ना रह जाए।

## कालापानी काट कर जिन्होंने भगत व राजगुरु जैसे क्रांतिकारी तैयार किए

**रमेश शर्मा**

भारत की स्वतंत्रता के लिये असंख्य बलिदान हुये। इनमें कुछ बलिदानी ऐसे भी हैं जिनकी पीढ़ियों ने राष्ट्र, संस्कृति और स्वत्व के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। भाई परमानंद ऐसे ही महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं, जिनकी हर पीढ़ी ने राष्ट्र रक्षा के लिये जीवन समर्पित किया। ऐसे सुप्रसिद्ध क्राँतिकारी भाई परमानन्द का जन्म 4 नवम्बर 1876 को झेलम जिले के करियाला गाँव में हुआ। यह क्षेत्र अब पाकिस्तान में है। राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिये भाई जी की हर पीढ़ी ने बलिदान दिया है। गुरु तेगबहादुर के साथ अपने प्राणों की आहुति देने वाले भाई मतिदास उनके पूर्वज थे। उनके परिवार की ऐसी कोई पीढ़ी नहीं जिसने इस राष्ट्र के लिये बलिदान न दिया हो।

भाई सतिदास, भाई बालमुकुन्द जैसे बलिदानी भी इसी वंशवृक्ष के अंग थे। भाई परमानंद के पिता भाई ताराचंद ने अपनी किशोर वय में 1857 की क्रान्ति के संदेशवाहक के रूप में भूमिका निभाई थी। उस क्रान्ति की असफलता के बाद वे आर्य समाज से जुड़े और भारत के साँस्कृतिक गौरव जागरण में लग गये। राष्ट्र और संस्कृति के लिये समर्पित भाई परमानन्द जी बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने लिये दो भूमिकाएँ निश्चित कीं। पहले आर्य समाज और वैदिक धर्म के अनन्य प्रचारक बने, वे एक आदर्श शिक्षक, इतिहास, संस्कृति और साहित्य मनीषी थे। साथ उन्होंने राष्ट्र और सांस्कृतिक जन जागरण के लिये युवकों की टोलियाँ तैयार कीं। सरदार भगत सिंह, सुखदेव, पं. रामप्रसाद %बिस्मिल%, करतार सिंह सराबा जैसे असंख्य राष्ट्रभक्त युवकों के वे उनसे प्रेरणा स्रोत थे। आपने हिंदी में भारत का इतिहास लिखा है। इतिहास-लेखन में आप राजाओं, युद्धों और केवल जीवनवृत्त विवरण को ही प्रधानता नहीं देते थे। वे भारत की परंपराओं और सांस्कृतिक गौरव से समाज को अवगत कराना चाहते थे। वे कहते थे कि इतिहास में मानवीय भावनाओं, इच्छाओं, आकांक्षाओं, संस्कृति गौरव एवं सभ्यता की गुणवत्ता को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए।

1902 में भाई परमानन्द ने पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की और लाहौर के दयानन्द एंग्लो महाविद्यालय में शिक्षक नियुक्त हो गये। भारत की प्राचीन संस्कृति तथा वैदिक धर्म में आपकी रुचि देखकर महात्मा हंसराज ने आपको भारतीय संस्कृति का प्रचार करने के लिए अक्टूबर 1905 में अफ्रीका भेजा। डरबन में भाईजी की गांधीजी से भेंट हुई। अफ्रीका में भाईजी प्रमुख क्राँतिकारियों सरदार अजीत सिंह, सूफी अंबाप्रसाद आदि के संपर्क में आए। इन क्राँतिकारी नेताओं से संबंध तथा क्राँतिकारी दल की कार्यवाही पुलिस की दृष्टि से छिप न सकी। अफ्रीका से भाई परमानन्द जी लन्दन चले गए। वहाँ उन दिनों श्यामजी कृष्ण वर्मा तथा विनायक दामोदर सावरकर क्रान्तिकारी कार्यों में सक्रिय थे। भाई जी इन दोनों के सम्पर्क में आये। एक संकल्प लेकर 1907 में भारत लौटे। लौटकर दयानन्द वैदिक महाविद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ वे युवकों में राष्ट्र और सांस्कृतिक गौरव बोध जगाने के कार्य में जुट गये। इसी बीच सरदार अजीत सिंह तथा लाला लाजपत राय से उनकी निकटता बढ़ी। इससे वे पुलिस की नजर में आ गये। 1910 में पुलिस ने उन्हे लाहौर से गिरफ्तार कर लिया किन्तु कोई आरोप प्रमाणित न हो सका और वे जमानत पर रिहा हो गये। रिहाई के बाद भाईजी अमरीका चले गये। वहाँ जाकर प्रवासी भारतीयों के बीच वैदिक धर्म के प्रचार अभियान में जुट गये। वहाँ आपकी भेंट प्रख्यात क्राँतिकारी लाला हरदयाल से हुई। उन दिनों वहाँ भारत की स्वाधीनता के लिए अभियान चलाने और संगठन तैयार करने की योजना चल रही थी। लाला हरदयाल ने भाईजी को भी इस दल में सम्मिलित कर लिया। इस दल में करतार सिंह सराबा, विष्णु गणेश पिंगले जैसे कार्यकर्ताओं ने भारत की स्वाधीनता के लिए अपना जीवन समर्पित करने का संकल्प लिया। भाईजी पुनः 1913 में भारत लौटे और लौटकर लाहौर में क्रान्ति के लिये युवकों की टोली तैयार करने में जुट गये।



# राशिफल

**मेषः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

तुलाः- व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिकः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

# गांवों को भी स्मार्ट गांव में तब्दील किया जाए

**संजीव ठाकुर**

विदेश की तरह भारत में भी अनेक शहरों को स्मार्ट सिटी का दर्जा देकर सारी सुविधाएं दी जा रही है हमें अब चाहिए कि गांव को भी स्मार्ट गांव में तब्दील उसे विकास की मुख्य धारा में लाया जाए।

विदेशी गांवों की तर्ज पर ही भारत देश के गांव के भी विकास की जरूरत महसूस हो रही है,जहां के निवासियों की सभी जरूरतों को त्वरित व तेजी से पूरा किया जा सकेस जिस शहर में सभी गुणवत्ता पूर्ण आम लोगों को सुविधाएं कम सेवा मूल्य पर और आसानी से उपलब्ध हो सके। जहां लोगों के जीवन यापन के तरीके इतने सुलभ व संतुलित हो की धूल प्रदूषण से मुक्त सड़कें, पानी, बिजली आसानी से उपलब्ध हो सकेस और वहां पर घर पहुंच घर में बैठे-बैठे इंटरनेट और सोशल मीडिया पर क्षण भर में सभी प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सके। आम नागरिक जन सुविधाओं से स्वतंत्रता के बाद अब तक जूझ रहा हैं, तो उसका त्वरित निराकरण संचार माध्यमों से हो सके। ऐसे स्मार्ट शहर की स्थापना किया जाना केंद्र सरकार का लक्ष्य बन गया हैस पर क्या भारत की जनसंख्या की



विशालता को देखते हुए और भारत के गांवों की संघनता और जनसंख्या को दृष्टिगत रख इन्हें स्मार्ट सिटी में बदला जा सकता है? यदि सरकार और आम नागरिकों का दृढ़ निश्चय संकल्प हो, और आपसी सहयोग तथा सामंजस्य बेहतर तरीके से हो जाए तो भारत में स्मार्ट सिटी की परिकल्पना यथार्थ रूप भी ले सकती हैस यदि दूसरे तरीके से और दूसरे नजरिए से इस तथ्य को देखा जाए तो स्मार्ट सिटी में पर्याप्त बिजली, पानी,भोजन,घर आदि की उपलब्धता के साथ-साथ स्वास्थ्य, सुरक्षा,शिक्षा, मनोरंजन, यातायात की सुविधाएं भी आसानी से प्राप्त हो जाएं और आरामदायक जीवन से संबंध सभी आर्थिक गतिविधियों का संचालन सुचारू रूप से चलता रहे। ऐसी स्मार्ट सिटी यदि भारत में बन जाती है, तो भारत से ज्यादा विकासवान दूसरा भी नहीं हो सकता है। तो ऐसे शहर की परिकल्पना केवल दृढ़ संकल्प और सार्थक मेहनत के प्रतिफल के रूप में ही की जा सकती है। देश के प्रधानमंत्री ने पूर्व स्वतंत्रता दिवस पर भारत में 100 से ज्यादा शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा भी की है। और इसके लिए उन्होंने 9 हजार करोड़ रुपयों का बजट का प्रावधान भी रखा है। वैसे तो प्रधानमंत्री के इस स्वप्निल विचारों को मूर्त रूप देने के लिए केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा एक पूरा मैनुअल जारी किया गया है।

यह परियोजना आने वाले वर्षों में मूर्त रूप लेगी। देश के 40 लाख से अधिक आबादी वाले 9 शहरों,10 लाख से 40 लाख आबादी वाले 44 शहरों, 5 लाख से 10 लाख आबादी वाले 20 शहरों, सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों के अंतर्गत आने वाले लगभग 37 शहर सहित पर्यटन व धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण 15 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की योजना बनाई गई है। नए प्रारूप में सर्वप्रथम केंद्रीय शासन द्वारा दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद, इलाहाबाद, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, देहरादून, हरिद्वार, बोधगया, भोपाल, इंदौर, कोच्चि, जयपुर और अजमेर को स्मार्ट सिटी के रूप में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है।भारत में स्मार्ट सिटी बनाने की इस नई परियोजना मैं विदेशी राष्ट्रों ने भी गहरी रुचि दिखाई है। जापान ने वाराणसी शहर को एक अच्छी विकसित सर्व सुविधा संपन्न स्मार्ट सिटी बनाने रुचि दिखाई है। कतर देश के प्रिंस शेख हमद बिन नासिर ने दिल्ली को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए 100 अरब रुपए की योजना बनाकर निवेश करने की इच्छा जताई है। नासिर जी ने अपने एक पार्टनर दिल्ली के नितेश शर्मा के साथ मिलकर देश में स्मार्ट शहरों की निर्माण हेतु एक लाख करोड़ रुपए निवेश करने का प्रावधान रखा है। सिंगापुर ने भी भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए सहयोग देने की बात कही है। उन्होंने चेन्नई बैंगलोर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निकट एक लिटिल सिंगापुर विकसित करने की योजना बनाई है।भारत सरकार ने स्मार्ट सिटी पर होने वाले खर्च हेतु पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल की को प्राथमिकता देने की योजना भी बनाई है। पर स्मार्ट सिटी बनाते समय विशेष तौर पर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत स्मार्ट सिटी में मांग प्रबंधन वित्तीय को ओपन ऊर्जा कुशलता सूचनाओं के आदान-प्रदान की समयानुकूल व्यवस्था के साथ न्यूनतम कचरा उत्पादन जैसी विशेषताओं का होना भी आवश्यक है। स्मार्ट सिटी में बाधा हीन कारोबार, गुणवत्ता परक जीवन के कारण तीव्र प्रति श्रद्धा की स्थिति मौजूद रहती है। ऐसे में जन सुरक्षा एवं नागरिक अधिकारों को भी साथ साथ जीवित रखना होगा। स्मार्ट शहरों को विध्वंसक कार्रवाई यों और चोरी डकैती आदि से बचाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के तहत सीसीटीवी की निगरानी में 24 घंटे रखा जाना होगा। इसके साथ ही संतुलित जीवन के लिए पर्यावरण संतुलन भी अत्यंत आवश्यक होगा। देश में बड़ी संख्या में स्मार्ट सिटी स्थापित करने में निसंदेह भारत को विकसित देशों की ओर अग्रसर होने में बहुत मदद मिलेगी। देश में नए सिरे से रोजगार के अवसर भी खोजा जाएगा। परंतु इस नई परियोजना को मूर्त रूप देने में कई विघ्न बाधाएं एवं चुनौतियां भी हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी :–

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 06.11.24 तक |
| 02251 | पटना जं (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरुवार, शनिवार, सोमवार | 07.11.24 तक |
| 02270 | लखनऊ (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02248 | नई दिल्ली (तेजस त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 05.11.24 तक |
| 02247 | पटना जं (तेजस त्यौहार विशेष) | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 06.11.24 तक |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | सोमवार | 04.11.24 को |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | मंगलवार | 05.11.24 को |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | मंगलवार | 05.11.24 को |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | बुधवार | 06.11.24 को |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरूवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरू, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरूवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी जं | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार जं | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 30.11.24 तक |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 04608 | जम्मू तवी | 20:20 | हावड़ा जं. | 13:20 | तिथि वार | सोमवार | 04.11.24 को |
| 04607 | हावड़ा जं. | 23:45 | जम्मू तवी | 15:20 | | बुधवार | 06.11.24 को |
| 04679 | कामाख्या | 06:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:20 | तिथि वार | मंगलवार | 05.11.24 को |
| 04661 | सहरसा | 10:00 | अमृतसर जं. | 18:20 | तिथि वार | मंगलवार | 05.11.24 को |
| 05001 | गोरखपुर जं. | 19:30 | दिल्ली जं. | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 05002 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 09:55 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05111 | छपरा जं. | 14:00 | नई दिल्ली | 11:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा जं. | 11:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर जं | 00:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 04.11.24 को |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं | 06:30 | | गुरूवार | 07.11.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04230 | नई दिल्ली | 11:30 | हाजीपुर | 05:30 | तिथि वार | सोमवार | 04.11.24 को |
| 04229 | हाजीपुर | 08:45 | नई दिल्ली | 03:10 | | मंगलवार | 05.11.24 को |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरूवार को छोड़कर | 30.11.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 01.12.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरूवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05037 | बनारस | 19:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 05038 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | बनारस | 01:10 | | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 06097 | चेन्नै सेंट्रल | 05:15 | अम्बाला कैंट जं. | 02:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 06098 | अम्बाला कैंट जं. | 15:30 | चेन्नै सेंट्रल | 13:35 | | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 07617 | काचीगुडा | 23:15 | हजरत निजामुद्दीन | 04:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 4,11 एवं 18.11.24 |
| 07618 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | काचीगुडा | 11:45 | | बुधवार | 6,13 एवं 20.11.24 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल (वाया बरेली) | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09076 | काठगोदाम (वाया बरेली) | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरूवार | 26.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरूवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरूवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 04.11.24 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 13.11.24 तक |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 12.11.24 तक |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा जं (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरू, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरू, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# जेल में सलाखों के बीच भाइयों पर बहनों का उमड़ा प्यार

- बहनों ने भाइयों को किया तिलक, की लंबी उम्र की कामना

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

भाई बहन के प्रेम व सौहार्द के प्रतीक पर्व भैया दूज परंपरागत उल्लास से मनाया गया। घरों में जहां बहनों ने अपने भाईयों का तिलक कर उन्हें लंबी उम्र, सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया।

रविवार को क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज में निरूद्ध बंदियों की बहनों ने भी अपने भाई से मुलाकात कर त्योहार मनाया। कारागार में 442 महिला मुलाकातियों की 240 पुरूष बंदियों से तथा 05 पुरुष मुलाकातियों की महिला बंदियो से मुलाकात करायी गयी। मुलाकातियों के साथ 170 बच्चें भी साथ में आये। बहनों ने भाईयों को तिलक लगाकर उनके सुखमय जीवन और लंबी उम्र की कामना की। जेल प्रशासन ने बंदियों के साथ भैया दूज मनाने के लिए आने वाली बहनों को पूजा व तिलक के लिए आवश्यक सामग्री दिलाने में सहयोग किया। प्रभारी जेल अधीक्षक/ कारापाल विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि बहनों ने भैया दूज पर जेल में निरूद्ध अपने भाईयों को तिलक लगाकर खुशियां साझा की। प्रभारी जेल अधीक्षक द्वारा पर्यवेक्षण कर महिला मुलाकातियों से भी वार्ता कर मुलाकात में किसी भी प्रकार की होने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी। जेल प्रशासन की ओर से व्यवस्थित तरीके से बंदियों से मुलाकात का इंतजाम किया गया। इस मौके पर उपकारापाल आशादेवी पाण्डेय, उपकारापाल रामबहाल दुवे, उर्मिला सिंह, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार सहित आदि लोग रहे।


जेल में भाई को तिलक कर मिष्ठान खिलातीं बहनें

## धूमधाम से मनाया गया भाई दूज का पर्व

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भाई दूज के पर्व पर बहनों ने भाइयों को दूज खिलाकर उनकी दीर्घ आयु व कुशलता के लिए कामना की। तो वही भाइयों ने बहनों की रक्षा के लिए वचनवद्ध होते हुए उन्हे मिठाइयॉ खिलाकर उपहार भेंट किए। बहनों को उपहार देने के लिए भाईयों की भीड दुकानों पर लगी रही। रविवार को भाई बहनों ने दूज पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया। बहनों ने भाइयों के लिए बाजार से मिष्ठान आदि खरीदें, तो वही भाइयों ने बहनों को देने के लिए उपहार खरीदे। बहनों ने भाइयों के मष्तक पर तिलक कर उनके दीर्घ आयु की कामना की। भाइयों ने बहनों की रक्षा का वचन देते हुए उन्हे उपहार किए। उधर बाजारों में भीड भाड के कारण अफ्रातफ्री का माहौल बना रहा। सडकों तक सजी मिठाइयों व उपहार केन्द्रों की दुकानों पर उमडी भीड के कारण सडकों पर जाम की स्थित बनी रही। जिससे यातायात घण्टों प्रभावित रहा और यात्री जाम में फंसे रहे। इतना ही नहीं महिलाओं को कडी मसक्कत और परेशानी का सामना करना पडा। जिसके चलते महिलाओं ने घण्टों डग्गामार अडडों और बस स्टैण्ड पर सवारी का इन्तजार किया। वही रोडवेज बसों के अभाव के कारण नगर व क्षेत्र में दौड रहे डग्गमार वाहनों की चांदी लग गई। किराये के नाम पर डग्गामारों ने मनमानी बसूली कर यात्रियों को उनके गंतव्य तक पुहचाया। उधर रोडवेज बसों की कमी और वाहनों के अभाव का फायदा ट्रकों व भार वाहनों ने भी उठाया।


भाई को तिलक कर दीर्घायु की कामना करती बहन।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत, पिता-पुत्र घायल

- सुर्सी-विषधन मार्ग पर लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज के पास हुआ हादसा
- धान की फसल काटने जा रहे थे बाइक सवार, सामने से अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

ठठिया थाना क्षेत्र के सुर्सी गांव के निकट रविवार की दोपहर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सामने से आ रहे एक बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपति व उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तीनों घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

ठठिया थाना क्षेत्र के सुर्सी के कछियाना निवासी जगदीश कुमार (57) अपनी पत्नी सुशीला देवी (55) तथा पुत्र महेन्द्र के साथ बाइक पर सवार होकर अपने खेत पर धान की फसल को काटने जा रहे थे। उनकी बाइक पुत्र महेन्द्र कुमार चला रहा था। जब उनकी बाइक सुर्सी-विषधन मार्ग पर लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज के निकट पहुंची, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना होते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने तीनों घायलों को उपचार के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान सुशीला देवी ने दम तोड़ दिया।

घायल पिता जगदीश व पुत्र महेन्द्र का इमरजेंसी वार्ड में उपचार चल रहा है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मृतका के शव को मोर्चरी में रखवाकर घटना की जानकारी ठठिया पुलिस को दे दी है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल




**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के सिमरिया गांव के निकट रविवार की दोपहर एक तेज रफ्तार लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सिमरिया निवासी श्याम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी घटना उमर्दा के निकट स्थित पेट्रोल पंप के पास में हुई। यहां औरेया जनपद के बेला थाना क्षेत्र के महू निवासी संतोष व इनकी पत्नी रीता बाइक अनियन्त्रित हो जाने के कारण सड़क पर गिरकर घायल हो गए। तीसरी घटना ठठिया के उमगरा के निकट हुई। यहां दो बाइकों की भिड़त में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

# गोपालन कर पशुपालक पाएं रोजगार के अवसर

- नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत तीन विकास योजनाओं का हुआ शुभारंभ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश सरकार ने गोवंश के विकास एवं गोपालकों की सहायता हेतु नंद बाबा दुग्ध मिशन अन्तर्गत तीन विकास योजनाओं का शुभारंभ किया। जिनसे न केवल गोपालन को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि गोपालन कर पशुपालकों को भी रोजगार मिलेगा। जिससे उनका आर्थिक विकास होगा और प्रदेश की तीन ट्रिलियन इकॉनोमी बनने की यात्रा में एक क़दम आगे बढ़ेगा। यह जानकारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रथम योजना स्वदेशी गौ संवर्धन योजना इस योजना में कुल 24 ईकाई स्थापित करने का लक्ष्य शासन द्वारा दिया गया है। जिसमें आधा अर्थात 12 ईकाई स्थापित करने अर्थात 50 प्रतिशत लक्ष्य महिलाओं द्वारा पूर्ण किया जाएगा। इस योजना की कुल अनुमानित लागत 2 लाख रुपए है। जिसमें साहीवाल, हरियाणा, थारपारकर अथवा गिर नस्ल की दो गायों का क्रय, ट्रांजिट बीमा, तीन वर्षों का पशु बीमा, चारा काटने की मशीन आदि के व्यय के रूप में 40 प्रतिशत अर्थात 80000 रु. का अनुदान दिया जाएगा। गायों को प्रदेश से बाहर से क्रय करना होगा और निर्धारित नस्ल और मानक के अनुसार दुग्ध उत्पादक का होना अनिवार्य है। गायों को तीन वर्षों तक पालन करने का शपथग्रहण देना होगा। आवेदन तिथि 13 नवंबर तक है। आवेदन किसी भी पशु चिकित्साधिकारी से अथवा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अथवा उप दुग्धशाला विकास अधिकारी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। प्राप्त आवेदनों में से जनपद स्तरीय समिति से चयन उपरांत लाभार्थियों को सूचित किया जाएगा।

### चार ईकाई स्थापित करने का लक्ष्य प्राप्त

दूसरी नंदनी कृषक समृद्धि मिनी योजना जिसमें 10 स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों का क्रय प्रदेश के बाहर से किया जाएगा। जनपद को चार ईकाई स्थापित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना की अनुमानित कुल लागत 23 लाख 60 हजार रुपए है। जिसमें दो किस्तों में 11 लाख 80 हजार का अनुदान दिया जाएगा। पशुबाड़ा निर्माण हेतु 0.2 एकड़ एवं चारा उत्पादन हेतु 0.8 एकड़ भूमि का होना अनिवार्य है। तीन वर्षों के लिए पशु बीमा कराना अनिवार्य है। योजना का 15 प्रतिशत अर्थात 3.54 लाख रूपए लाभार्थी द्वारा 35 प्रतिशत अर्थात 8.26 लाख रुपए बैंक ऋण के रूप में एवं 50 प्रतिशत अर्थात 11 लाख 80 हजार रुपए अनुदान से प्राप्त होगा। गायों की नस्ल साहीवाल, गिर अथवा थारपारकर एवं उन नस्लों के मानक के अनुरूप दुग्ध उत्पादक होना अनिवार्य है। तीसरी योजना मुख्यमंत्री पशुपालक प्रोत्साहन योजना अंतर्गत हरियाणा, थारपारकर साहीवाल, गिर एवं गंगातीरी नस्लों की उच्च उत्पादक गायों को 10000 एवं 15000 रूपए की प्रोत्साहन धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। अधिक जानकारी एवं आवेदन करने हेतु निकटतम पशु चिकित्साधिकारी अथवा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अथवा उप दुग्धशाला विकास अधिकारी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# आज मंदिर में मदिरा पिए पुजारी इसलिए बुझ गए आरती के दिए

- जय मातेश्वरी समिति ने किया समाजसेवियों का सम्मान

**उरई(जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जय मातेश्वरी समिति के तत्वाधान में शनिवार को पूर्वजों की स्मृति में एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के बरिष्ठ चिकित्सक डा. केके गुप्ता वह उनकी पत्नी डा. संध्या गुप्ता एवं राइफल शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली कुमारी मुस्कान वर्मा का समिति के द्वारा सम्मान किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रदीप दीक्षित, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डा. प्रशांत निरंजन व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंडित यज्ञ त्रिपाठी ने मां सरस्वती का पूजन कर दीप प्रज्वलित किया।

इस अवसर पर नगर के चिकित्सक डा. केके गुप्ता तथा उनकी पत्नी डा. संध्या गुप्ता का एवं राइफल शूटिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली कुमारी मुस्कान वर्मा का समिति के अध्यक्ष प्रदीप दीक्षित ने शाल उड़ाकर तथा सम्मान पत्र भेंट कर सम्मान किया।इस अवसर पर अध्यक्ष प्रदीप दीक्षित ने कहा कि विगत कई वर्षो से वह चिकित्सा के क्षेत्र में समाज की सेवा में लगे चिकित्सकों का सम्मान करते आ रहे हैं। इसी कड़ी में आज नगर के वरिष्ठ चिकित्सक ऑर्थो सर्जन डा. केके गुप्ता व डा. संध्या गुप्ता का सम्मान किया गया उन्होंने कहा कि में प्रतिवर्ष एक राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी का भी सम्मान करुंगा। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ संरक्षक अविनिद्र सिंह जादोन,डा. रेहान सिद्दीकी, महेश द्विवेदी सर उपाध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता, सलिल तिवारी, कोषाध्यक्ष बाबूराम कौशल संयोजक वीरेंद्र तिवारी ने मुख्य अतिथि राजकीय मेडिकल कालेज के सीएमएस डा. प्रशांत निरंजन व विशिष्ट अतिथि डा.हरिमोहन पुरवार डा. सुभाष गुप्ता, नारायण हरि अवस्थी, दीपक पांडे का शाल उड़ाकर सम्मान किया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अपने पूर्वजों की स्मृति में मंच पर बैठे कवियों का शाल उड़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मान किया तथा अपने पूर्वजों के चित्र पर पुष्पांजलि की कवि सम्मेलन का शुभारंभ कवित्री रुचि वाजपेई ने वाणी वंदना पढ़कर किया शिकोहाबाद से आए गीतकार रविंद्र रंजन ने आज मंदिर में मदिरा पुजारी पिए इसलिए बुझ गए आरती के दिए गीत सुनकर श्रोताओ की खूब तालियां बटोरी भिंड से आए सुनील त्रिपाठी निराला ने हास्य गीत पढ़कर सभी श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। कोंच से आई कवित्री श्रीमती रितु चतुर्वेदी ने एक नजर में तेरी बावरी हो गई तेरे रंग में रंगी सांवरी हो गई सुना कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया अलीगढ़ से आए कवि वेद प्रकाश मणि ने हमारे पास जो भी धन दौलत है सब माता-पिता की बदौलत है। सुना कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया इसके अलावा अनिल शर्मा श्रीमती प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम डा. माया सिंह माया संकल्प तिवारी संतोष साहू ने भी अपना कविता पाठ किया अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार पंडित यज्ञ दत्त त्रिपाठी ने अध्यक्षी उद्बोधन किया। समिति के वरिष्ठ संरक्षक अवि निद्रनेंद्र सिंह जादोन व संयोजक वीरेंद्र तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन यदुवीर कंथारिया तथा हरनाथ सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर ताराचंद पालीवाल राकेश दीक्षित एडवोकेट संजीव दीक्षित एडवोकेट नेहा निरंजन एडवोकेट आलोक दीक्षित राजेश दिवोलिया पवन तितबिलासी रामू कौशल मनीष शर्मा महेंद्र भाटिया डा. संतोष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम मौजूद लोग

## अन्य फसलों की तरह ज्वार में भी लगा ग्रहण



**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।** लगातार भयंकर वारिश और जल भराव के आगोश ने सभी फसलों को तहस नहस कर नष्ट कर दिया है। किसान बुरी तरह से परेशान हो गया है। कुछ किसानों को अपनी ज्वार की फसल पर थोडा बहुत नाज था कि इस फसल का अधिक बारिश और जल भराव से ज्वार की फसल भी तहस नहस होकर नष्ट की ओर है। इस फसल से भी किसानों का भरोसा उठते नजर आ रहा है। फिलहाल कुछ भी कहा जाए किसानों के सामने विकट समस्या है।

# पटाखा चलाने को लेकर मारपीट में तीन घायल

- दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरूद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली पर घर के बाहर पटाखा चलाने को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज के बाद जमकर मारपीट हुई। इसमें तीन लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों से पीड़ितों ने एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम लाडपुर निवासी रिंकू दुबे पुत्र संतोष दुबे ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि परिवार के पिंटू दुबे 31 अक्टूबर की रात लगभग 08 बजे उसके दरवाजे पर पटाखा छुड़ा रहे थे। जब उसने मना किया तो पिंटू और उसकी पत्नी पूजा देवी ने उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। उसे बचाने आए भाई आशीष दुबे को भी मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। जबकि गांव के पिंटू उर्फ अखिलेश पुत्र राम नरेश दुबे का कहना है कि गांव के संतोष कुमार, राजीव, आशीष, राखी देवी 21 अक्टूबर की रात लगभग 08 बजे उसके दरवाजे पर आए और पटाखा छुड़ाने को लेकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। जबकि उसका गेट व बिजली का मीटर भी तोड़ दिया। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक दूसरे के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# जन आरोग्य मेले का रोगियों ने उठाया लाभ

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

रविवार को नगरीय स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डा. सोनू गौतम के नेतृत्व में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर चिकित्सकीय टीम के द्वारा 72 मरीजों का उपचार किया गया। टीम ने नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी गई।

चिकित्सालय परिसर में आयोजित साप्ताहिक मेले में पुरुष मरीजों की संख्या 28, महिलाओं 25 तथा19 बीमार बच्चों का उपचार किया गया। आए मरीजों को जागरुक करते हुए चीफ़ फर्मासिस्ट राकेश बघेल ने कहा कि बदलते मौसम में सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की बीमारी होने पर चिकित्सकों की सलाह पर इलाज करायें। उन्होने बताया कि मेले में सभी प्रकार की चिकित्सकीय सुविधा जनता को उपलब्ध कराई जाती है। मेले में मरीजों के हीमोग्लोबिन, बीपी आदि का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मेले में नीरज पाल, शालिनी बाजपेई, लैब टेक्नीशियन हिमांशु, ममता वर्मा आदि कर्मचारियों की सहभागिता रही। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशाल सचान तथा डा. गोपाल जी के द्वारा शिविर का निरीक्षण करके जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए गए। गैस पीड़ित रोगियों की संख्या 15 तथा चर्म रोग के 10 मरीजों का इलाज किया गया।


मेले में मरीजों का इलाज करती चिकित्सकीय टीम

## खबरें एक नजर में

### पटाखा छुड़ाते समय बालक झुलसा मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** ठठिया थाना क्षेत्र के पिपरौली गांव निवासी रीना अपने सात बर्षीय पुत्र चेतन के साथ भैयादूज के पर्व पर अपने मायके तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के वाहिदपुर गांव में आई थी। यहां पटाखा छुटाते समय उसका पुत्र चेतन उसकी चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। परिजनों ने आनन-फानन में उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उसका उपचार किया जा रहा हैं ।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर की इमारत हुई जर्जर, हादसे का डर

**माधौगढ (जालौन), समृद्धि न्यूज।** तहसील की ग्राम पंचायत कुंडऊ में आयुष्मान आरोग्य मंदिर जैतपुरा कुडऊ के नामित इमारत बनी हुई है। इमारत पूरी तरह से जर्जर हैं। दीवारें और लिण्टल कभी भी गिर सकते हैं। कभी भी बडा हादसा हो सकता है। इस संबंध में प्रधान कुंडऊ रामकुमार कुशवाहा का कहना है कि यह इमारत हमारी पंचायत में बनी है पर यह इमारत जैतपुरा की है। ऐसे हम कैसे इसके विकास का काम करें।

### सामुदायिक शौचालय ताले के हवाले

**माधौगढ (जालौन), समृद्धि न्यूज।** स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत ग्राम पंचायत कुरसेडा में सामुदायिक शौचालय तो बनाया गया है। पर सामुदायिक शौचालय में ताला लगने से लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। जबकि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी ने गांव गांव स्वच्छ भारत मिशन के तहत पहले तो घर घर शौचालय निर्माण कार्य हेतु धनराशि दी तो वहीं गांव गांव में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कार्य करवाकर स्वच्छता का संदेश दिया है।

### कुंडऊ सड़क मार्ग पर बना गहरा गड्ढा कब होगा ठीक

**माधौगढ (जालौन), समृद्धि न्यूज।** तहसील की ग्राम पंचायत कुंडऊ की ओर जाने वाले सडक मार्ग के शुरूआत में ही सडक मार्ग बुरी तरह से कटकर एक गडढ़े के रूप में गया है। जिस पर एक बार नहीं अनेकों बार सुधार के लिए कहा जा चुका है। पर सब बातें हवाई होकर रह जाती है। यह गडढा पूर्व में कुछ छोटा अब इस गडढ़े ने विकराल रूप ले लिया है। बताते चलें गोहन पंचायत से सटे इस सडक मार्ग पर घरों के गंदे पानी की निकासी न होने की बजह यह गंदा पानी सडक मार्ग पर भरकर गहरे गडढ़े के स्वरूप में हो गया वाहन तो छोडों पैदल आवागमन पूरी से ठप्प सा हो गया है। इस ओर शासन प्रशासन का कोई



# बहन को लेने आए भाई व उसकी मां को पीटा

- कोतवाली क्षेत्र के देवपुर्वा गांव का मामला
- भैयादूज के पर्व पर बहन को लेने मां के साथ आया था भाई

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के देवपुर्वा गांव में भैया दूज के पर्व पर बहन को लेने आए भाई व उसकी मां को बहन के ससुरालीजनों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल मां-बेटे को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मामले में घायल की पुत्री ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के कटरा बहसार गांव निवासी रामजी अपनी मां मीरा देवी के साथ देवपुर्वा गांव में अपनी बहन की ससुराल भैयादूज के पर्व पर बहन को लेने आया था। इस पर ससुरालीजनों ने उसको भेजने से इंकार कर दिया। जिसपर दोनो पक्षों में कहासुनी होने लगी। बाद में ससुरालीजनों ने मां-बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया। दोनो घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। उधर मामले में घायल की पुत्री शीला ने कोतवाली पुलिस का प्रार्थना पत्र दिया है।

# बहनों ने भाई के माथे पर तिलक लगाकर की दीर्घायु की कामना

**कोंच(जालौन), समृद्धि न्यूज।**

पांच दिवसीय प्रकाश महापर्व दिन रबिवार को भाई दूज के साथ पूरा हो गया कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया के दिन भाई बहन के आत्मीय व पवित्र रिश्तों से भरे भाई दूज त्यौहार पर बहनों ने भाइयों के माथे पर रोली अक्षत से तिलक कर लंबी आयु की कामना की वहीं भाइयों ने भी हर परिस्थिति में बहनों की रक्षा करने का संकल्प लेते हुए बहिनों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार उपहार भेंट कर उनकी चरण वंदना की भाई दूज पर्व को लेकर माना जाता है कि बहनें अपने भाई को तिलक करती हैं और उसे सूखा नारियल देती हैं यह दिन भाई और बहन के प्रेम के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इससे यमराज और उनकी बहन यमुना की पौराणिक कथा जुड़ी हुई है। स्कंद पुराण में भातृ द्वितीया यानी भाई दूज के बारे में बताया गया है कि कार्तिक शुक्ल द्वितीया के दिन यमुना ने अपने घर में पूजन करके भाई यम यानी यमराज का सत्कार किया था और अपने हाथों से भोजन बनाकर भाई को खिलाया था। भाई दूज के अवसर पर यमराज ने अपनी बहन यमुना को वरदान दिया था कि जो भी भाई यम द्वितीया के दिन अपनी बहन से टीका लगवाएगा और बहन के हाथों से बना भोजन करेगा उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहेगा। ऐसी मान्यता है कि आज के दिन जो भाई-बहन मथुरा में यमुनाजी के विश्राम घाट पर स्नान करते हैं। उन्हें अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है।


भाई को तिलक करती बहन

# पूर्वी बाईपास पर लग रहा घंटों जाम नहीं दिखा पुलिस प्रशासन

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भाई दूज के पावन पर्व पर परिवहन व्यवस्था भी रही चौपट पूरे दिन बाईपास पर लगा रहा लगातार जाम।

भाई दूज के पावन पर्व पर यहां एक और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की यात्रा फ्री की गई नई अधिकारी व कर्मचारियों की मिली भगत होने के कारण मार्गो पर बसों की संख्या घटा दी गई जिससे यात्रियों को प्राइवेट वाहनों का सहारा लेना पड़ा पूर्वी बाईपास व पश्चिमी बाईपास फरुखाबाद चौराहा पर टेंपो से सवारी ने आवागमन किया लगातार जाम लग रहा पुलिस प्रशासन नहीं दिखाई पड़ा जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया के सत्य निर्देशों के बाद भी चौराहा से 500 मीटर दूरी पर स्टैंड बनाने की परमिशन है लेकिन नियम कायदा को ताक पर रखकर प्राइवेट बसों ब टेंपो का संचालन चौराहा से ही किया जाता है परिवहन निगम बस स्टॉप पर कोई भी यात्री यदि पहुंच भी जाता है तो वहां मौजूद कर्मचारियों द्वारा बताया जाता है कि बाईपास पर गाड़ी मिलेगी यहां से कोई गाड़ी नहीं जाती है जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनता की सुविधा के लिए बस स्टाफ का पुनर्निर्माण कर कर जनता को सौगात दी गई थी अधिकारी व कर्मचारियों ने सौगात पर पानी फेर बस स्टॉप पर भाई दूज के अवसर पर आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां खड़ी रही आम चर्चा रही थी सरकार की योजना को कर्मचारियों द्वारा लगाया पलीता जा रहा है।



## रेलवे फाटक पर पूरे दिन वाहनों का रहा जाम



**समधन।** भैयादूज पर्व को लेकर रेलवे फाटक के दोनों ओर वाहनों का भारी जमावड़ा लगा रहा यातायात प्रभावित न हो इसके लिए पुलिस के जवान बराबर जुटे रहे। मलिकपुर स्थित रेलवे फाटक पर ट्रेन आवागमन होने पर जैसे गेटमैन की ओर से फाटक बन्द करने पर गुरसहायगंज व फर्रुखाबाद मार्ग पर भैयादूज पर्व को लेकर दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग जाने पर कई एम्बुलेंस मरीज को लेकर जा रही जाम मे फंस जाने से अफरातफरी का माहौल बन गया जिसको लेकर पुलिस को जानकारी दी गई समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह व रामाश्रम चौकी प्रभारी हरीश कुमार अपने पुलिस बल के साथ पूरे दिन यातायात प्रभावित न हो इसके लिए जुटे रहे। पुलिस ने कुछ छोटे वाहनों को मलिकपुर से अनीभोज मार्ग होते हुए समधन होकर निकाले गये। देर शाम तक सड़क पर वाहनों की भीड़ बनीं रहीं।

# शराब के लिए पैसे न देने के कारण मार पीट कर किया घायल

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सिकंदरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के मोहल्ला भगत सिंह नगर के निवासी में चौकी पर दिया प्रार्थना पत्र दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की कस्बा सिकंदरपुर के मोहल्ला भगत सिंह नगर निवासी शरद राठौर पुत्र प्रेम नारायण ने मोहल्ला के ही निवास आकाश व राज के खिलाफ अभियोग दर्ज करने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया जिसमें कहा गया है कि प्रार्थी गणेश लक्ष्मी की मूर्ति त्योहार पर लगाया था उक्त दोनों लोग आए शराब के लिए पैसे मांगने लगे मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया नशे की हालत में मूर्तियों को भी तोड़ दिया।

# पूर्व सभासद ने गोली मारकर की आत्महत्या, सुसाइड नोट मिला

- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल, तमंचा किया बरामद
- मृतक के पत्नी व बच्चे मुरादाबाद में रहते हैं, उनको सूचना दी गई

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


मृतक का फाइल फोटो


सुसाइड नोट पढ़ती पुलिस

नगर के पूर्व सभासद वृद्ध अशोक पालीवाल ने रविवार सुबह 315 बोर के तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तमंचा बरामद कर लिया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जटवारा निवासी अशोक पालीवाल उम्र 65 वर्षीय पुत्र महादेव प्रसाद पालीवाल के नौकर अनिल पुत्र हवलदार निवासी गंगा दरवाजा अलीगंज जनपद एटा कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा में किराये के मकान पर रहकर पालीवाल के यहाँ नौकरी करता है। रविवार सुबह अनिल ने मलिक अशोक पालीवाल को चाय देने के लिए कई बार फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा। जब उसने घर जाकर देखा तो आशोक पालीवाल की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। वह खून से लथपथ जमीन पर पड़े हुए थे और उनके हाथ में एक नाजायज तमंचा था। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पाते ही क्षेत्राधिकारी जयसिंह परिहार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामअवतार, कस्बा चौकी इंचार्ज नागेन्द सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँचकर जाँच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाये। नौकर ने बताया की मृतक की पत्नी शालिनी पालीवाल, बेटा श्रृषभ पालीवाल व मुस्कान वर्तमान में लगभग 16 वर्षो से मुरादाबाद में रहते हैं। अशोक वालीवाल घर में अकेला रहते थे। वहीं मृतक ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। जिसमें कहा है कि मैं अपनी हत्या का स्वयं जिम्मेदार हूँ। बीमारी से तंग आकर मैं आत्महत्या कर रहा हूँ। इसके लिए किसी को जिम्मेदार न ठहराया। जाये और मेरे शव का पोस्टमार्टम न कराया जाये। जल प्रवाहित कर दिया जाए। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# भाईदूज पर डग्गमार वाहनों की रही चॉदी, वसूले मनमाने दाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


डग्गामार वाहन से सफर करतीं महिलायें

भाईदूज के त्यौहार को लेकर डग्गामार वाहनों की चॉदी रही। डग्गामार वाहन चालकों ने सवारियों से मनमाने दाम वसूले। इसके साथ ही साथ सवारियां भी निर्धारित संख्या से ज्यादा भरकर पूरे दिन फर्राटा भरते नजर आये। वहीं आज अधिकारी भी नजर नहीं आये। जो इन वाहनों पर लगाम कस सके।

जानकारी के अनुसार रविवार को भाईदूज का त्यौहार होने के कारण रोडवेज परिवहन विभाग ने अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की थी, लेकिन थोड़ी बहुत दूर जाने वाली सवारियां बस से न जाकर डग्गामार वाहनों का सहारा लेती नजर आयीं।

डग्गामार वाहन चालक भूसे की तरह सवारियां भरकर पूरे दिन फर्राटा भरते नजर आये। इसके साथ ही साथ निर्धारित दाम से अधिक दाम वसूले। जिसने भी ज्यादा पैसे देने का विरोध किया, तो उसे रास्ते में ही उतार दिया। सबसे ज्यादा डग्गामार वाहन ठंडी सड़क पर दिखायी दिये। सवारियों ने इन वाहनों से कायमगंज, कम्पिल, उलियापुर, शुकरुल्लापुर व अन्य आसपास के गांव की यात्रा की। वहीं सवारियों का कहना था कि त्यौहार होने के कारण डग्गामार वाहन से सफर करना उनकी मजबूरी है। उनके सामने इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है।

# प्रसव के लिए सीएचसी पहुंची प्रसूता घंटों तड़पती रही

- काफी देर बाद पहुंची एएनएम ने पति से की अभद्रता

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**



कम्पिल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

प्रसव के लिए निजी वाहन से सीएचसी पहुंची महिला घंटों तड़पती रही। दो घंटे बाद पहुंची महिला स्वास्थ्य कर्मी ने महिला से अभद्र व्यवहार किया। प्रसव के बाद महिला के स्वजनों से बाहर से दवाई मंगाई।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गाँव बिल्हा निवासी अजब सिंह की पत्नी प्रीति को शनिवार रात प्रसव पीड़ा हुई। वह स्वजनों के साथ सीएचसी कंपिल आयी। रात में अस्पताल में सन्नाटा पसरा था।

सीएचसी पर मौजूद एएनएम रिंकी अपने आवास पर गयी थी। कुछ समय इंतजार के बाद अस्पताल पहुंची एएनएम रिंकी ने महिला के पति से अभद्र व्यवहार किया। बाहर से दवाई लाने को कहा। निजी मेडिकल से दवाई लाने के बाद रिंकी ने इलाज शुरू किया। प्रीति ने एक बच्ची को जन्म दिया है। जच्चा, बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। महिला के पति ने एएनएम पर 1500 रूपये वसूली का भी आरोप लगाया है। चिकित्साधिकारी डॉ0 शोभित शाक्य ने बताया कि मामला उनकी जानकारी मे नहीं है। लिखित शिकायत मिलने पर जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# भाईदूज पर जेल की सलाखें भी भाई-बहनों की नहीं मिटा सकी दूरियां

- सुबह से लाइन में लग गयी थीं बहनें, टोकन लेकर किया अंदर प्रवेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जेल के बाहर लगी बहनों की लाइन


जेल के अंदर भाइयों को दूज खिलातीं बहनें

भाई-बहन के अटूट और अनन्य प्रेम के प्रतीक भैया दूज पर्व जनपद में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही बहनें सज धजकर भाइयों के घर पहुंची और तिलक कर भाइयों के दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने बहनों को गिफ्ट दिये। वहीं भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का वचन दिया। ऐसा ही नजारा जिला कारागार व केंद्रीय कारागार में भी देखने को मिला। जहां सुबह से ही बहनों की लंबी-लंबी लाइनें जेलों के बाहर लग गयी थीं।

इस दिन को भाई-बहन के प्यार और विश्वास के रिश्ते के प्रतीक के रुप में मनाया जाता है। भाई दूज भाई बहन के प्यार के रिश्ते का खास दिन होता है। पौराणिक मान्यता है कि अगर बहनें भाई दूज के दिन शुभ मुहूर्त में भाइयों को तिलक करती हैं, तो भाइयों की उम्र लंबी होती है और भाई-बहन दोनों के जीवन में सुख समृद्धि का वास होता है। साथ ही भाई-बहन के रिश्ते में मधुरता आती है। रविवार को जिला कारागार के बाहर बहनों की लंबी-लंबी कतारें लगी देखी गयीं, क्योंकि वह भाईदूज के दिन जेल में बंद अपने-अपने भाइयों को राखी बांधने पहुंची थीं। सभी बहनों को टोंकन दिये गये थे। जिससे उन्हें कोई परेशानी न हो। जेल प्रशासन द्वारा भाईदूज त्यौहार के मद्देनजर जेल के अंदर टेबिल आदि की व्यवस्था की गयी थी। जिससे बहनों को कोई परेशानी न हो। बहनों ने भाइयों के तिलक कर उनकी दीघायु तथा जेल से जल्द से जल्द रिहा होने की ईश्वर से कामना की। वही कई बहनें भाइयों को देख भावुक हो गयीं। वहीं भाइयों ने भी अपनी-अपनी बहनों की रक्षा का वचन दिया। बहनों के आने का सिलसिला अपराह्न तक जारी रहा।

## घर में घुसकर की मारपीट व दी जान से मारने की धमकी

**जालौन, समृद्धि न्यूज।** बेटे के साथ हुई कहासुनी में आठ लोगों ने घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी संतोष कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के जीतू के साथ बेटे की कुछ कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश को लेकर जीतू अपने साथी अंकुश, विनोद, बृजेंद्र, महेंद्र, शीला, शशि देवी निवासीगण सालाबाद व कैलाश निवासी बाबई थाना पूंछ झांसी के साथ लाठी, डंडे लेकर जबरन उसके घर के अंदर घुस आए। वह घर में घुसकर बेटे रिशु और पुत्रवधू को पकड़कर बाहर घसीटने लगे और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब शोरगुल सुनकर मां रामजानकी व पत्नी मुन्नी देवी ने बचाना चाहा तो उनके साथ भी मारपीट की। जिसमें सभी लोग घायल हो गए। घर में मची चीखपुकार को सुनकर मोहल्ले के लोगों ने एकत्रित होकर उन्हें ललकारा तो वह सभी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पीड़ितों को चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ट्रेन से कटकर तीन गायों, एक बछड़ा सहित चार की मौत


क्षत विक्षत शवों को देखते ग्रामीण व पुलिस आदि

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव के पास गुमटी नंबर 138, 139 के बीच में सुबह लगभग 6.30 कानपुर बांद्रा एक्सप्रेस से तीन गायों सहित एक बछड़े की ट्रेन से कटकर मौत हो गई।

कानपुर बांद्रा एक्सप्रेस सुबह फर्रुखाबाद से होकर कानपुर के लिए जा रही थी। गेट कीपर ने बताया कि अचानक ट्रेन आ जाने से गाय और बछड़ा की कटकर मौत हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद कमालगंज थाना से रजत सिपाही और सचिन कुमार मौके पर पहुंचे तथा प्रधान बबलू ने जेसीबी बुलाकर कटी हुई गायों के क्षत विक्षत शव को ग्रामीणों की मदद से रेलवे स्टेशन की पटरी से हटवाकर जेसीबी के द्वारा जमीन में गड्ढा खुदवाकर दफन करवाया।

इस मौके पर गौ संरक्षक प्रदेश महामंत्री अब्दुल जब्बार, डॉ0 राघवेंद्र सिंह व राजकमल प्रधान, रामसेवक उर्फ बबलू हरिगिरि महाराज, राष्ट्रीय जिला अध्यक्ष गौ संरक्षक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने जुए के फड़ पर छापा मारकर नकदी सहित दो को दबोचा

- उप निरीक्षक ने दर्ज कराया मुकदमा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर दो जुआरियों को दबोच लिया, लेकिन लोगों की जुबान पर चर्चा है कि आखिर वो कौन शख्स था जो अवैध असलाह लहराकर रंगदारी में पचास हजार देने और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र की गंगा कटरी के गांव जैतपुर में मुखबिर की सूचना पर शमशाबाद थाना पुलिस ने छापा मारा। बताते हैं जैतपुर में स्थित एक विद्यालय के निकट निर्माणाधीन बाउंड्री जहां फड़ लगाकर जुआरी जुआ खेल रहे थे। उपनिरीक्षक द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के अनुसार शमशाबाद थाने के उपनिरीक्षक मिथलेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ मिर्जापुर बॉर्डर के निकट वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे। उसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी विद्यालय की बाउंड्री के निकट जुआरी जुए का फड़ लगाकर जुआ खेल रहे हैं। कुछ दूरी पर मुखबिर द्वारा इशारा देकर पुलिस को अवगत कराया, तो पुलिस ने मौके पर जाकर घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान दो आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों में संजू पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी जैतपुर की जामा तलाशी में 830 रुपए बरामद हुए। वहीं मुनेंद्र पुत्र नवाब सिंह निवासी उपरोक्त की जामा तलाशी में 970 रुपए बरामद हुए।

एक अखबारी कागज तथा ताश की गड्डी बरामद हुए। हालांकि पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के परिजनों को अवगत करा दिया। इसके बाद उपनिरीक्षक मिथलेश कुमार की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। स्थानीय लोगों में चर्चाये हैं विगत दिनों पूर्व यहां जुए के फड़ के पास एक ऐसे व्यक्ति को देखा गया था जिसके हाथ में नाजायज असलाह था। वह गाली-गलौज करते हुए 50,000/- रुपये की रंगदारी देने की मांग कर जान से मारने की धमकी दे रहा था। हालांकि उसका वीडियो भी वायरल हुआ था। अफसोस आखिर वह व्यक्ति कहां गया जो वायरल वीडियो में आम लोगों को जुबान पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

हालांकि शमसाबाद थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापामारी करके दो आरोपियों को नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया, लेकिन लोगों का कहना था आखिर वो व्यक्ति कौन था जो हाथों में तमंचा लहराकर रंगदारी की मांग कर रहा था, नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था। यह मामला नगर क्षेत्र की आम जनता की जुबान पर ख़ास चर्चा का विषय बना हुआ है।

## चार का शांतिभंग में चालान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव वलोखर निवासी सुनीता देवी पत्नी सौदान सिंह रविवार दोपहर लगभग एक बजे अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय गांव के ही अशोक कुमार से पूर्व में हुए विवाद को लेकर गाली-गलौज होने लगा। गाली-गलौज का विरोध करने पर दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। सुनीता देवी को बचाने आयी पुत्रवधू पत्नी देवेन्द्र सिंह के साथ भी मारपीट कर दी। मारपीट में सुनीता देवी चोटिल हो गई। थाना पुलिस को एक ओर से सुनीता देवी पत्नी देवेन्द्र सिंह व दूसरे पक्ष से अशोक कुमार ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने विवाद कर रहे मूलचन्द, अशोक कुमार व सतेन्द्र पाल व गांव मंझना निवासी टीटू का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# छठ पूजा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक से मिली पूर्वांचल विकास समिति


थाने में मौजूद समिति के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आगामी छठ पूजा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक से भेंट की। दरअसल प्रतिवर्ष की भांति छठ पूजा महोत्सव पांचाल घाट पर आयोजित होना है।

पूर्वांचल विकास समिति के अध्यक्ष केदार शाह के नेतृत्व में कमेटी के पदाधिकारियों ने थाना कादरीगेट के प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार से मुलाकात की। जिसमें उन्होंने आगामी 7 व 8 नबम्वर को होने वाले छठ महोत्सव के लिए पांचाल घाट पर सुरक्षा व्यवस्था की मांग की। केदार शाह ने बताया कि आगामी सात नवंबर को सूर्य को सांय कालीन अर्घ्य शाम 4 बजे व 8 नवंबर को सुबह 5.30 बजे प्रातःकालीन अर्घ्य दिया जायेगा। जिसमें गंगा तट पांचाल घाट पर बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं और उनके स्वजन एकत्रित होकर पूजा अर्चना करेंगे।

इस दौरान उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार झा, संयोजक शमीम अहमद खान, सचिव अजीत कुमार भट्ट, मुकेश कुमार, सदस्य बीबी सिंह सदस्य आदि रहे।

# अस्पताल में सिगरेट पीने का विरोध करने पर दबंगों ने की मारपीट व तोड़फोड़

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरकारी अस्पताल के चिकित्सक के घर पर चल रहे प्राइवेट अस्पताल में कुछ लोग बैगनार कार से आये और सिगरेट पीने लगे। विरोध करने पर दबंगों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट कर अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ की। सूचना मिलने पर पहुंचे चिकित्सक को उपरोक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।

मोहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉ0 शनी मिश्रा विगत काफी अरसे से मोहम्मदाबाद बेबर रोड पर अपने भवन में प्राइवेट अस्पताल चला रहे हैं। आज उन्होंने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया है कि उनके इस प्राइवेट अस्पताल में विगत 2 नवम्बर की रात लगभग 10 बजे मोहन दुबे, नीरज तिवारी, धीरज तिवारी निवासी भोजपुरवा सिकन्दरपुर जनपद कन्नौज अपने 3-4 अज्ञात साथियों के साथ सफेद बैगनार कार से आये और अस्पताल में सिगरेट पीने लगे। जब नाइट ड्यूटी में तैनात कम्पाउन्डर रजीत कुमार ने उन्हें टोंका, तो वह कम्पाउन्डर के साथ मारपीट करते हुए तोड़फोड़ करने लगे। दूसरे कम्पाउन्डर धीरज पाल ने जब मुझे फोन करना चाहा, तो उन्होंने उसका फोन छीन लिया।

अस्पताल में भर्ती एक मरीज की सूचना पर जब मैं अस्पताल पहुंचा, तो मुझे भी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

## जवाबी कीर्तन का आयोजन आज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कमल मंदिर के तत्वावधान में दिनांक 4 नवंबर 2024 को भव्य जवाबी कीर्तन कमल मंदिर चिकन वाली गली में संस्थापक पप्पू राठौर की अगवाई में उनके निवास के सामने होगा। कीर्तन में राजू रंगीला रायबरेली एवं पूनम आजाद हमीरपुर बांदा से आकर लोगों का उत्साहवर्धन करेंगे। गणपति बप्पा मोरिया कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश कुमार बाथम, प्रमोद कुमार मिश्रा प्रबंधक, अमित ठाकुर, आशु ठाकुर, विशाल राठौर, सुशील कुमार बाथम, कैलाश सिंह बाथम, कोषाध्यक्ष विनीत राठौर, रोहित कश्यप एवं समस्त नगरवासी के सहयोग से कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है।

# दीपावली पर कई एटीएम दे गये दगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


एटीएम से पैसे निकालता उपभोक्ता

दीपावली के त्यौहार को लेकर बैंकों की चार दिन की छुट्टी की गयी थी। जिससे उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उपभोक्ता एक एटीएम से लेकर दूसरे एटीएम की दौड़ लगाते देखे गये।

जानकारी के अनुसार दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर बैंकों की करीब पांच दिन यानि गुरुवार से रविवार तक की छुट्टी की गयी थी। जिसके चलते उपभोक्ताओं को पैसे को लेकर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

इस दौरान एटीएम भी जवाब दे गये। बद्री विशाल डिग्री के बाहर स्टेट बैंक के एटीएम से पैसे ही निकलने बंद हो गये। यहां पर जब कोई उपभोक्ता पैसे जमा करने आता, तभी एटीएम धारक पैसे निकाल सकता अन्यथा नहीं। ऐसा ही नजारा नगर के कई एटीएम पर देखा गया।

कई एटीएम की स्क्रीन पर तो मैसेज भी देखा गया कि कैश इस डिसपेंश, यानि कैश खत्म हो गया। कुल मिलाकर उपभोक्ताओं को कैश को लेकर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# बर्चस्व को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, लात-घूसे चले

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- पुलिस के आने की सूचना पर आरोपी मौके से फरार

कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर रविवार की दोपहर शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दलेलगंज में दो पक्षों के बीच उस वक्त जमकर मारपीट हो गई जब पूर्व रंजिश के चलते दोनों पक्षों के लोग अचानक एक दूजे के आमने सामने आ गए।

बताते हैं दोनों पक्षों के मध्य दीपावली के दिन विवाद हुआ था। विवाद में एक व्यक्ति द्वारा हस्तक्षेप किया गया था। परिणामस्वरुप दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज होने के साथ एक दूसरे को देख लेने की धमकी दी गयी थी। जानकार लोगों का कहना था कि पूर्व रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक नहीं चार गांव से तमाम युवक एकत्रित हुए थे। सभी के हाथों में लाठी-डंडे थे। ग्रामीणों की अगर माने तो कुछ दिन पूर्व एक पक्ष के लोगों में किसी बात को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों से वाद विवाद हो गया था।

शराब के नशे में हस्तक्षेप किए जाने के बाद मामला तूल पकड़ गया था और दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे को देखने की धमकी दी थी। रविवार की दोपहर अचानक दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और मुख्य मार्ग पर ही गाली-गलौज के बाद जमकर मारपीट हो गई।

बताते है इस मारपीट की घटना में जमकर लात-घूसे और लाठी-डंडे चले। मारपीट की घटना में कई लोगों के घायल होने की जानकारी दी गई। कुछ ग्रामीणों द्वारा मारपीट की सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर अराजकतत्व पुलिस का नाम सुनते ही एक दूसरे को देख लेने की धमकी देते हुए नौ दो ग्यारह हो गए। उधर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनीत कुमार यादव ने बताया रविवार की दोपहर अचानक दो पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और मुख्य मार्ग पर ही गाली-गलौज तथा मारपीट करने लगे। मारपीट के नजारे को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

लगातार बढ़ रही भीड़ को लेकर उन्होंने अनहोनी की आशंका जताते हुए स्थानीय पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया जैसे ही पुलिस को सूचना दी जैसे ही अराजकतत्वों को पुलिस के आने की सूचना मिली। वैसे ही आरोपी एक दूसरे को देख लेने की धमकी देकर फरार हो गए।

# बहनों ने भाइयों का तिलक कर की लम्बी उम्र की कामना

▶ धूमधाम से मना भाईदूज का पर्व

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया को यम द्वितीया या भाई दूज के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का विशेष महत्व है, क्योंकि इसे यमराज से मुक्ति का पर्व माना जाता है।

धार्मिक मान्यता है कि इस दिन यमराज अपनी बहन यमुनाजी के घर पधारे थे और उन्होंने अपनी बहन के प्रेम से प्रसन्न होकर यह वरदान दिया कि इस दिन जो बहन अपने भाई को प्रेमपूर्वक भोजन करवाकर तिलक लगाएगी, उसके भाई को यमराज का भय नहीं रहेगा। इस प्रकार यम द्वितीया भाई-बहन के प्रेम, सुरक्षा और सौहार्द का प्रतीक है।

इस परम्परा को आज भी निभाया जा रहा है। बहने इस पर्व को लेकर साल भर इंतजार करती है। वहीं भाईयों में भी भाईदूज मनाने का उत्साह रहता है। साल में एक बार या दो बार पूरे परिवार के साथ भाई-बहन एक साथ एकत्र हो पाते है। इसलिए इस पर्व का और भी महत्व बढ़ गया है। सनातन धर्म में मान्यता है कि भाईदूज व रक्षाबंधन यह दोनों पर्व भाई-बहन के प्रेमों से जुड़े हुए है। इसलिए इस त्योहार पर बहने अपने घरों में भाई के लिए अच्छे पकवान बनवाती है और स्वादिष्ट मिठाईयों के साथ अपने बड़े व छोटे भाईयों का तिलक कर मिठाई खिलाती है। इस पर्व पर भाई अपनी बहन को यह भरोसा दिलाते है कि हम हर सुख-दुख में तुम्हारे साथ है। बहनें भी इस त्योहार पर उत्साहित रहती है और अपने भाई की लम्बी उम्र की कामना करती है।

भाई भी खुश होकर अपनी बहन को उपहार देते है। कुछ भाई-बहन इस पर्व पर लड़-झगड़ कर भी एक होते है। आवास विकास में बेबी अनायशा ने अपने भाई मास्टर विराज गुप्ता को भाईदूज पर तिलक लगाकर मिठाई खिलायी।

वहीं नव्या भारद्वाज ने अपने भाई मयंक को तिलक लगाया और मिठाई खिलायी। मयंक ने अपनी बहन को मिठाई व उपहार में कपड़े व दक्षना देकर बहन के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं भोलेपुर सैनिक कालोनी में बहन वंशिका व दृष्टि ने अपने भाई ऋषि अगस्त्य को मिठाई खिलायी और तिलक लगाकर लम्बी उम्र की कामना की। मिस्टर फर्रुखाबाद हर्ष दुबे को उनकी बहन मोहिनी तिवारी ने भाईदूज खिलाकर अपने भाई को आशीर्वाद दिया। यह सिलसिला भाई-बहन के बीच देर शाम तक चलता रहा। अपनी सुविधा के अनुसार इस पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



अपने भाइयों को बहनें तिलक लगाकर खिलाती भाईदूज



ऋषि अगस्त्य को दूज खिलाती बहन दृष्टि

# भाईदूज पर रोडवेज बसों में रही खचाखच भीड़, हुई धक्का-मुक्की

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भाईदूज त्योहार पर बाजार में रौनक दिखी। वहीं घरों में उत्साह के साथ बहनों ने भाई के तिलक लगाकर भाईदूज खिलायी। वहीं आवागमन को लेकर रोडवेज बस स्टैण्ड पर पूरे दिन भीड़ रही। सुबह से ही बस स्टैण्ड पहुंचकर बहनों ने भाईदूज खिलाने के लिए प्रस्थान किया। विभिन्न मार्गों पर बसों का आवागमन रहा। रोडवेज परिसर में जैसे ही बस आती थी तो तुरन्त भर जाती थी। सवारियां पहले से ही बसों का इंतजार कर रही थी। सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 11 बजे तक खचाखच बसें भरकर विभिन्न जिलों के लिए रवाना हुई। इस बार शासन द्वारा रोडवेज बसों का किराया बहनों के लिए माफ न होने के कारण प्राइवेट बस स्टैण्ड पर भी खासी भीड़ दिखायी पड़ी। आगरा, कानपुर, लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर, बदायूं, एटा, मैनपुरी के अलावा अन्य जनपदों के लिए बसों की मारामारी रही। काफी देर तक भाई-बहनों को बसों का इंतजार करना पड़ा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस भी तैनात रही। धक्का-मुक्की के बीच सीट पर बैठने को लेकर कई बार सवारियां आपस में भिड़ गयी। दोपहर बाद भीड़ कुछ पड़ी और आसानी से लोगों ने सफर किया। सुबह से लेकर दोपहर तक सवारियों को बसों का इंतजार करना पड़ा। पूछताछ केंद्र प्रभारी ने बताया कि बसें पर्याप्त उपलब्ध है। त्योहार को लेकर सवारियां खूब निकली है। जिस बस का आधा घंटे में नम्बर आता था, त्योहार पर वह बस पांच मिनट से दस मिनट में रवाना की गई।



रोडवेज बस स्टैण्ड पर मौजूद सवारियां


# ब्रह्माकुमारी केंद्र पर धूमधाम से मना भाईदूज पर्व

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद केंद्र पर बड़े ही धूमधाम से भाई दूज का पर्व मनाया गया। भाई और बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शोभा बहन ने कहा कि भाई दूज का पर्व हमें भाई के रूप में परमपिता परमात्मा से जोड़ता है, क्योंकि हम सब भाईचारे के नाते आत्मिक रूप से भाई-भाई हैं। परमात्मा से हमारे सर्व संबंधों में से एक भाई का भी परम पवित्र संबंध है, यह पर्व सुंदर स्वर्गीय दुनिया में भाईचारे को दर्शाता है।

हम सब बहनों की शुभकामना है कि भाई की आत्मा ईश्वरीय सलाह पर चलती रहे। जिससे हमारा भैया सभी बुरी संगत से बचा रहे, बुरे कर्मों से बचा रहे हैं, धर्मराज की दर्दनाक सजाओं से मुक्त हो सके, भाई के जीवन में खुशहाली बनी रहे, यही भाई बहन के अटूट स्नेह प्यार को प्रकट करता है। इस मौके पर शोभा बहन ने तीन स्मृतियों का तिलक किया। स्वयं की स्मृति, श्रेष्ठ कर्म की स्मृति और ड्रामा की स्मृति का तिलक किया। दीदी ने रोली, चंदन, अक्षत, सेंट, फूल, आरती, पटका, बैज, स्लोगन वरदान अमृत और मिठाई से सबका मन मोह लिया।

इस मौके पर सुनील, गंगा सिंह, सुवालाल, रवि, रामशरण, कार्तिकेय, दीनदयाल, अजीत, गोपाल, देव कुमार शर्मा, हेमचंद्र, सत्यम, सुभाष, हुकुम सिंह आदि मौजूद रहे।



ब्रह्माकुमारी केंद्र पर भाईदूज मनाते भाई-बहन

# पूर्व छात्र सम्मेलन का रस्तोगी कालेज के शिक्षकों ने किया विरोध

▶ पूर्व छात्र किसी संस्था की विशेष पूंजी होते हैं, किसी व्यक्ति विशेष के नहीं यह कायक्रम पूर्णतया निजी हित में किया गया जिसका रस्तोगी कॉलेज के शिक्षकों ने विरोध किया : सुधाकर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

रविवार को रस्तोगी कॉलेज में रणवीर सिंह परिहार द्वारा अपने निजी स्वार्थ में अपने पूर्व छात्रों का सम्मेलन किया गया।

प्रवक्ता सुधाकर चतुर्वेदी ने कार्यक्रम का पुर्नजोर विरोध करते हुए कहा कि जो संस्था की दृष्टि से और जन सामान्य की दृष्टि से पूर्णतया गलत है, क्योंकि पूर्व छात्र किसी संस्था की विशेष पूंजी होते हैं, किसी व्यक्ति विशेष के नहीं यह कायक्रम पूर्णतया निजी हित में किया गया।

जिसका रस्तोगी कॉलेज के शिक्षकों ने विरोध किया, लेकिन फिर भी उन्होंने अपने द्वारा कुछ लोगों को बुलाकर कार्यक्रम किया। जिसमें रस्तोगी कॉलेज का कोई अध्यापक सम्मिलित नहीं हुआ। यह स्वयं दिखता है कि जिस संस्था में कार्यक्रम हो रहा है उस विद्यालय के अध्यापक भाग नहीं ले रहे हैं, स्पष्ट है यह कार्यक्रम किस लिए किया गया है, यह पूर्णता आभासित होता है। रणवीर सिंह परिहार रस्तोगी कॉलेज में पढ़ते थे उनका जीआईसी, रामानंद या भारतीय से क्या मतलब क्या वह ट्यूशन में अध्यापक रहे अपने को स्पष्ट करना चाहते हैं। वहीं रस्तोगी इंटर कालेज के अन्य अध्यापकों ने भी विरोध करते हुए कार्यक्रम का बहिष्कार किया और शामिल नहीं हुए।

## गंगा उत्सव कार्यक्रम आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पतित पावनी मां गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने की वर्षगांठ के अवसर डीएम के निर्देशानुसार जिला गंगा समिति के तत्वाधान में सोमवार को गंगा तट पांचाल घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, गोष्ठी, शपथ ग्रहण अभियान, घाट पर हाट कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल ने बताया कि लगातार पांचवीं वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष गंगा उत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाता है। कार्यक्रम में खेलकूद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रम विद्यालयों एवं अन्य स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को जिला गंगा समिति के ओर से पुरस्कृत किया जाएगा।



अंकुर चक को चुनाव प्रचार के लिए रवाना करते जिलाध्यक्ष

## डबल साइकिल वाले अंकुर चक करहल विधानसभा में करेंगे प्रचार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने स्टार प्रचारक डबल साइकिल वाले अंकुर चक को झंडा दिखाकर करहल विधानसभा के उपचुनाव हेतु रवाना किया। आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने अंकुर चक को झण्डी दिखाकर रवाना किया। अंकुर चक उप चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में प्रचार प्रसार करेंगे और डबल साइकिल का कमाल दिखायेगें। चन्द्रपाल यादव ने कहा कि जनपद के सभी नेता एक-एक दिन का समय निकालकर के करहल विधानसभा के उपचुनाव हेतु अवश्य पहुंचे। जिससे कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी तेज प्रताप सिंह यादव को जीत दिलायी जा सके। इस अवसर पर रामपाल यादव, निजाम अंसारी, अरुण कठेरिया, शीलू खान, अखिल कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### भाईदूज व दीपावली कार्यक्रम मंगलवार को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जय नारायन वर्मा रोड फतेहगढ़ शाखा द्वारा केंद्र पर 5 नवम्बर मंगलवार को भाईदूज व महादीपावली पर्व का आयोजन होगा। यह जानकारी केंद्र संचालिका बीके सुमन बहन ने दी है।

### आज निकलेगी नगर में गोवर्धन शोभायात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। 31वां गोवर्धन महोत्सव 2 नवम्बर से 4 नवम्बर तक सम्पन्न होगा। सोमवार 4 नवम्बर को नगर में गोवर्धन शोभायात्रा निकाली जायेगी। जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। संरक्षक महेन्द्र सिंह कुशवाहा, अध्यक्ष नरेन्द्र आर्य व महामंत्री दिलीप जैन के अलावा दुष्यंत सिंह तोमर, मोहन लाल शाक्य, राजू भारद्वाज, अवधेश वर्मा, बबलू कुशवाहा व्यवस्था देखेगें। गोवर्धन शोभायात्रा में झांकी होकी और लाइटों के साथ नगर में यात्रा निकलेगी। यह जानकारी अमन जैन ने दी है।

### नगर व ग्रामीण क्षेत्र में उल्लास के साथ मना भाईदूज का त्योहार

जालौन, समृद्धि न्यूज। रविवार को भाई बहिन के अटूट प्यार का त्योहार भाईदूज नगर व ग्रामीण क्षेत्र में उल्लास के साथ मनाया गया। बहिनों ने भाईयों का तिलक कर उनकी दीर्घायु की कामना की। दीपावली के तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष की यम द्वितीया को नगर व ग्रामीण क्षेत्र में भाईदूज का पर्व आंनद व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने भाईयों के मष्तिष्क पर हल्दी, रोली व चावल से टीका लगाया। टीका के बाद बहिनों ने भाई की आरती उतार कर ईश्वर से भाई की सलामती व दीर्घायु की कामना की।

# दो पक्षों के बीच विवाद को लेकर चले लाठी-डंडे

▶ बीच बचाव के लिए आई पुत्रवधू के साथ भी मारपीट

जालौन, समृद्धि न्यूज।

रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच विवाद में जमकर लाठी, डंडे चले। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गंभीर रूप से घायल महिला को झांसी रेफर किया गया।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गणेशजी निवासी कैलाश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले के ही शिवम उनसे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर विवाद करते रहते हैं। आरोप लगाया कि शनिवार की देर शाम शिवम अपने साथी सत्यम के साथ शराब के नशे में उनके घर के दरवाजे पर गाली, गलौज कर रहे थे। जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो शिवम ने मारपीट शुरू कर दी। जब वह घर के अंदर बचने के लिए घुसे तो पीछे से शिवम ने अपने अन्य साथी रिषभ, सचिन, सनी, मनोज, सुनील, प्रथम निवासीगण मोहल्ला गणेशजी व दो अन्य लोगों को बुला लिया और सभी हाथों में लाठी, डंडे, पत्थर व कुल्हाड़ी लेकर घर के अंदर घुस गए। उन्होंने वहां मौजूद उनके बेटे तरूण, धर्मेंद्र और बीच बचाव के लिए आई पुत्रवधू पूजा के साथ भी मारपीट की। जिसमें सभी लोग घायल हो गए।

गंभीर रूप से घायल पूजा को सीएचसी से झांसी रेफर किया गया। शोरगुल सुनकर जब आसपास के लोग पहुंचे तो वह जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पीड़ितों का मेडिकल कराकर सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर, दूसरे पक्ष से शिवम ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने साथी अभिषेक, प्रदुम्न, विकास व प्रथम के साथ घर में बैठकर गोवर्धन पूजा का पर्व मना रहे थे। तभी रंजिश को लेकर कैलाश, तरूण, धर्मेंद्र, आलोक व केशव निवासीगण मोहल्ला गणेशजी जबरन घर में लाठी, डंडे लेकर घुस आए और गाली, गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट में उन्हें चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पीड़ितों का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले को लेकर कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।


# आबकारी टीम ने लकूला में छापेमारी कर 120 लीटर लहन को किया नष्ट

▶ 30 लीटर कच्ची शराब बरामद, दो पर मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आबकारी आयुक्त के आदेश एवं जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आबकारी टीम ने ग्राम लकूला में दविश देकर 120 किलो ग्राम लहन बरामद कर नष्ट कर दिया। साथ ही 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर दो के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी जी0पी0 गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत रविवार को आबकारी निरीक्षक राजेश कुमार चौबे ने टीम के साथ संदिग्ध ग्राम लकूला में दबिश दी। इस दौरान मौके पर लगभग 120 किलोग्राम लहन बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही लहन को नष्ट कर दिया। इसके साथ छापेमारी के दौरान 30 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने दो अभियोग पंजीकृत किए है। आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा। इस छापेमारी से लकूला क्षेत्र में हड़कंप मच गया।



छापेमारी करती आबकारी टीम

# अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक सवार होमगार्ड घायल, साथी की मौत

▶ पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयांखेड़ा निवासी होमगार्ड दिनेश चंद्र पुत्र स्वर्गीय रामेश्वर दयाल उस वक्त एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया जब वह शाम के वक्त एक अन्य बुजुर्ग को बाइक पर बिठालकर फर्रुखाबाद ड्यूटी पर जा रहा था। बताया गया है फर्रुखाबाद नगर के मोहल्ला सलामत खां निवासी राजकुमार की रिश्तेदारी ग्राम कुइयांखेड़ा में है और वे अपनी बेटी के घर आए हुए थे। शाम के वक्त वो भी इसी बाइक पर सवार होकर फर्रुखाबाद जा रहे थे। कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर ग्राम दलेलगंज के निकट स्थित सामने से आ रही एक अनियंत्रित चार वहिया वाहन के चालक ने लापरवाही से चलाकर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दूर जा गिरे।

दुर्घटना से घबराये चालक ने कार को मोड़कर भागने का प्रयास किया। इसी दौरान बुजुर्ग पहिए के नीचे आ गया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से कार सहित फरार हो गया। उधर चीख पुकार की आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। भीड़ में कुछ लोगों ने दुर्घटना की सूचना शमशाबाद थाना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल की। इसी दौरान कुछ लोगों ने सूचना 108 नंबर पर कॉल कर एंबुलेंस को दी।

बताते हैं घायल होमगार्ड दिनेश चंद को कस्बा पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर किया गया, जबकि गंभीर रुप से घायल बुजुर्ग को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। उधर मौत की सूचना मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया।

आनन-फानन में घर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है गंभीर रूप से घायल होमगार्ड के परिजन वर्तमान में आगरा रिश्तेदारी में है। कुछ दिन पूर्व परिजन रिश्तेदारी में घूमने के लिए गए थे। घायल होमगार्ड के परिवार के लोगों को दुर्घटना की सूचना दे दी गई।




# घर में घुसकर बहन के साथ छेड़छाड़

जालौन, समृद्धि न्यूज।

घर में घुसकर भाई से शराब के लिए रुपये मांगने और न देने पर बहिन के साथ छेड़छाड करने शिकायत पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर की है। पीड़िता ने मामले की जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि एक नवंबर की शाम को वह अपने भाई के साथ घर के दरवाजे पर खड़ी थी। तभी वहां रापटगंज निवासी प्रिंस आया और भाई से शराब के लिए रुपयों की मांग करने लगा। यह देखकर वह व भाई दोनों घर के अंदर आ गए। पीछे से वह भी जबरन घर में घुस आया और रुपये न देने पर उसके साथ अश्लीलता करने लगा। जब भाई ने विरोध किया तो गाली, गलौज कर वहां से भाग गया। कुछ समय बाद वह अपने लगभग आधा दर्जन साथियों के साथ आया और भाई के साथ मारपीट कर दी। इसकी सूचना भाई ने डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस उसके भाई व एक अन्य युवक को कोतवाली ले गई। पीड़िता का आरोप है कि कोतवाली में उसके भाई के साथ मारपीट की गई और विपक्षियों से समझौता कराकर उसके भाई को छोड़ा गया। पीड़िता ने एसपी से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# एजूकेशन मूवमेंट सोसायटी ने भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

▶ प्रतिभागियों को 1200 रुपये की मिली स्कॉलरशिप

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

एजूकेशन मूवमेंट सोसायटी द्वारा रहमानी गर्ल्स इंटर कालेज में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में छात्रों में मोहम्मद अर्श और अब्दुल रहमान व छात्राओं में आमना खान व सदफ़ ने बाजी मारी। प्रतियोगिता में उम्मे कुलशुम, आरज़ू खान, अनमता खान व जुनियर वर्ग में अब्दुल रहमान, सफीया, जोया खान, उमर, आरिज़ अली, मोहम्मद हसन ने भाषण प्रतियोगिता में भी पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य सभा के संयुक्त सचिव व वक्फ बोर्ड के पूर्व सीओ ने कहा कि आज जरूरत है कि हम ज्यादा से ज्यादा शिक्षण संस्थानों को स्थापित करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि अगर हम सभी लोग एक-एक रूपया भी जमा करें। तो हम एक शिक्षा के लिए एक बहुत बड़ा योगदान कर सकते हैं। सर सैयद अहमद स्कालरशिप प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को बारह-बारह सौ रूपए, प्रमाण पत्र व मेडल वितरित किए गये। सोसायटी के कार्यवाहक अध्यक्ष सैयद रिजवान अली ने बताया कि सर सैयद स्कालरशिप में करीब पांच सौ बच्चों ने प्रतिभाग किया था। भाषण प्रतियोगिता में कमालगंज, शमसाबाद, कायमगंज, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद के बच्चों ने प्रतिभाग किया। रहमानी गर्ल्स इंटर कालेज के प्रबंधक हाजी मुजफ्फर हुसैन रहमानी ने बच्चों को शिक्षा हासिल करने के लिए और भी कालेज में कोर्स लाने की बात कही। मौलाना रूस्तम ने कहा कि बच्चों को शिक्षा देने से पहले हम सभी को अपने अंदर सुधार करने की जरूरत है। शमसाबाद से आये चमन जाफरी व नाहिद जाफरी ने भी बच्चों को दुनिया व दीनी तालिम हासिल करने पर ज़ोर दिया। भाषण प्रतियोगिता को सही रिजल्ट घोषित करने के लिए तीन जजों को भी नियुक्त किया गया। जिसमें मुजम्मिल सिद्दीकी, खालिद रूऊफ व असगर हुसैन ने भाषण प्रतियोगिता में सही रिजल्ट घोषित कर सोसायटी को सौंपा। सोसायटी के सदस्य नसर खालिद, शाहिद हुसैन, सोहेल फारूकी ने मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर अजीमुद्दीन फारुकी, खुर्शीद आलम खां, तौसीफ़ अली, फैसल हुसैन, जिशान अहमद, विलाल अहमद, राजेश यादव, फैज़ आलम आदि मौजूद रहे।




कार्यक्रम में सम्मानित होते छात्र-छात्रायें

# केक काटकर ऑल सोल्स मेमोरियल चर्च का मनाया गया 167वां स्थापना दिवस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

ऑल सोल्स मेमोरियल चर्च फतेहगढ़ का 167वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। दमोह मध्यप्रदेश से आये मुख्य वक्ता विशप डा0 हैरिस वाल्टर एवं रेव्ह स्टीफन मसीह, रेव्ह मनोज कुमार व पादरी किशन मसीह व एंथोनी स्कूली के प्रधानाचार्य फादर ने केक काटकर स्थापना दिवस मनाया। 167 साल पुराने इतिहास के बारे में ऑल सोल्स चर्च के सचिव रोजीशन विश्वासी ने विस्तार से जानकारी दी कि इस चर्च पर कई बार विरोधियों की नजर रही और तोड़ने का प्रयास किया गया। सभी लोगों की एकता के साथ चर्च को बचाया गया। वर्तमान में ऑल सोल्स चर्च अपने आप में एक इतिहास है। जो अंग्रेजी हुकुमत के दौरान इसका निर्माण हुआ था। पूरे देश के लोग इस चर्च में आये और माथा टेंका। क्रिसमस पर इस चर्च को विशेष रुप से सजाया जाता है और प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाता है। केक काटकर 167वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर रोहतानी विश्वासी, नीतू मसीह, विशाल धनी, सुरेन्द्र मसीह, कन्हैया लाल, संतोष मसीह, आरवी लूथर सहित बड़ी संख्या में मसीह समाज के लोग मौजूद रहे।



केक काटकर स्थापना दिवस मनाते विशप, पादरी व अन्य

मंत्री सोनोवाल ने असम मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के 78वें स्थापना दिवस पर कहा

# भारत 'विश्व गुरु' बनने की राह पर अग्रसर

एजेंसी

**डिब्रूगढ़ (असम)।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज असम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के 78वें स्थापना दिवस और डिब्रू कॉलेज के 62वें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए छात्र समुदाय को संबोधित किया।

सोनोवाल ने देश के शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यों पर प्रकाश डाला, जिसने भारत को 'विश्व गुरु' बनने की राह पर अग्रसर किया है। असम मेडिकल कॉलेज के युवा छात्रों से केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा, ÷समाज में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में किसी भी डॉक्टर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। यह बहुत गर्व की बात है कि असम मेडिकल कॉलेज की



समृद्ध विरासत आप सभी के सुरक्षित हाथों में है, ताकि इस सोच को आगे बढ़ाया जा सके और लोगों के जीवन को शारीरिक और मानसिक रूप से समृद्ध बनाया जा सके। कोविड के खतरे को कम करने के लिए डॉक्टर समुदाय के साथ-साथ हमारे वैज्ञानिकों की कुशलता बहुत जरूरी साबित हुई। जहां टीकाकरण ने लोगों को स्वस्थ किया, वहीं डॉक्टर समुदाय की निःस्वार्थ सेवा ने समुदाय को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एएमसी में आयोजित कार्यक्रम में असम सरकार के मंत्री बिमल बोरा, राज्यसभा सांसद रामेश्वर तेली, सदिया के विधायक बोलिन चेतिया, डिब्रूगढ़ नगर निगम (डीएमसी) के मेयर डॉ. सैकत पात्रा, एएमसी के प्रिंसिपल प्रोफेसर संजीव काकती, एएमसी की वाइस प्रिंसिपल डॉ. रीमा नाथ के साथ-साथ मोरान ऑटोनोमस कार्उंसिल के सीईएम अरुण ज्योति, असम गैस कंपनी लिमिटेड की उपाध्यक्ष इंद्रा गोगोई, भाजपा डिब्रूगढ़ के जिला अध्यक्ष उज्ज्वल कश्यप और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने आज यहां डिब्रू कॉलेज के 62वें स्थापना दिवस समारोह में भी भाग लिया। इसकी स्थापना जनता के सहयोग से की गई थी और अंततः यह क्षेत्र का अग्रणी कॉलेज बन गया।

**नैदानिक उत्कृष्टता में भारतीय डॉक्टरों की प्रतिभा शीर्ष पर**

केंद्रीय मंत्री ने कहा आज, जब नैदानिक उत्कृष्टता की बात आती है, तो भारत के डॉक्टरों की प्रतिभा शीर्ष पायदान पर है। चिकित्सा पर्यटन का तेजी से विकास इसका प्रमाण है। जबकि, हम समकालीन चिकित्सा पद्धति में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं, हमारी सदियों पुरानी पारंपरिक औषधीय प्रणालियों ने स्वास्थ्य और मन को स्वस्थ बनाने में कारगर सिद्ध किया है। दुनिया को भारत का सबसे बड़ा सॉफ्ट पावर निर्यात योग है, जो पूरी मानवता के स्वास्थ्य और मन को स्वस्थ बना रहा है। आज, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में, हम एक समग्र उपचार प्रदान करने और पूर्ण कल्याण प्रदान करने के लिए पारंपरिक चिकित्सा के सर्वश्रेष्ठ को आधुनिक चिकित्सा के साथ एकीकृत कर रहे हैं। विश्व स्तर के डॉक्टर और शोधकर्ता बनने के लिए हमारी प्रतिभा को समर्थन देने के लिए असम मेडिकल कॉलेज की विरासत को निखारा जाना चाहिए। बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए असम सरकार की 300 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता के अलावा, डिब्रूगढ़ लोकसभा के सांसद के रूप में, मैं निश्चित रूप से इस क्षेत्र में देखभाल और उपचार के अग्रणी केंद्र के रूप में एएमसी की क्षमता को बढ़ाने के लिए इसमें कुछ और जोड़ूंगा। एएमसी डिब्रूगढ़ का गौरव है, असम का गौरव है और पूर्वोत्तर का गौरव है। आप पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे और मानवता को ठीक करते रहेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से मेरिल के एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग सेंटर का किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत की प्रमुख ग्लोबल मेडटेक कंपनी मेरिल ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना के तहत मेरिल के अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्रभाई पटेल भी मौजूद रहे।

मेरिल मेडिकल उपकरणों का प्रमुख निर्माता और निर्यातक है। कंपनी ने मेक इन इंडिया के तहत उच्च गुणवत्ता वाले उपकरण बनाकर देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत किया है। इसके द्वारा भारत की विदेशों पर निर्भरता कम करने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान दिया जा रहा है। विवेक शाह, सीईओ, मेरिल ने कहा ÷हम



भारत की आत्मनिर्भर स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि को साकार करने के लिए पीएलआई योजना के तहत मान्यता प्राप्त होने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

यह नया केंद्र हमारे नवाचार और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिससे हम 150 से अधिक देशों में उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकते हैं। भारत और विदेश में स्थित 12 मेरिल अकादमियों के माध्यम से, हम शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध हैं, जिससे दुनियाभर के स्वास्थ्य पेशेवरों को सशक्त बना सकें। 2024 के वाइब्रेंट गुजरात समिट में मेरिल ने गुजरात सरकार के साथ एक एमओयू साइन किया है, जिसमें मेडिकल उपकरण क्षेत्र में 910 करोड़ रुपये का नया निवेश करने का वादा किया गया।


अब तक, मेरिल ने 1,400 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, जो भारत के मेडिकल टेक्नोलाजी क्षेत्र को विकसित करने में योगदान दे रहा है। नए निवेश से 5,000 नौकरियां पैदा होंगी और महत्वपूर्ण मेडिकल उपकरणों के आयात में कमी आएगी। पीएलआई योजना के तहत, मेरिल के चार समूह की कंपनियां जो स्ट्रक्चरल हार्ट, वेस्कुलर इंटरवेंशंस, ऑर्थोपेडिक्स, और एंडो सर्जरी में काम करती हैं, उन्हें शामिल किया गया है, जिससे आवश्यक उपकरणों का घरेलू उत्पादन हो सकेगा।

# प्रदेश में जल्द शुरू होगी मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना, हर माह 1000 रुपए देगी सरकार

एजेंसी

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार एक नई पहल करते हुए 'मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना' शुरू करने जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य विधवा, बेसहारा, तलाकशुदा महिलाओं और विकलांग माता-पिता को उनके बच्चों की शिक्षा और कल्याण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। उन्होंने रविवार को कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य दो विशिष्ट आयु समूहों को सहायता प्रदान करना है।

इस योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं और विकलांग माता-पिता को 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी खर्चों को पूरा करने के लिए 1000 रुपये का मासिक अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, स्नातक, स्नातकोत्तर,



डिप्लोमा या व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले बच्चों को ट्यूशन और छात्रावास का खर्च वहन करने के लिए भी सरकार वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षणिक और वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण विधवा और परित्यक्त महिलाओं को अपने बच्चों का पालन-पोषण करने में कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ये महिलाएं विशेष रूप से कमजोर हैं और उन्हें खुद का अस्तित्व बनाए रखने व अपने बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक नैतिक और वित्तीय सहायता की कमी है। इस योजना का उद्देश्य पारिवारिक स्तर पर बाल संरक्षण को सुदृढ़ कर बाल शोषण, तस्करी, बाल विवाह और मादक पदार्थों के दुरुपयोग जैसे अपराधों को रोकना है।

**किन्नौर में जल्द होगा हैलीपोर्ट का निर्माण : सुक्खू**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों के विकास और यहां के लोगों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की गई हैं। किन्नौर में एक हैलीपोर्ट का जल्द ही निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री शनिवार देर शाम को चार दिवसीय राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव किन्नौर के पारम्परिक संगीत, नृत्य और कला शैलियों का प्रतिबिंब है। मुख्यमंत्री ने किन्नौर की अनूठी परम्पराओं को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए वहां के लोगों की सराहना की।

## नेपाल के पूर्व उप-प्रधानमंत्री रवि लमिछाने के नाम एक और अरेस्ट वारंट

**काठमांडू।** देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लमिछाने के खिलाफ रविवार को एक और अरेस्ट वारंट जारी हुआ है। सहकारी घोटाला में पिछले 15 दिन से पुलिस हिरासत में चल रहे लमिछाने के नाम एक अन्य सहकारी घोटाले में यह अरेस्ट वारंट जारी हुआ है। सहकारी बैंकों के करोड़ों रुपये को गैर कानूनी ढंग से अपने टीवी चैनल में निवेश करने के आरोप में रवि लामिछाने इस समय पोखरा पुलिस की हिरासत में हैं।उनके खिलाफ सूर्यदर्शन सहकारी बैंक में किए गए घोटाले की जांच चल रही है। बुटवल पुलिस की डीएसपी लक्ष्मी खनाल ने बताया कि सुप्रीम सहकारी बैंक में जमा रकम को गैर कानूनी ढंग से अपचलन करने के कारण रवि लामिछाने के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया गया है। यह वारंट रुपंदेही जिला अदालत से जारी किया गया है। बुटवल पुलिस ने पोखरा पुलिस को रविवार को पत्र भेजकर रवि लामिछाने को सौंपने का आग्रह किया है।

# बांग्लादेश की खराब हालात के कारण विदेश यात्रा में गिरावट

एजेंसी

**ढाका।** शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद बांग्लादेश के खराब हालात और भारत के साथ उसके संबंधों की कड़वाहट का वहां के पर्यटन उद्योग पर गहरा असर पड़ा है। वहां की स्थिति को देखते हुए विदेशी पर्यटक आ नहीं रहे हैं, ऊपर से भारत सहित कई देशों ने वीजा नियमों में जो सख्ती की, उसका असर यह हुआ कि विदेशों की यात्रा करने वाले बांग्लादेशी यात्रियों की संख्या अचानक बहुत नीचे आ गई। इससे देश के टूर ऑपरेटर खासे निराश हैं और सरकार से जल्द इसका रास्ता निकालने की अपील कर रहे हैं।

बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र प्रोथोम आलो ने 123 आउटबाउंड टूर ऑपरेटरों के मंच, बांग्लादेश आउटबाउंड टूर ऑपरेटर्स फोरम के हवाले से बताया है कि टूर ऑपरेटरों का



80 प्रतिशत व्यवसाय विदेश यात्रा करने वाले पर्यटकों से आता है। बांग्लादेशियों के लिए भारत में वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिससे सबसे करीबी और पर्यटकों में लोकप्रिय भारत जाने वाले यात्रियों की संख्या में अचानक बहुत कमी हो गई। इसके साथ कई अन्य देश बांग्लादेश के राजनीतिक हालात को देखते हुए सख्त वीजा नियमों को जारी रखे हुए हैं। जिससे विमानन और पर्यटन व्यवसाय गिरावट के दौर से जूझ रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि बांग्लादेश में सरकार बदलने के बाद भारत ने आपातकालीन चिकित्सा वीजा को छोड़कर बांग्लादेश को वीजा जारी करना बंद कर दिया है।

## खबरें एक नजर में

**पाक में अक्टूबर में आतंकवादी हमलों में 198 की मौत, 111 घायल**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अलग-अलग आतंकवादी हमलों में अक्टूबर महीने में कुल 198 लोग मारे गए और 111 अन्य घायल हुये हैं। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) ने शनिवार को यह जानकारी दी। पीआईसीएसएस के मुताबिक अक्टूबर में आतंकवादी हमलों की कुल संख्या में मामूली कमी के बावजूद यह महीना साल का दूसरा सबसे घातक महीना बनकर उभरा। अगस्त में आतंकवादी घटनाओं में 254 लोग मारे गए थे और 150 अन्य घायल हुए थे।थिंक टैंक ने कहा कि पिछले महीने आतंकवादियों और सुरक्षा बलों की सबसे अधिक मौतें भी दर्ज की गईं, जिसमें लड़ाकों की हिस्सेदारी कुल मौतों में से 81 प्रतिशत थी। पीआईसीएसएस के आंकड़ों से पता चलता है कि अक्टूबर में 68 घटनाओं के साथ आतंकवादी हमलों में 12 प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन सितंबर की तुलना में कुल मौतों की संख्या में 77 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**मोदी ने वोत्सवाना के राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर डुमा को दी बधाई**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री डुमा बोको को बोत्सवाना का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर बधाई दी है और उनके सफल कार्यकाल की कामना की है। श्री मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा,卐बोत्सवाना के राष्ट्रपति के रूप में आपके चुनाव पर आपको बधाई। सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि 1966 में ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद से सत्ता पर काबिज 'बोत्सवाना डेमोक्रेटिक पार्टी' (बीडीपी) संसदीय चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा। यहां शुक्रवार को घोषित परिणामों में मुख्य विपक्षी दल 'अम्ब्रेला फॉर डेमोक्रेटिक चेंज' ने जीत दर्ज की और डुमा बोको दक्षिणी अफ्रीकी देश बोत्सवाना के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए।

**सिक्किम के बाद राजस्थान बन सकता दूसरा ऑर्गेनिक राज्य**

**जयपुर।** सिक्किम के बाद अब राजस्थान दूसरा ऑर्गेनिक राज्य बनने जा रहा है। ऑर्गेनिक राज्य के लिए राजस्थान के निवासी और सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ऑर्गेनिक दिशा में विशेष रुचि दिखा रहे है। ऑर्गेनिक खेती के लिए राजस्थान के किसान अधिक रुचि दिखा रहे है। इसके लिए राजस्थान के 25 किसानों को ऑर्गेनिक खेती के प्रशिक्षण के लिए निमंत्रण दिया गया है। ऑर्गेनिक खेती के प्रशिक्षण के लिए रविवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया गया। अखिल भारतीय गौशाला परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ अतुल गुप्ता ने बताया कि भारत के प्रथम जैविक राज्य के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर को शिष्टाचार भेंट कर सिक्किम में राजस्थान के किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण देने का आग्रह किया।

**तपेदिक उन्मूलन के प्रयासों में प्रगति को प्रधानमंत्री ने सराहा**

**नई दिल्ली।** तपेदिक उन्मूलन के लिए भारत के प्रयासों की महत्वपूर्ण स्वीकृति में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीबी की घटनाओं को कम करने में देश की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने एक पोस्ट ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2015 से 2023 तक तपेदिक को 17.7 प्रतिशत तक कम करने में भारत की उल्लेखनीय प्रगति की मान्यता को स्वीकार किया है। इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधान मंत्री ने इसे प्रशंसनीय प्रगति बताया और एक्स पर पोस्ट किया कि टीबी के मामलों में गिरावट भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम है। सामूहिक भावना के माध्यम से हम टीबी मुक्त भारत की दिशा में काम करते रहेंगे।

**दिल्ली में आयोजित होगा पहला एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में पांच और छह नवंबर को पहला एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) के सहयोग से किया जा रहा है। इस शिखर सम्मेलन का विषय एशिया को सुदृढ़ बनाने में बुद्ध धम्म की भूमिका है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

**ओवर ग्राउंड वर्कर गिरफ्तार, हथियार व गोला-बारूद बरामद**

**पुलवामा।** पुलवामा जिले के तहाब से सुरक्षाबलों ने एक ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) सज्जाद अहमद डार को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि 18 वर्षीय हिज्बुल मुजाहिद्दीन के दानिश बशीर अहंगर से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर यह गिरफ्तारी की गई है।

# टॉप 10 में शामिल छह कंपनियों के मार्केट कैप में 1.07 लाख करोड़ का इजाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई जोरदार उठा पटक होने के बावजूद देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 6 कपनियों के मार्केट कैप में इजाफा हो गया। दूसरी ओर, 4 कंपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आ गई। पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान 6 कंपनियों के मार्केट कैप में 1.07 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। दूसरी ओर, 4 कंपनियों के मार्केट कैप में 95,247 करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई।

जिन 6 कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई, उनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम के नाम शामिल हैं, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इंफोसिस के मार्केट कैप

**▸ चार कंपनियों के मार्केट कैप में 95 हजार करोड़ की गिरावट**

में पिछले सप्ताह के दौरान गिरावट दर्ज की गई। पिछले सप्ताह के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का मार्केट कैप 36,100.09 करोड़ रुपये बढ़ कर 7,32,755.93 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 25,775.58 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,10,686.85 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। भारतीय जीवन बीमा निगम का मार्केट कैप 16,887.74 करोड़ रुपये बढ़ कर 5,88,509.41 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 15,393.45 करोड़ रुपये बढ़ कर 18,12,120.05 करोड़ रुपये, आईटीसी का मार्केट कैप 10,671.63 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 6,13,662.96 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 2,537.56 करोड़ रुपये बढ़ कर 5,96,408.50 करोड़ रुपये हो गया।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में मामूली तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में गिरावट नजर आ रही है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज मामूली तेजी दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 80,550 रुपये से लेकर 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 73,850 रुपये से लेकर 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने के विपरीत चांदी के भाव में तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत बढ़ कर 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं ने सीखे जरदोजी सिलाई-कढ़ाई जैसे कौशल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माण्डवी फाउंडेशन ने गढ़ी कनौरा ऐशबाग में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं को जरदोजी सिलाई और कढ़ाई जैसे कौशल सिखाए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना व उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है, ताकि वे आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें।

कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने महिलाओं को जरदोज़ी सिलाई और कढ़ाई की बारीकियों के साथ-साथ फैशन और डिजाइनिंग से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। इस प्रशिक्षण से महिलाओं ने न केवल जरदोज़ी का हुनर सीखा, बल्कि उन्हें बाजार की मांग के अनुसार विभिन्न प्रकार की डिजाइनों का निर्माण करना



भी सिखाया गया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने इस पहल के प्रति अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। माण्डवी फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हों और समाज में अपनी पहचान बना सकें। इस प्रशिक्षण से वे घर पर रहकर भी काम कर सकती हैं और परिवार के आर्थिक सहयोग में भागीदारी कर सकती हैं।

इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं, जो न केवल महिलाओं के कौशल में सुधार करते हैं, बल्कि उनके जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाने में सहायक साबित होते हैं। समापन के बाद कार्यक्रम में भाग लेने वाली सभी महिलाओं को जलपान कराया गया और उपहार स्वरुप गिफ्ट दिया गया। कार्यक्रम में माण्डवी फाउंडेशन की टीम में मीनाक्षी देवल (मीना), सेनू गुप्ता, सोनी रावत, चांदनी पाण्डेय, सुधा शर्मा, जैसिका सिंह, साक्षी सिंह, आलोक त्रिपाठी, अंकित पाण्डेय, आलोक कश्यप, सचिन देवल, अमरेन्द्र सिंह, जय सिंह, वीर राठौर आदि ने कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

# कीवी टीम ने पहली बार भारत में जीती टेस्ट सीरीज

एजेंसी

**मुंबई।** न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट में भारत को 25 रन से हरा दिया है। टीम ने इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है। कीवी टीम पहली बार भारत में टेस्ट सीरीज जीती है। भारतीय टीम 24 साल बाद घर में क्लीन स्वीप हुई है। इससे पहले टीम इंडिया साल 2000 में 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में साउथ अफ्रीका के हाथों क्लीन स्वीप हुई थी। तीन या उससे ज्यादा टेस्ट मैचों की होम सीरीज में टीम इंडिया पहली बार क्लीन स्वीप हुई है।

बेंगलुरु टेस्ट मैच में भारत को आठ विकेट से और पुणे टेस्ट मैच में 113 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। भारत को 12 साल बाद सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम पहली पारी में 263 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को 28 रन की बढ़त मिली थी।



**न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज गंवाने के बाद डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर खिसका भारत**

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 3-0 से गंवाने के बाद भारत आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 चक्र में दूसरे स्थान पर खिसक गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड ने मुंबई में तीसरे और अंतिम टेस्ट को 25 रन से जीतकर पहली बार भारत को उसकी जमीन पर तीन या अधिक टेस्ट मैचों की टेस्ट सीरीज में वाइटवॉश किया। इस हार के साथ ही, भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में अपना शीर्ष स्थान खो दिया और दूसरे स्थान पर खिसक गया, साथ ही उनका अंक प्रतिशत 58.33 हो गया, जैसे-जैसे बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला नजदीक आ रही है, ऑस्ट्रेलिया अब 62.50 प्रतिशत अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान पर है। इस बीच, न्यूजीलैंड ने चौथा स्थान फिर से हासिल कर लिया है, जो उसने इस सप्ताह की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के हाथों बांग्लादेश को हराने के बाद खो दिया था। उनका अंक प्रतिशत 54.55 प्रतिशत है।

इसके जवाब में न्यूजीलैंड की दूसरी पारी 174 रन पर खत्म हुई। भारत के सामने 147 रन का टारगेट था। जवाब में टीम 121 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत की ओर से दूसरी पारी में ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 64 रन बनाए, जबकि न्यूजीलैंड की ओर से एजाज पटेल ने 6 विकेट लिए। एजाज ने मैच में 11 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर फिसला भारत इस हार के बाद भारतीय टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (ङ्खञ्जष्ट) के पॉइंट्स टेबल में नुकसान हुआ है। अब भारतीय टीम दूसरे स्थान पर फिसल

**भारत-न्यूजीलैंड के तीसरे टेस्ट का स्कोरबोर्ड**

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11 भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

**न्यूजीलैंड :** टॉम लैथम (कप्तान), डेवोन कॉन्वे, विल यंग, रचिन रवींद्र, डेरिल मिचेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, ईश सोढी, मैट हेनरी, एजाज पटेल, विलियम ओरूर्क।

**मैं एक कप्तान और बल्लेबाज के रूप में विफल रहा : रोहित**

**मुबंई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि कप्तान तथा बल्लेबाज के रूप में वह विफल रहे और इस हार को पचा पाना आसान नहीं है। रोहित ने कहा, 卐जाहिर तौर पर एक टेस्ट और श्रृंखला हारना कभी भी आसान नहीं रहता है। हमने अच्छी क्रिकेट नहीं खेली और हम इसे स्वीकार करते हैं।

## अगले सप्ताह स्विगी समेत पांच आईपीओ की लॉन्चिंग

**नई दिल्ली।** कल से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान 5 कंपनियां अपने आईपीओ के जरिए प्राइमरी मार्केट में दस्तक देने जा रही हैं। इनमें 4 कंपनियां मेनबोर्ड सेगमेंट की हैं, जबकि 1 कंपनी एसएमई सेगमेंट की है। मेनबोर्ड सेगमेंट की कंपनियों में स्विगी, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, एसीएमई सोलर होल्डिंग्स और सैगिलिटी इंडिया के नाम शामिल हैं। इसके अलावा इसी सप्ताह मेनबोर्ड सेगमेंट की कंपनी एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर की लिस्टिंग भी बीएसई और एनएसई पर होने वाली है। इस सप्ताह सबसे पहले सैगिलिटी इंडिया का 2,106.60 करोड़ रुपये का आईपीओ 5 से 7 नवंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। आईपीओ के तहत इसका प्राइस बैंड 28 से 30 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 500 शेयर का है। सैगिलिटी इंडिया के शेयर 12 नवंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। इसी तरह एसीएमई सोलर होल्डिंग्स का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 6 नवंबर को ओपन होगा और 8 नवंबर को इसकी क्लोजिंग होगी।

# सीनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप आज से, चेन्नई करेगा मेजबानी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सीनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप का 14वां संस्करण सोमवार को तमिलनाडु के चेन्नई में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में शुरू होने वाला है। 16 नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 31 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें आठ पूल में बांटा गया है। लीग चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने पूल की हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलेगी।

प्रत्येक पूल से शीर्ष टीम 13 नवंबर को क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी, उसके बाद 15 नवंबर को सेमीफाइनल और 16 नवंबर को फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान के लिए प्ले-ऑफ होगा। पूल ए में मौजूदा चैंपियन हॉकी पंजाब के साथ दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी और छत्तीसगढ़ हॉकी शामिल हैं। पूल बी में हॉकी हरियाणा, तेलंगाना हॉकी, हॉकी हिमाचल और हॉकी मिजोरम शामिल हैं। पूल सी में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी आंध्र प्रदेश और हॉकी अंडमान और निकोबार शामिल हैं। पूल डी में हॉकी कर्नाटक, हॉकी चंडीगढ़, हॉकी उत्तराखंड और त्रिपुरा हॉकी शामिल हैं। पूल ई में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा का मुकाबला ले पुडुचेरी हॉकी, हॉकी राजस्थान और हॉकी अरुणाचल से होगा। पूल एफ में उत्तर प्रदेश हॉकी, दिल्ली हॉकी, केरल हॉकी और हॉकी जम्मू और कश्मीर शामिल हैं। पूल जी में हॉकी झारखंड, हॉकी महाराष्ट्र, गोवा हॉकी और हॉकी गुजरात शामिल हैं। पूल एच में मणिपुर हॉकी, हॉकी बंगाल, हॉकी बिहार और असम हॉकी शामिल हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत कई मैचों से होगी, जिसमें उत्तर प्रदेश हॉकी बनाम केरल हॉकी और हॉकी कर्नाटक बनाम हॉकी उत्तराखंड जैसे कई रोमांचक मुकाबले शामिल हैं, जो एक रोमांचक चैंपियनशिप के लिए मंच तैयार करते हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने आगामी टूर्नामेंट के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम चेन्नई में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी करके बहुत खुश हैं, यह एक समृद्ध हॉकी विरासत वाला शहर है।